धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
ऑपरेशन सिंदूर
सुप्रभात | रांची, शनिवार 10.05.2025 बैशाख, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 293 | khabarmantra.net | * * नगर संस्करण। पेज : 12

# भारत अब फूल एंड फाइनल के मूड में

## पीएम मोदी ने की हाइलेबल बैठक : रक्षा मंत्री, डोभाल, सीडीएस, तीनों सेना प्रमुखों की मौजूदगी में बन रही रणनीति

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान की लगातार बढ़ती बेशर्मी से दोनों के बीच युद्ध जैसे हालात बन गये हैं। भारतीय सेना के साहसिक प्रयासों के आगे पाकिस्तान लगातार हार रहा है। बावजूद इसके पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा। भारत अब पाकिस्तान के खिलाफ फूल एंड फाईनल के मूड में नजर आ रहा है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार की शाम एक हाईलेवल बैठक में भावी रणनीति पर चर्चा की गयी। बैठक में तय किया गया कि देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया और



कहा कि वर्तमान सरकार हर चुनौती का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। बैठक में पीएम के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस और सभी सशस्त्र बलों के प्रमुख मौजूद थे। इसके पहले पीएम मोदी ने पूर्व सेना प्रमुखों से मुलाकात की और राष्ट्रीय सुरक्षा पर विस्तार से चर्चा की। चर्चा का फोकस सीमा पर बनी स्थिति, राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत की सामरिक तैयारियों पर रहा। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया और कहा कि वर्तमान सरकार हर चुनौती का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह बैठक ऐसे वक्त पर हुई है जब पाकिस्तान द्वारा किये गए ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद भारत की प्रतिक्रिया और भविष्य की रणनीति पर मंथन चल रहा था। हालात को लेकर पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों के दिग्गजों के एक ग्रुप से मुलाकात की।

## मुस्कुराते चेहरे सब कुछ बता रहे



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय में एक बेहद महत्वपूर्ण मीटिंग की। इस बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, तीनों सेनाओं के प्रमुख और रक्षा सचिव आरके सिंह भी मौजूद रहे। पाकिस्तान को उसकी हिमाकत का जवाब भारत केवल ड्रोन और मिसाइलों से नहीं बल्कि मुस्कुरा के भी दे रहा है। जिस पाकिस्तान को लगा कि वह हम पर पहले कायराना आतंकी हमला करके और फिर आम नागरिकों पर हवाई हमले की कोशिश करके डरा देगा, वह अपने हर मंसूबे में फेल होता दिख रहा है। भारत कमजोर नहीं, पहले से कहीं मजबूत और एक दुश्मन के खिलाफ एकजूट हो गया है। इसकी बानगी तस्वीर में दिख रही है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेना के अध्यक्ष की मीटिंग हुई तो उनके माथे पर कोई शिकन नहीं बल्कि चेहरे पर मुस्कुराहट थी। यह भारत के कॉन्फिडेंस को दिखाता है। बैठक में रक्षा सचिव आरके सिंह भी मौजूद थे।

## बेशर्मी पर उतरा पाकिस्तान, भारत को बदनाम करने कामर्शियल फ्लाइट जारी रखी

# जम्मू, पंजाब, राजस्थान समेत कई इलाकों में ड्रोन हमले का प्रयास, भारत ने सारे मार गिराये

एजेंसी

नयी दिल्ली। पाकिस्तान ने शुक्रवार रात को जम्मू, पंजाब, राजस्थान के कई इलाकों में एक बार फिर पाकिस्तान ने ड्रोन अटैट की साजिश की। सभी हमलों की को नाकाम करते हुए भारत ने मार गिराये। जम्मू, सांबा, पठानकोट के साथ-साथ इलाकों में आये पाकिस्तानी ड्रोन्स एयर डिफेंस यूनिट्स उन्हें तबाह करने में जुटी हैं। भारत ने भी युद्ध की आशंका को देखते हुए तैयारियां तेज कर दी हैं। सीमावर्ती इलाके हाई अलर्ट पर हैं। पूरे देश में सिक्योरिटी और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े सिस्टम की चूलें कसी जा रही हैं। जनता को जागरूक किया जा रहा है क्योंकि पाकिस्तान की फौज बेशर्मी पर उतर आयी है। ऐसे माहौल में अपने कामर्शियल फ्लाइट की आवाजाही शुरू रखी है। उसका इरादा है कि भारत पलटवार करे, जिससे लोगों को क्षति हो और भारत को बदनाम किया जा सके।



**फिरोजपुर में ड्रोन का मलवा गिरा :** पंजाब के फिरोजपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, यहां खाई फेमकी में 2 ड्रोन गिरने से अफरा-तफरी मच गयी है। बताया जा रहा है कि यहां एक घर में लाइट जलने के कारण ड्रोन गिरने से पूरा घर तबाह हो गया। 4 ड्रोन मिरा हरनूर गांव में फेंके है लेकिन सेना ने उसे नाकाम कर दिया, लेकिन लाइट चलने के कारण घर को निशाना बनाया गया। लोगों से खास अपील की जा रही है कि घर की लाइटें बंद रखें। पंजाब के गुरदासपुर के टिबरी कैंट से भी धमाकों की आवाज आयी। 13-14 धमाके एक साथ होने से हड़कंप मच गया है। हालांकि सभी ड्रोन मार गिराये गये। अटारी बॉर्डर तक सुनाई दे रही है, जहां सेवा की सैनिक छावनी है और बीएसएफ हेड क्वार्टर भी है। हालांकि अभी तक अधिकारियों की तरफ से इस मामले में पुष्टि नहीं की गई है। बठिंडा एयरबेस पर कॉम्बेट ड्रोन से की गयी थी अटैक की कोशिश, जिसे मार गिराया गया।

## पाकिस्तान ने पुंछ समेत कई सेक्टर में की भारी गोलाबारी

# मिला करारा जवाब, सात को मार गिराया

### नागरिक ठिकानों को बना रहा लगातार निशाना

**जम्मू-कश्मीर** के पुंछ और उरी सेक्टर में पाकिस्तान की सेना ने एक बार फिर से सीजफायर का उल्लंघन करते हुए भारी गोलाबारी शुरू कर दी है। दिगवार और करमाडा सेक्टर में पाकिस्तान की गोलाबारी से नागरिकों के घरों और वाहनों को भारी नुकसान हुआ है। पाकिस्तान की यह गोलीबारी लगातार जारी है और कई रिहायशी इलाके भी इसके निशाने पर आये हैं। फायरिंग के बीच भारत की सीमा में घुसने का प्रयास कर रहे सात घुसपैठियों को बीएसएफ के जवानों ने सांबा सेक्टर में ढेर कर दिया। साथ ही भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के कई सैनिक पोस्ट को उड़ा दिया।



**एसएच-15 155 मिमी से हमला :** भारत और पाकिस्तान के बीच जंग की स्थिति बहुत गंभीर हो गयी है। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास स्थित एसएच-15 155 मिमी स्व-चालित तोपखाने से भारतीय सेना पर हमला किया है। दोनों देशों के बीच सीमा पर स्थिति बहुत तनावपूर्ण बनी हुई है, और भारतीय सेना भी पूरी तरह से सतर्क है। घुसपैठियों को पाकिस्तानी रेंजरों की ओर से ढांढर पोस्ट से गोलीबारी का समर्थन मिल रहा था। ताकि वे भारत में दाखिल हो सकें।

## विदेश मंत्रालय ने खोली पाकिस्तानी करतूत की पोल, बोलीं कर्नल सोफिया

# अपने ही लोगों को ढाल बना रहा पाक

- पाक तुर्की के ड्रोन का कर रहा प्रयोग
- 36 जगहों पर 400 से अधिक ड्रोन से हमला किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच विदेश मंत्रालय तीन दिन के अंदर शुक्रवार को तीसरी बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया 8-9 रात पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के उद्देश्य से हमला किया। इतने बड़े ड्रोन हमले का मतलब ये था कि वे भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की ताकत का पता लगाना चाहते थे। ये ड्रोन तुर्किए के थे। भारत ने अधितर ड्रोन को नष्ट कर दिया। पाक ने 36 जगहों पर 400 से अधिक ड्रोन से हमले का प्रयास किया।

**अपनों को ही मौत के मुंह में डाला :** ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान इतना बौखलाया हुआ है कि उसको आम नागरिकों की भी फिक्र नहीं है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान ने नागरिक विमानों को ढाल बनाकर हमला किया। पाकिस्तान जिस समय भीषण ड्रोन हमले कर रहा था, उस समय उसने दमम से लाहौर के बीच फ्लाइट जारी रखीं। हमलों के बीच उसने एयरस्पेस को जारी रखा, जिसकी वजह से आम नागरिकों को नुकसान हो सकता था। कर्नल सोफिया ने तस्वीर के



जरिये पाकिस्तान की पोल खोली। दमम से लाहौर पहुंची फ्लाइट की पूरी डिटेल, टाइमिंग और रूट की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, उस मौके पर भारत ने आपा नहीं खोया और नागरिक विमानों को नुकसान नहीं होने दिया। यदि कुछ होता तो पाकिस्तान दुनिया भर में शोर मचाता कि भारत ने नागरिकों पर हमला किया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने अपना हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया, बल्कि उसे एक ढाल की तरह इस्तेमाल किया है। हमले के समय क राची और लाहौर जैसे बड़े शहरों में पैसेंजर प्लेन उड़ान भर रहे थे, जिससे आम नागरिकों की जान जोखिम में डाली गयी।

**सभी हमले नाकाम, पलटवार में भारी क्षति :** शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैश और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने गुरुवार के घटनाक्रम पर ऑफिशियल ब्रीफिंग दी। बताया गया कि पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों के सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, लेकिन भारत के एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 ने सारे हमलों को नाकाम कर दिया।

### पाक हमले में दो बच्चों की गयी जान

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पाकिस्तान ने भारी कैलिबर वाली तोपों और हथियारों से लैस ड्रोनों से नियंत्रण रेखा पर गोलाबारी की थी। हमले में दो स्कूली बच्चों की जान चली गयी। साथ ही चार जवान शहीद हो गये। भारतीय सेना ने जबरदस्त जवाबी कार्रवाई की और पाकिस्तान की सेना को भारी नुकसान पहुंचाया।




## सांसद ने नेशनल असेंबली में शहबाज की भारी बेइज्जती की, कहा

# बुजदिल हैं आप, मोदी का नाम तक लेने से डरते हैं

एजेंसी

रावलपिंडी। भारत की तरफ से जवाबी कार्रवाई में भारत के तगड़े प्रहार का असर अब पाकिस्तान की संसद में भी नजर आने लगा है। एक पाकिस्तानी सांसद ने अपने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को ही बुजदिल और गीदड़ तक बता दिया। पाकिस्तान के सांसद शाहिद अहमद खट्टक ने नेशनल असेंबली में कहा, भारत के रुख पर उनका (पीएम शहबाज शरीफ) का कोई बयान नहीं आया है। मुझे टीपू सुल्तान का वो बयान याद आ रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर एक लश्कर का सरदार शेर हो और उसके साथ गीदड़ हों, तो वो शेरों की तरह लड़ते



हैं। वहीं अगर शेरों के लश्कर का सरदार गीदड़ हो, तो वो लड़ नहीं सकते और जंग हार जाते हैं। इस वक्त बॉर्डर पर खड़ा हमारा फौजी ये उम्मीद रखता है कि हमारा नेता, जो हमारा चेहरा है, जो हमारी ताकत का आइना है, वो सियासी तौर पर भी उतना ही दमदार हो। वो दुश्मन से मुकाबला करने की हिम्मत रखें, लेकिन जब आपका वजीर-ए-आजम (प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ) बुजदिल हो और वो मोदी का नाम तक न ले पाये, तो आप सीमा पर लड़ने वाले जवान को क्या संदेश दे रहे हैं।

**रब हम सब की हिफाजत करे :** सांसद शाहिद अहमद खट्टक ने कहा हम अपनी कौम से कहते हैं कि सब मिलकर चलो और अपने रब से दुआ करो कि हम सबकी हिफाजत करें। गुरुवार को ही एक वीडियो वायरल हुई थी जिसमें, पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के एक सदस्य और सेना के पूर्व मेजर ताहिर इकबाल अपनी बात रखते हुए रो पड़े थे। पूर्व पाकिस्तानी मेजर ताहिर इकबाल ने नेशनल असेंबली में कहा था, हम अपनी कौम से कहते हैं कि सब मिलकर चलो और अपने रब से दुआ करो कि हम सबकी हिफाजत करें। इस मुल्क की रक्षा करें। ताहिर इकबाल ने कहा था कि अल्लाह ने चाहा कि पाकिस्तान बने और उन्होंने ही इस मुल्क को बनाया है। अब वही इसकी हिफाजत करेंगे। उन्होंने रोते हुए कहा था, अल्लाह, तू हमें माफ कर दे। हम तेरे सामने सर झुकाते हैं, माफी मांगते हैं और इसमें कोई दो राय नहीं है कि हम तेरे बड़े गुनहगार हैं।

## नवाज ने शहवाज से कहा

# भारत से तनाव कम करो

एजेंसी

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान का नागरिक और सैन्य नेतृत्व सैन्य संघर्ष के बीच भारत को जवाब देने पर जोर दे रहा है वहीं पूर्व पीएम नवाज शरीफ द्वारा नयी दिल्ली के साथ तनाव को कम करने के लिए अनौपचारिक संपर्क को मजबूत करने के प्रयास किये जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ ने सुरक्षा बैठक में अपने छोटे भाई तथा पीएम शहबाज शरीफ को भारत के साथ कूटनीतिक रूप से तनाव कम करने और समझदारी से काम लेने की



सलाह दी। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। नवाज शरीफ ने कहा, मैं (भारत के खिलाफ) आक्रामक रुख अपनाने के पक्ष में नहीं हूं। दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए लंदन से पाकिस्तान लौट आये हैं। हैं। वह पर्दे के पीछे से काम कर रहे थे।

दोनों देशों के बीच अनौपचारिक संपर्क को मजबूत करने के लिये वह बृहस्पतिवार को (बैठक में शामिल हो कर) सामने आये।

# सरकार शिबू सोरेन पुल का नाम बदल कर वीर बुधु भगत पुल करे : भाजपा

## डॉ. मुखर्जी का नाम हटाने पर विवाद, भाजपा ने बताया राजनीतिक नौटंकी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी का नाम बदलने को लेकर प्रदेश की राजनीति गर्मा गई है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस फैसले को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सरकार के इस कदम को राजनीतिक नौटंकी करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल एक देशभक्त महापुरुष का अपमान है। बल्कि राज्य के आदिवासी नायकों के सम्मान के साथ भी एक निष्ठाहीन खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए हुये है। ऐसे समय में झारखंड सरकार की यह ओछी राजनीति साबित करती है कि झामुमो को न तो देश की चिंता है और न ही झारखंड के आत्मसम्मान की परवाह। उन्होंने सरकार पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुये कहा कि जब मयूराक्षी नदी पर राज्य का सबसे बड़ा पुल बनाये तो उसका नाम आदिवासी नायक बाबा तिलका मांझी के नाम पर न रखकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पिता शिबू सोरेन के नाम पर रख दिया। इसी तरह धोती-साड़ी योजना को भी मुख्यमंत्री ने अपने दादा-दादी सोना सोबरन के नाम से जोड़ दिया। जबकि आदिवासी समाज के महानायकों को दरकिनार कर दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और वीर बुधू भगत दोनों को समान रूप से सम्मान देती है। उन्होंने राज्य सरकार के फैसले को इन दोनों महापुरुषों के विरुद्ध बताया और मांग की कि अगर झामुमो वास्तव में वीर बुद्धू भगत का सम्मान करती है, तो यूनिवर्सिटी का नाम बदलने का फैसला तुरंत वापस ले और उनके नाम पर एक नई लॉ यूनिवर्सिटी का नाम रखे। जिसका वादा सरकार पहले ही कर चुकी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार में हिम्मत है तो मयूराक्षी नदी पर बने शिबू सोरेन पुल का नाम बदलकर वीर बुधु भगत के नाम पर कर दिखाये।

# भाजपा आदिवासी नायकों के नाम पर कर रही ओछी राजनीति : विनोद पांडेय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो ने भाजपा पर आदिवासी नायकों के नाम पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाते हुये उसकी कड़ी निंदा की है। झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा एक ओर आदिवासी नायकों के सम्मान का ढोंग करती है। जबकि दूसरी ओर झारखंड की संस्कृति, इतिहास और आदिवासी अस्मिता को लगातार अपमानित करती रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को झारखंड के गौरवशाली आदिवासी नायकों के बलिदान और उनकी विरासत पर टिप्पणी करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने शासनकाल में जल, जंगल, जमीन को कॉरपोरेट घरानों के हवाले करने की साजिश रची और आदिवासियों की मूलभूत समस्याओं को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हु, तिलका



मांझी, वीर बुधु भगत जैसे आदिवासी नायकों ने औपनिवेशिक शोषण और सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया था। लेकिन, भाजपा ने अपने कार्यकाल में इनके आदर्शों को कुचलने का प्रयास किया। उन्होंने 2017 के भूमि अधिग्रहण संशोधन विधेयक का हवाला देते हुये कहा कि इस कानून के जरिए आदिवासियों की जमीन छीनने की कोशिश की गई।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने जैसे प्रतीकात्मक कदम उठाये। लेकिन, जमीनी स्तर पर आदिवासियों के हक में ठोस नीतियां बनाने में वह पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में आदिवासी बहुल सीटों पर भाजपा की करारी हार इस बात का प्रमाण है कि झारखंड की जनता उनके झूठे वादों को समझ चुकी है। पार्टी ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो ने आदिवासियों के हितों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि हम भाजपा के पाखंड को बेनकाब करते रहेंगे।

## खबर एक नजर में

### पेपर लीक के छह आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के अधीन संचालित संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा के पेपर लीक मामले जेल में बंद छह आरोपी जवानों को झटका लगा है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। सीआईडी के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत ने बीते तीन मई को याचिका पर सुनवाई प>ात आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने कविराज, रोबिन कुमार, अखिलेश कुमार, गौरव कुमार, निवास कुमार राय और अभिलाष कुमार को जमानत देने से इनकार किया है। आरोपियों ने पिछले महीने जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की थी। सभी आरोपी इंडियन रिजर्व बटालियन 8 के जवान है। सीआईडी ने आरोपियों को उक्त मामले में 25 मार्च 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से जेल में है। मालूम हो कि 21 सितंबर 2024 व 22 सितंबर 2024 को राज्य के सभी जिलों में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की गई थी। परीक्षा से पहले प्रतिभागियों को पेपर उपलब्ध कराने के नाम पर एक गिरोह के सदस्यों ने रुपये जमा करवाये थे। इससे लोगों के बीच पेपर लीक होने की अफवाह और संदेह फैल गया था। इसके बाद मामले की जांच सीआईडी को सौंपी गई है।

### पूजा सिंघल ने पासपोर्ट रिलीज करने के लिये दी अर्जी



**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में ट्रायल फेस कर रही आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा को बेटी का नामांकन विदेश में कराना है। दोनों ने अलग-अलग पासपोर्ट रिलीज करने की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर शुक्रवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। लेकिन, समय ले लिया गया। अगली सुनवाई की तारीख 20 मई निर्धारित की गई है। मिली जानकारी के अनुसार अगस्त महीने में नामांकन के लिये विदेश जाना है। अदालत की अनुमति के बाद ही देश छोड़ सकेंगे। मामले में पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी साक्ष्य प्रस्तुत कर रहा है। जबकि अभिषेक झा पर आरोप गठित किया जाना है।

### ईडी कोर्ट ने अमित अग्रवाल को भेजा जेल

**रांची।** शेल कंपनियों के नाम पर जीएसटी इंट्री कर करोड़ों रुपये के फर्जीवाड़ा कर उसका मनी लाउंड्रिंग करने से जुड़े केस में ईडी के हाथों गिरफ्तार जुगसलाई निवासी आयरन एंड स्पंज कारोबारी अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया को अदालत ने न्यायिक हिरासत में लेते हुये जेल भेज दिया है। ईडी ने जमशेदपुर के कारोबारी विक्की भालोटिया को गुरुवार को देर शाम गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे देर रात रांची लाया गया। जहां, उसे पीएमएलए जज के पास पेश किया गया। अदालत ने उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया है। मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ईडी उसे पूछताछ के लिये पुलिस रिमांड पर ले सकती है।

### तस्करी के दोषी को दस वर्ष कैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह की अदालत ने शनिवार को छह साल पुराने मादक पदार्थ तस्करी मामले में दोषी करार अभियुक्त दानिश उर्फ विक्की को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर भारी भरकम जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने उसे 5 मई को दोषी ठहराया था। कर्बला चौक निवासी दानिश को लोअर बाजार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 19 जुलाई 2019 को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। मामले में प्राथमिकी तत्कालीन पुलिस निरीक्षक सतीश कुमार ने प्राथमिकी दर्ज की थी। तलाशी में उसके पॉकेट से ब्राउन सुगर के 12 पुड़िया पुलिस ने बरामद किया था। जिसका वजन 5.525 ग्राम था। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी मनोज कुमार ने अनुसंधान पदाधिकारी बैजनाथ कुमार समेत अन्य की गवाही दर्ज कराई थी। इसके आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषी पाकर कठोर सजा सुनाई है।

### मंत्री सदिव्य से मिला आदिवासी छात्र संघ का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** शुक्रवार को आदिवासी छात्र संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मुलाकात कर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नामकरण अमर शहीद वीर बुधु भगत के नाम पर किये जाने पर उन्हें बधाई एवं आभार प्रकट किया। इस ऐतिहासिक निर्णय को लेकर छात्र संघ के प्रतिनिधियों ने कॉलेज परिसर में पारंपरिक तरीके से अबीर.गुलाल उड़ाकर व ढोल-नगाड़ा बजाकर हर्ष व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष संजय महली द्वारिका दास के अलावा अमनदीप मुंडा, महावीर उरांव, अमृत मुंडा, रामदयाल उरांव, कुलदीप साहू, अभिषेक राज, दीपिका कच्छप, दया राम, बादल भोक्ता शामिल थे।

### डीएसपीएमयू का नामकरण वीर बुधु भगत किये जाने का किया स्वागत

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय करने पर सीएम हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि साल 2024 के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में उन्होंने शून्य काल के दौरान सरकार के समक्ष ये मांग रखी थी। कैबिनेट का ये निर्णय कोल विद्रोह के महानायक वीर बुधु भगत का सम्मान है।

### आइसा ने डीएसपीएमयू का नाम बदल कर वीर बुधू भगत करने का किया स्वागत

**रांची।** शुक्रवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की ओर से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वीर शहीद बुधु भगत विश्वविद्यालय किये जाने पर पूरे उत्साह के साथ जश्न मनाया गया। कॉलेज गेट पर नारेबाजी की गई और दीवारों पर पोस्टर लगाकर इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया गया। आइसा के सदस्यों ने बताया कि यह सिर्फ नाम बदलने की घटना नहीं। बल्कि एक लंबी और निर्णायक जन आंदोलन की जीत है। आइसा लगातार इस मुद्दे को लेकर सड़कों पर आंदोलन करता रहा, सरकार को ज्ञापन सौंपा गया। झारखंड के महान शहीदों के सम्मान में विश्वविद्यालयों के नामकरण की मांग की जाती रही। संजना मेहता ने कहा कि वीर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बुधु भगत को लंबे समय तक उपेक्षित किया गया। रघुवर सरकार द्वारा रांची कॉलेज को अपग्रेड कर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय बना देना, झारखंड के इतिहास और शहीदों के सम्मान के साथ अन्याय था।


**AFFIDAVIT**

Series No. 23-24/UI...14183
I, Akshat s/o Amarjeet Kumar, resident of 2/D Dayanand Enclave Ashok Kunj, Doranda, Opposite Ashok Nagar, Gate No.3, Doranda, Ranchi, Jharkhand-834002 do hereby solemnly affirm and declare as follows:

1. That I passed class 10th from st. Thomas school Dhurwa, Ranchi being Roll No./Registration No. 1223286/031 Unique ID 7627078 in the year 2022.
2. That passing certificate was issued to me, which has been lost somewhere and was totally traceless inspite of my best efforts.
3. That I have not got admitted in any educational institution by that said passing certificate.
4. That the same certificate has neither been seized not rejected by any authority.
5. That I am in need of the said passing certificate of Class 10th in 2nd copy, hence it is necessary to take oath, hence this is correct.

sworn & signed on 8th May by AFFIDAVIT Ref. No. 91



व अदालत
प्रधान न्यायधीश, कुटुम्ब न्यायालय, रांची
ओरिजिनल सूट न० 800/2024

बुद्धदेव उरांव, उम्र 32 वर्ष, पिता मंगरा उरांव, पता ग्राम तारागड्डू, पोस्ट- गुनिया, थाना- घागरा, जिला-गुमला, झारखंड, वर्तमान पता ग्राम खिजरी, पोस्ट थाना+नामकुम, जिला- रांची, झारखंड 834010 ..... आवेदक

बनाम्

गीता कुमारी, उम्र 26 वर्ष, पति- बुद्धदेव उरांव, पिता कुज्जू उरांव, पता ग्राम- चुटियो, पोस्ट- बयासी, जिला- रांची, झारखंड ..... विपक्षी

नोटिस बनाम् :- गीता कुमारी, उम- 26 वर्ष, पति- बुद्धदेव उरांव, पिता- कुज्जू उरांव, पता ग्राम- चुटियो, पोस्ट- बयासी, जिला- रांची, झारखंड

चूं बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि वादी/आवेदक ने आपके विरूद्ध उपरोक्त अदालत में ओरिजिनल सूट न० 800/2024 धारा 27 (ब), विशेष विवाह अधिनियम, 1954 का मुकदमा दाखिल किया है, जिसने आपको नजारत एवं डाक के द्वारा नोटिस भेजा गया किन्तु आप उपरोक्त वाद में आप अभी तक उपस्थित नहीं हुए हैं।

अतः आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 20/05/25 को समय 10:30 बजे पूर्वाहन स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी गैर हाजिरी में मुकदमें की सुनवाई एकपक्षीय की जाएगी।

इसे सख्त ताकिद जाने
यह नोटिस अदालत के मुहर एक हस्ताक्षर से आज दिनांक 06/05/25 को जारी किया गया।


# झारखंड में सरकारी डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द

## स्वास्थ्य विभाग का फैसला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव और ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर आज झारखंड सरकार और खासकर स्वास्थ्य विभाग ने एक बड़ा निर्णय लिया है. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के बाद राज्य के सभी सरकारी डॉक्टरों की छुट्टी रद्द करने और राज्य भर में मिलिट्री कैंप या कैंटोनमेंट इलाके के नजदीक के स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिये हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड के डॉक्टर न केवल राज्य के नागरिकों की सुरक्षा के लिए बल्कि जरूरत पड़ने पर सीमा पर जाकर सेना के साथ खड़े होने के लिए भी तैयार हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आज की बैठक में लिए गए निर्णय

## सीमा पर जंग, झारखंड के डॉक्टर तैयार : डॉ इरफान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव और गोलीबारी की स्थिति में झारखंड सरकार ने एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने यह साफ कर दिया कि झारखंड का स्वास्थ्य महकमा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह युद्धस्तर पर तैयार है। उन्होंने कहा कि मैं पहले एक डॉक्टर हूं, बाद में मंत्री। एक डॉक्टर के नाते मेरा पहला फर्ज है कि लोगों की जान बचाना। इसलिये, मैंने यह फैसला लिया है कि अगर हालात गंभीर हुये, तो मैं खुद बॉर्डर पर जाऊंगा और अपने फर्ज. को निभाऊंगा। यह मेरी नैतिक और पेशेवर



ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत राज्य के सभी अस्पतालों, डॉक्टरों और चिकित्सा संसाधनों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सभी सिविल सर्जनों और सरकारी चिकित्सकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने कार्यस्थलों पर उपलब्ध रहें। सभी सरकारी डॉक्टरों की छुप्तियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं। इसके साथ ही, पहली बार राज्य सरकार ने सभी निजी अस्पतालों को भी चौबीसों घंटे सेवा में तैनात रहने का निर्देश दिया है। राज्य के कैंटोनमेंट और सीमावर्ती क्षेत्रों के अस्पतालों को विशेष बजट दिया गया है और अतिरिक्त मेडिकल स्टाफ, उपकरण व दवाओं की आपूर्ति सुनि>ित की जा रही है। ऑक्सीजन, जरूरी दवाइयों और ऑर्थोपेडिक सुविधाओं को भी विशेष रूप से तैयार रखा गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के डॉक्टर न केवल राज्य के नागरिकों की सुरक्षा के लिए बल्कि जरूरत पड़ने पर सीमा पर जाकर सेना के साथ खड़े होने के लिये भी तैयार हैं। यह केवल एक मेडिकल एडवाइजरी नहीं, बल्कि झारखंड की तरफ से राष्ट्र के लिए संकल्प है।

केवल एक मेडिकल एडवाइजरी नहीं है, बल्कि झारखंड की तरफ से राष्ट्र के लिए संकल्प है। हर जीवन की रक्षा, हर परिस्थिति में सेवा, यही हमारा मूल उद्देश्य है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र /सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–06/2025–.26 ,PR संख्या–351585(Building)24-25*D द्वारा प्रकाशित निविदा, ग्रुप सं0– 02 ,कार्य का नाम– Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Punai, Panchayat - Punai,Block- Daru Dist- Hazaribag (20360060602) को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 352060 Building(25-26)#D


# टेलर दुकान में चल रहा था अवैध जुआ का खेल, दो गिरफ्तार

## कोतवाली थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर की छापामारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कोतवाली थाना की पुलिस ने अवैध जुआ खेलाने के आरोप में दो अभियुक्त अफरोज(नूर नगर, पुरानी रांची) और मिनहाज अंसारी (हरमु हाईकोर्ट कॉलोनी, अरगोड़ा) को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने गिरफ्त में आये अभियुक्तों के पास से 64 सौ रूपये नगद , मोबाइल व जुआ से संबंधित दस्तावेज जब्त की है। इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि गुरूवार को पुअनि मीनकेतन कुमार को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली



थ्री कि कोतवाली थाना अंतर्गत बारुद चौक के पास एक टेलर दुकान में कुछ लोग आदमी लगाकर अवैध हुआ का खेल करवा रहे है।

जिसकी जानकारी वरीय पदाधिकारी को देते हुये पुलिस टीम आवश्यक कार्यवाही हेतू उक्त स्थान पर जब पहुंची तो पुलिस को देखते हुए वहां पर खेलने व खेलवाने वाले लोग भागने लगे । जिसमें पुलिस टीम के सहयोग से दो आदमी को पकड़ा गया है। पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने अपनी पहचान अफरोज (नूरनगर पुरानी, रांची) और मिनहाज अंसारी (हरमु हाई कोर्ट कलोनी, थाना- अरगोड़ा) जिला रांची के रूप में दी है। मौके पर दोनों के पास से माबाइल व नगद रूपये बरामद की गई है। मोबाईल चेक किया तो पाया कि दोनो मोबाईल में लोगों के साथ ठगी करने तथा जुआ खेलाने व जुआ सबंधित मिली है। उक्त स्थान से इनदोनों से जुआ ऑनलाईन जुआ खेलाने का कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया। जप्ती कर इन दोनों को गिरफ्तार किया गया है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI**
**Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002**

**Invitation of Proposal (e-procurement Tender Notice)**
**Letter of Invitation (LOI) No.-5/2025-26 (4th Call)**
**NATIONAL COMPETITIVE BIDDING**
**e-Tender Ref No–RCD/PID/RANCHI/5/2025-26 Date:-05.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for the Preparation of comprehensive plan for development /improvement of Road Network of Roads / Flyovers / Ring-Roads / ROB's / Bypass etc., under the State of Jharkhand. |
| 2 | Tentative Area | For entire State of Jharkhand - ( Area - Approx 80,000 Km$^2$ ) |
| 3 | Period of Completion of Work | 180 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Cost of Tender Document Rs 10,000/- (Ten Thousand only) Earnest Money Deposit Rs- 5,00,000/- (Rupees Five Lakhs only) **As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through eprocurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no 120 dated 03.10.2023.** |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publicationof Tender on Website | 13.05.2025,17:00 PM |
| 7 | Last Date/Time of Submission of Bid | 03.06.2025 12:00 Noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 04.06.2025 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division,RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |
| 11 | Advt. no. | PR 333555(Road) 24-25 (D) |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Executive Engineer, Planning & Investigation Division, Road Construction Department, Ranchi

PR 352050 Road (25-26)_D


# पुलिस ने वर्दी का रौब दिखा कर जानबुझकर बाइक में मारी टक्कर

## पीड़ित ने हाईकोर्ट में दायर की थी रिट याचिका, आनन-फानन में एक माह बाद अरगोड़ा थाना में दर्ज हुई प्राथमिकी

### 09 अप्रैल को कडरू ओवरब्रिज के पास घटी थी घटना

**विवेक राज**

**रांची।** झारखंड के डीजीपी व आला अधिकारियों का थाना स्तर के पुलिस पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि वह आम जनता से सम्मान जनक लहजे में बातचीत करें लेकिन मजाल है कि पुलिस अपनी कार्यशैली को बदलने का प्रयास करेगी। पुलिस को करना भी नही चाहिये क्यों कि वर्दी का रौब आखिर साहब लोगों को कैसे मालूम होगा। वर्दी का धौंस जबतक आम लोगों पर पड़ेगा नही तो आखिर उनकी पहचान बनेगी कैसी की वह रांची के दबंग पुलिसकर्मी हैं। इन्हें नही पहचाने की गलती करनेवाले लोगों को इसका खमियाजा भी भुगतना पड़ता है। इतना ही नही इन पुलिसकर्मियों से अगर कोई बहस कर दे तो उन्हें खमियाजा भुगतने की धमकी भी मिल जाती है। रांची में एक ऐसी ही घटना घटी है,जिसमें पीड़ित ने अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पीड़ित हाईकोर्ट में अधिवक्ता हैं।

**क्या है घटना**

अरगोड़ा थाना में दर्ज प्राथमिकी में धुर्वा क्षेत्र में रहनेवाले अविलाश कुमार ने बताया है कि 9 अप्रैल को करीब साढ़े



सात बजे शाम में वह अपना टीवीएस स्पोर्ट बाइक(जेएच01एफ क्यु-1336) को कडरू ओवरब्रिज के पास पार्क किया था। इसी दौरान अचानक एक पुलिस वाहन(जेएच01एफआर-7506) पहुंचा। इस दौरान सड़क में जाम लगा हुआ था। जिस पर पुलिस के बोलेरो वाहन पर सवार चालक ने हार्न व हूटर बजाना शुरू कर दिया। इसके बाद भी जाम नही खुला। जिस पर उसके सामने वाले ट्रक को ओवरटेक करने के लिये पुलिस ने बाइक पर टक्कर मार दी। पुलिस का वाहन का चक्का बाइक पर चढ़ा दिया गया। इस पर जब पुलिस वाहन पर बैठे पुलिसकर्मियों को रोकने की कोशिश की गई तो उल्टे पुलिस ने उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुये गंभीर परिणाम भुगतने व झुठे केस में फंसाने की धमकी देने लगे। इसी बीच जाम खुलते ही पुलिस वाहन भागने में सफल रही। मेरी बाइक को पुलिसकर्मियों ने जानबुझकर टक्कर मारी है।

### हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर होने पर दर्ज हुई एफआईआर

अधिवक्ता अविलाश कुमार ने बताया कि उन्होंने घटना की लिखित शिकायत जब अरगोड़ा थाना में करने पहुंचे तो थाने में प्राथमिकी दर्ज नही किया गया। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की थी। जिसमें हाईकोर्ट में 06 मई को सूची में रखा गया। हाईकोर्ट के द्वारा तीन दिनों के अंदर इस मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद अरगोड़ा थाना में आनन-फानन में पुलिस ने एक माह बाद इस मामले में एफआईआर दर्ज की है।

## शिफ्टिंग के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में पहुंचे विधायक, कहा-मानगो पेयजल परियोजना का पानी अस्पताल संचालन के लिए लेना असंभव

# एमजीएम अस्पताल के लिए डिमना लेक की पाइप लाइन से पानी ले प्रशासन : सरयू राय



>> अभी मानगो के लोगों को ही पूरी तरह नहीं मिल पा रहा है पानी
>> अस्पताल को नई बिल्डिंग में शिफ्ट करें पर पहले पूरी तैयारी कर लें
>> सतनाला डैम से अस्पताल को पानी की आपूर्ति की जाए

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि एमजीएम अस्पताल को साकची के पुराने भवन से डिमना चौक के पास बने नये भवन में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया में अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कराए कि अस्पताल को चलाने के लिए आवश्यक सारे इंतजाम वहां पर जितनी जल्द हो, कर लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा नहीं कि अस्पताल का स्थानांतरण नए भवन में हो गया और अस्पताल चलाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं वहां आधी-अधूरी रह जाएं। इसे ध्यान में रखते हुए ही अस्पताल के पूरा स्थानांतरण की समय सीमा तय होनी चाहिए। नए भवन में अस्पताल के संचालन में पानी की व्यवस्था नहीं होना सबसे बड़ी बाधा है। इस बाधा को दूर करने का मुकम्मल उपाय होना चाहिए। अस्पताल के नए भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के बीच में कुछ देर के लिए शामिल राय ने स्पष्ट रुप से अधिकारियों को बताया कि मानगो पेयजल परियोजना से फिलहाल अस्पताल संचालन के लिए पानी लेना संभव नहीं होगा। उनका तर्क था कि जितने पानी की व्यवस्था इस परियोजना में की गई है, उससे मानगो के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। कई क्षेत्रों में 10-15 मिनट के लिए पानी जाता है। कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां पाइप लाइन बिछाई गई है पर वहां पानी नहीं पहुंच रहा है। कुछ ऐसे क्षेत्र भी हैं, जहां एक दिन ही पानी आता है, दूसरे दिन नहीं। इसको ध्यान में रखते हुए नए एमजीएम भवन में अस्पताल चलाने के लिए पानी का वैकल्पिक उपाय किया जाना चाहिए। राय ने कहा कि या तो डिमना लेक से टाटा स्टील के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाने वाली पाइप लाइन से प्रशासन पानी ले और उसे साफ करने के उपरांत अस्पताल में आपूर्ति करे। दूसरा विकल्प यह हो सकता है कि डोबो स्थित सतनाला डैम से अस्पताल के लिए पानी की व्यवस्था की जाए। राय के अनुसार, बैठक में उपस्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मानगो पेयजल परियोजना में मानगो नगर निगम क्षेत्र में उपयोग करने के बाद पानी नहीं बच रहा है, जिसे अस्पताल या दूसरे अन्य कार्य के लिए दिया जा सके। समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने सूचित किया कि उन्होंने नए अस्पताल भवन के परिसर में दस डीप बोरिंग कराई है जिससे करीब 3 लाख लीटर प्रतिदिन पानी की आपूर्ति हो सकती है। एक नई योजना स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही है जिसमें स्वर्णरेखा से पानी खींच कर उसे अस्पताल परिसर में बने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक लाया जाएगा। यह योजना सितंबर 2025 तक पूर्ण हो जाने की उम्मीद है। राय ने उनसे कहा कि अस्पताल के विभिन्न विभाग का ओपीडी यहां पहले आ रहा है और पूरा अस्पताल को नए भवन में स्थानांतरित करने के लिए जो तकनीकी जरूरतें हैं, उसे पूरा किये बिना नए भवन में अस्पताल पूरी तरह संचालित नहीं हो सकता है। अस्पताल को पूरी तरह से स्थांतरित करने के पहले इसका परीक्षण हो जाना चाहिए ताकि यहां पर की गई सारी व्यवस्थाएं सुचारू रुप से काम कर सकें। उन्होंने कहा कि अभी तक दो-तीन महीने में जितनी व्यवस्थाएं होनी हैं, उसके लिए बोरिंग से मिल रहा पानी पर्याप्त है। इसलिए मानगो पेयजल परियोजना के लाभुकों का हक काट कर उनके हिस्से का पानी अस्पताल में लाने के बारे में सोचना अव्यवहारिक होगा। यदि अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन ऐसा सोच रहा है तो उन्हें अपनी सोच बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि मानगो पेयजल परियोजना का उद्देश्य मानगो के नागरिकों को पेयजल की उपलब्धता कराना है जो अभी तक पूरा नहीं हो पा रहा है। अभी तो बालीगुमा टंकी से पेयजलापूर्ति का काम भी आरंभ नहीं हुआ है। सिर्फ पाइपलाइन बिछा कर छोड़ दिया गया है। ऐसी स्थिति में मानगो पेयजल परियजना का पानी का इस्तेमाल अस्पताल में करना मुनासिब नहीं होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन अपनी सोच बदलेंगे। सरयू राय ने कहा कि यदि एमजीएम अस्पताल का पुराना भवन जर्जर हो चुका है और नया भवन बन कर तैयार होने के करीब पहुंचने के बाद भी वहां पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी है तो इसके लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। आग लगने के बाद कुआं खोदना इस सरकार की नीति बन गई है। इसी वजह से एमजीएम अस्पताल के पुराने भवन से अस्पताल को नए भवन में स्थानांतरितच करने में समस्या पैदा हो रही है। इसका स्थायी समाधान होना चाहिए। समीक्षा बैठक में आइएएस दीपांकर चौधरी, मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार, एमजीएम अस्पताल के प्राचार्य डॉ. दिवाकर हांसदा सहित अस्पताल के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी और एलएंटटी के अधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### राखा कॉपर, माइंस लीज नवीकरण को लेकर रूआम की जन सुनवाई टली

जादूगोड़ा। वर्ष 2001 जुलाई से बन्द पड़ी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट राखा कॉपर माइंस को 24 साल बाद चालू करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इधर शनिवार को राखा कॉपर स्थित तेतुलडागा में माटीगोंडा जनसुनवाई रखी गई है। जिसकी पुष्टि हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के एच आर अर्जुन लोहरा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि रूआम में शुक्रवार को होने वाली जनसुनवाईं को ग्रामीणों के एक संगठन द्वारा शर्ते रखी जाने की वजह से कुछ दिनों के लिए ग्राम सभा स्थगित की गई है। 13 मई को कुलामारा व इंचडा में राखा कॉपर माइंस की 98.932हेक्टेयर भूमि एफ आर ए 2006 के अनुसार जो वन भूमि क्षेत्र में है अनापति प्रमाणपत्र हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया जाना है।

### ओलीडीह स्क्रैप व्यापारी से रंगदारी मांगने के मामले में तीन गिरफ्तार



जमशेदपुर। जमशेदपुर पुलिस ने शुक्रवार को ओलीडीह थाना अन्तर्गत एक कारोबारी से रंगदारी तथा हवाई फायरिंग मामले का उद्भेदन कर 03 अपराधकर्मियों को घटना में प्रयुक्त 01 पिस्टल, 03 देशी कट्टा, 04 गोली के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गत 8.04.2025 को ओलीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत एक स्क्रैप कारोबारी से हथियार का भय दिखाकर रंगदारी की मांग की गयी थी इस दौरान रंगदारी देने से मना करने पर दुकान संचालक के उपर फायरिंग की घटना कारित की गयी थी। उक्त संदर्भ में ओलीडीह थाना में छापामारी दल के सहयोग से कांड में संलिप्त 03 युवकों को गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त हथियार (एक देशी पिस्टल तथा शेष बचे 04 जिंदा गोली) को बरामद किया गया। इसके अतिरिक्त छापामारी के क्रम में कांड के प्राथमिकी अभियुक्त रुपेश दुबे के पास से 03 अतिरिक्त अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया। रुपेश दुबे का पुर्व से अपराधिक इतिहास रहा है।

### विश्वकर्मा समाज के केंद्रीय कार्यकारिणी का चुनाव 11 को

जमशेदपुर। जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज का केन्द्रीय कार्यकारिणी का चुनाव 11 मई 2025 को गुप्त मतदान द्वारा किया जाएगा। जिसमें समाज के ही 1 अध्यक्ष ,2 उपाध्यक्ष,1 महामंत्री,2 सहायक महामंत्री और 1 कोषाध्यक्ष का चुनाव होगा। इन पदों पर कुल 16 सदस्यों ने नामांकन किए थे जिसमें 2 सदस्य अयोग्य घोषित किए गए। अभी अध्यक्ष पद पर दो सदस्य दिवाकर शर्मा एवं प्रदीप शर्मा के बीच मुकाबला होगा वहीं उपाध्यक्ष में जियुत शर्मा, जितेन्द्र शर्मा और संजय शर्मा ने अपना नामांकन किए हैं। वहीं महामंत्री सुजीत शर्मा और कोषाध्यक्ष अजीत शर्मा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। सहायक महामंत्री के लिए 7 लोग मैदान में हैं जिनमें दिपक शर्मा, बबलु शर्मा, अर्जुन राणा, जितेन्द्र शर्मा, राकेश शर्मा, राजकुमार शर्मा और मनोज शर्मा प्रत्याशी के रूप में खड़े हैं। उक्त जानकारी मुख्य चुनाव पदाधिकारी बृजनंदन प्रसाद, चुनाव पदाधिकारी बिरेंद्र शर्मा,शिव कुमार जी एवं मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक अरूण ठाकुर ने संयुक्त बयान जारी करते हुए बताएं। वहीं शांति पूर्ण चुनाव संचालन के लिए अनुमंडलाधिकारी, एसएसपी, डीसी एवं सितारामडेरा थाना प्रभारी से पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई है। जमशेदपुर में निवास करने वाले सभी विश्वकर्मा वंशियों से आग्रह है की समाज केन्द्रीय कार्यकारिणी के चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### विधायक पूर्णिमा ने दिलवायी लाभुकों को पेंशन की सौगात



जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू के प्रयासों का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। शुक्रवार को एग्रिको स्थित आवासीय कार्यालय में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निवास करने वाले दो सौ से अधिक बुजुर्ग, पुरुषों और महिला लाभुकों को विधायक पूर्णिमा साहू ने वृद्धा एवं विधवा पेंशन स्वीकृत प्रमाण पत्र भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। विधायक पूर्णिमा साहू ने इन लाभुकों के लिए स्वयं पहल करते हुए अपने कार्यालय में आवेदन एकत्र कर उन्हें अंचला कार्यालय भेजकर पेंशन स्वीकृति सुनिश्चित करवाई। प्रमाण पत्र मिलने के बाद अब लाभुकों के बैंक खातों में नियमित रूप से पेंशन की राशि आना शुरू हो जाएगी, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। इस अवसर पर विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि यह उनके लिए खुशी का अवसर है। बुजुर्ग हमारे समाज की नींव हैं। इनका जीवन सम्मानजनक और सुरक्षित रहे, यही मेरा प्रयास रहेगा। जब जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान देखती हूं तो लगता है कि मेरी कोशिशें सफल हो रही हैं। वहीं, सभी लाभुकों ने पूर्णिमा साहू के प्रयासों के प्रति आभार जताया।

# इंसान को अनुशासित व आत्मविश्वासी बनाता है स्पोर्ट्स : डी बी सुंदर रामम

## जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में समर कैंप 2025 की शुरूआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



प्रतिभागियों के साथ वीपी कारपोरेट सर्विसेज डीबी सुंदरामम और चीफ मुकुल चौधरी व अन्य।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के बहुप्रतीक्षित समर कैंप 2025 का शुक्रवार को आधिकारिक रूप से उद्घाटन जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक जीवंत उद्घाटन समारोह में हुआ, जिसमें टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष डी बी सुंदर रामम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पहले ही दिन उत्साही प्रतिभागियों की भारी उपस्थिति के साथ, कैंप ने आने वाले गर्मियों के लिए ऊर्जा से भरपूर माहौल तैयार कर दिया। फिटनेस, अनुशासन, रचनात्मकता और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए इस कैंप का आयोजन स्पोर्ट्स डिवीजन द्वारा किया जा रहा है और यह 30 मई, 2025 तक चलेगा। एथलेटिक्स, तैराकी, फुटबॉल, कराटे, मुक्केबाजी, योग और अन्य सहित 20 खेल और स्वास्थ्य विषयों में फैले इस कैंप में 4-6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए विशेष रूप से क्यूरेट किए गए सत्र भी शामिल हैं, जिसमें उन्हें बच्चों के जुम्बा, फुटबॉल और रोलर स्केटिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से मजेदार फिटनेस से परिचित कराया जाता है। इस वर्ष के शिविर में समावेशिता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसमें 40 विशेष बच्चे और मस्ती की पाठशाला के लगभग 60 बच्चे शामिल हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, माता-पिता और अभिभावकों के लिए समय-समय पर सहभागिता गतिविधियों की योजना बनाई गई है ताकि एक सहायक और उत्सवपूर्ण माहौल बनाया जा सके। अपने उद्घाटन भाषण में, सुंदर रामम ने आत्मविश्वासी, अनुशासित व्यक्तियों को आकार देने में खेलों के महत्व पर जोर दिया और शारीरिक गतिविधि को स्थिरता और सामाजिक जागरूकता के मूल्यों के साथ जोड़ने की पहल की सराहना की। इस वर्ष अपने प्रस्तावों के एक भाग के रूप में, शिविर सभी प्रतिभागियों को विशेष वाउचर वितरित कर रहा है: टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में 30% की छूट और निक्को जुबली पार्क में 40% की छूट। स्वास्थ्य के साथ तालमेल बिठाते हुए, प्रतिभागियों को पोषण और जलयोजन पर विशेषज्ञ के नेतृत्व वाले सत्रों से लाभ होगा, जो उन्हें उनके एथलेटिक और रोजमर्रा के स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए ज्ञान से लैस करेगा। बच्चों को एथलेटिक प्रशिक्षण के साथ-साथ आवश्यक जीवन कौशल प्रदान करने के लिए सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श, मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, और संधारणीय प्रथाओं पर जानकारीपूर्ण सत्रों की योजना बनाई गई है।

## एक नजर में

### एमवी प्रसाद ने 105वीं बार और प्रभुनाथ सिंह ने 82वां रक्तदान किया



**जमशेदपुर।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर एमवी प्रसाद ने अपना 20वां एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट) और 105बार नियमित रक्तदान कर कुल 125 बार दान की ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के एसडीपी प्रभारी प्रभु नाथ सिंह ने भी 46वीं बार एसडीपी दान कर अपना कुल 82वां रक्तदान पूरा किया, जिसमें 36 बार का नियमित रक्तदान शामिल है। इस अद्वितीय सेवा और समर्पण के लिए एम वी प्रसाद एवं प्रभुनाथ सिंह को संजय चौधरी (प्रशासक, जमशेदपुर ब्लड सेंटर) और विजय सिंह (सचिव, रेड क्रॉस सोसाइटी जमशेदपुर) की ओर से सम्मानित किया गया। दोनों ही व्यक्तियों का यह नि:स्वार्थ योगदान न केवल मानवता की सच्ची सेवा का प्रतीक है, बल्कि यह युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत है कि वे आगे आकर रक्तदान और प्लेटलेट दान जैसे कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान दें।

### क्षत्रिय महासभा ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर किया माल्यापर्ण



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री समरेश सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को साकची मरीन ड्राइव गोलचक्कर स्थित क्षत्रिय कुलभूषण, वीर शिरोमणि, मेवाड नरेश महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर प्रदेश संरक्षक चन्द्रगुप्त सिंह एवं आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह भी उपस्थित थे। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए समरेश सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का सारा जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है मुगलो के खिलाफ उनके लड़ाई में आर्थिक मदद करने के लिए दानवीर भामाशाह ने एक और जहां सब कुछ न्योछावर कर दिया वहीं कोल भील ने उनके सेनापति के रूप में अमिट छाप छोड़ी स्वयं महाराणा प्रताप ने भी सूखे घॉस की रोटी खाई पर अकबर के सामने कभी घुटने नहीं टेके। देश के आक्रनताओं के विरुद्ध हल्दी घाटी के मैदान में लड़ा गया उनका युद्ध इतिहास के पन्नो में हमेसा स्वर्णिम अक्षरों में लिखा रहेगा। इस मौके पर समरेश सिंह, चन्द्रगुप्त सिंह, कन्हैया सिंह, रवि प्रकाश सिंह, बलदेव सिंह, रौनक सिसोदिया, शुभम सिंह, विशाल सिंह, सुमंत सिंह, ललित सिंह, सुखदेव सिंह, इंद्रजीत सिंह, राजा सिंह, जय प्रकाश सिंह, रवि राजू, अंकित सिंह, श्रीकांत सिंह, संतोष सिंह, देवांशु शेखर, सदानंद सिंह, रवि शंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

### झारखंड प्रदेश वीरांगना ने दी महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** भारतीय इतिहास के महानायक महाराणा प्रताप के जन्मदिवस पर अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन महासभा की झारखंड प्रदेश इकाई ने जमशेदपुर में मैरीन ड्राइव स्थित महाराणा प्रताप की अमर प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेश वीरांगना की पदाधिकारी सरोज सिंह, पूर्वी सिंहभूम की जिलाध्यक्ष सुनंदा सिंह, सरायकेला की जिलाध्यक्ष शशिप्रभा सिंह, जमशेदपुर की जिला संगठन सचिव पूर्णिमा सिंह और उपाध्यक्ष प्रतिभा सिंह आदि उपस्थित थी।

### करणी सेना ने शौर्य दिवस के रूप में मनाई महाराणा प्रताप की जयंती



**जमशेदपुर।** मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती पर क्षत्रिय करणी सेना परिवार ने शौर्य दिवस के रूप में मनाई महाराणा प्रताप की जयंती। करणी सेना के पदाधिकारियों और सदस्यों ने साकची गोलचक्कर से महाराणा प्रताप चौक तक शौर्य यात्रा निकाल जय महाराणा और जय भारतीय सेना की जयकार लगाते हुए पहुंची माल्यार्पण करने। सभी ने महाराणा प्रताप की वीरता को याद करते हुए और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेते हुए पुष्प अर्पित किया और माल्यार्पण कर नमन किया,साथ ही करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष स्व विनय सिंह को याद कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर मौजूद करणी सेना के जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह महाराणा प्रताप ने दुश्मनों के आगे कभी गूठने नही टेके उसी प्रकार आज हमारी भारतीय सेना भी अपने दुश्मनों से लोहा लेते हुए कड़ा जवाब दे रही है। कार्यक्रम में मौजूद संजय सिंह, हरि सिंह राजपूत, रंजन सिंह, मोहित सिंह, मनोज सिंह, रोहित सिंह, कृष सिंह, अंकित सिंह, अभिषेक सिंह, पंकज सिंह, कमल सिंह, करण, राकेश, शुभम, हैप्पी, गगन, शशी व अन्य लोग मौजूद थे।

## क्षत्रिय समाज ने महाराणा प्रताप की जयंती पर किया 100 यूनिट रक्तदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** महाराणा प्रताप जयंती के पावन अवसर पर क्षत्रिय समाज संपूर्ण भारत द्वारा हर साल की तरह इस साल भी समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ब्लड डोनेशन में लगभग 100 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय, धर्मेंद्र सोनकर, कुणाल सारंगी, समीर मोहंती, मेनका सरदार, राकेश्वर पांडे, प्रिंस सिंह, बब्लू झा, शशी भूषण प्रसाद, संजीव श्रीवास्तव, दिवाकर सिंह, राणा प्रताप सिंह, परितोष सिंह, हरेराम सिंह, शंकर रेड्डी, एलबीसिंह, महावीर मुर्मू, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मृत्युंजय सिंह, शिवपूजन सिंह, राजीव सिंह,बंटी सिंह, कन्हैया सिंह, अरुण सिंह, राजेश सिंह राजू, बलदेव सिंह,गोल्डी तिवारी, सागर तिवारी, बंटी सिंह,अमित दुबे, रत्न महतो, पंकज सिन्हा, संतोष चौबे, दीपक रंजन सिंह, रिंकू सिंह, सुजाता सिंह, अजित सिंह मनोरंजन सिंह, रूपा गुप्ता, संजय गुप्ता, मनोज सिंह संजय सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, अनू रंजन सिंह, वकील सुधा सिंह, सोमैया थे।

## सेना पीओके छीने, पाक से बलूचिस्तान को अलग करे : सरयू

ऐसा करने से देश की जनता का आत्मविश्वास बढ़ेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने दो टूक कहा है कि अगर पूर्ण युद्ध की घोषणा हो जाती है तो भारतीय सेना को पाक अधिकृत कश्मीर न सिर्फ छीन लेना चाहिए बल्कि बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग कर देना चाहिए। ऐसा करने से देश की जनता का आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बलूच लोगों को शासन करने का अधिकार मिलना चाहिए। यहां भारतीय सेना के समर्थन में तिरंगा लेकर मां भारती और भारतीय सेना जिंदाबाद के जयघोष के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि 2014 के बाद और 2014 के पहले के माहौल में बड़ा अंतर है। 2014 के पहले लोगों के मन में डर था। 2014 के बाद, जब से मोदी सरकार आई है, इस सरकार ने जबरदस्त कड़ाई की है। सरयू राय ने कहा कि पाकिस्तान की सरकार उग्रवादियों को भारत में पहले भी भेजती थी, अब भी भेजने का प्रयास कर रही है लेकिन सीमा पर मुस्तैद हमारे जवान उन्हें ढेर कर दे रहे हैं। अब तो पाकिस्तान की सरकार अपने संरक्षण में सुरंग बना कर आतंकियों को भेजती है। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद पूरा देश एक पैर पर खड़ा है, एकजुट है। भारत की सेना पाकिस्तान को मुहतोड़ जवाब दे रही है।

## दिल्ली से रांची के लिए एक उड़ान आवश्यक : काले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/जमशेदपुर।** भाजपा प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने रांची के लिए दिल्ली से प्रतिदिन देर रात (लगभग 10 बजे) उड़ान शुरू करने हेतु प्रधानमंत्री कार्यालय एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पत्र लिखकर मांग की है। अपने पत्र में काले ने कहा है कि रांची एक उभरता हुआ प्रशासनिक, व्यापारिक और शैक्षणिक केंद्र बन चुका है और यहां बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। इसके बावजूद, दिल्ली से रांची के लिए कोई भी लेट-नाइट फ्लाइट उपलब्ध नहीं है, जो यात्रियों, व्यावसायिक वर्ग, चिकित्सा या आपात स्थिति में यात्रा करने वालों के लिए असुविधाजनक है। उन्होंने कहा कि पटना, भोपाल, लखनऊ जैसे कई शहरों को दिल्ली से देर रात की उड़ान की सुविधा प्राप्त है, लेकिन रांची अभी भी इस दृष्टिकोण से वंचित है।

काले ने विशेष रूप से जोर दिया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर शाम को आने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों के लिए भी रांची को जोड़ने वाली एक रात की फ्लाइट बेहद उपयोगी सिद्ध होगी। यह मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी के साथ, सभी का विकास की सोच और उडान की भावना से मेल खाती है। काले ने आग्रह किया है कि इस उड़ान को शीघ्र स्वीकृति दी जाए।

## साहस और स्वाभिमान का प्रतीक है महाराणा प्रताप का जीवन : सुधांशु ओझा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में मरीन ड्राइव गोलचक्कर स्थित महाराणा प्रताप चौक पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान कार्यकताओं ने 'महाराणा प्रताप अमर रहें' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। वहीं, कार्यकताओं द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन आदर्शों को स्मरण करते हुए राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, राजीव सिंह, रेणु शर्मा, पप्पू सिंह, कृष्णा शर्मा काली, प्रेम झा, सागर राय, बजरंगी पांडेय, अमित सिंह, उज्ज्वल सिंह, अनूप सिंह, मनोज सिंह व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रवीन्द्र नाथ टैगोर मौलिक चेतना के साकार रूप थे : प्रो मित्रेश्वर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जयंती समारोह में कुलाधिपति संग अतिथि व शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र।

**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला के सभागार में शुक्रवार को विश्वकवि गुरूदेव रविन्द्र नाथ टैगोर की 164वीं जयंती मनाई गई। रवीन्द्र नाथ का जीवन दर्शन, मनोभावना और साहित्यिक कृतियां विषय पर बांग्ला, इतिहास और राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि धाटशिला कॉलेज इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो मित्रेश्वर ने कहा कि रवीन्द्र नाथ टैगोर मौलिक चेतना के साकार रूप थे। उन्होंने जन जन से जुड़ने के लिए मैथिली भाषा में भानुसिंधे पदावली की रचना की। रवीन्द्र नाथ बांग्ला संस्कृति की पहचान हैं। यदि बांग्ला संस्कृति से रवीन्द्र नाथ टैगोर की रचना को अलग कर दिया जाए तो बांग्ला संस्कृति में कुछ विशेष नहीं बचेगा। उन्होंने देश को रवीन्द्रनाथ की देन को याद करते हुए कहा कि वे ब्रह्मा के पर्यायवाची हैं जिन्होंने समस्याओं के केवल देखा ही नहीं बल्कि उसका समाधान भी किया। प्रो मित्रेश्वर ने कहा कि गुरूदेव की रचनाओं में आनन्द प्राप्ति का भाव है जो ज्ञान प्राप्ति से ही संभव है। उन्होंने कहा कि अर्थकारी शिक्षा अनर्थकारी होती है। प्रो मित्रेश्वर ने कहा कि रवीन्द्रनाथ के सपनों का हिंदुस्तान बनना चाहिए। आजादी के बाद देश ने रवीन्द्र नाथ टैगोर के शिक्षा संबंधी दर्शन को भुला दिया। सोना देवी विवि के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ने इस मौके पर कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती के साथ ही हमें महान सेनानी महाराणा प्रताप की जयंती मनाने का अवसर प्राप्त हुआ है। महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर आज का दिन शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता ह। महाराणा प्रताप ने अपना जीवन देश के लिए बलिदान कर दिया। सिंह ने भारत पाकिस्तान के बीच हो रहे संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि देश का नेतृत्व कुशल हाथों में है और हमें अपनी सुरक्षा के लिए हर स्तर पर सर्तक रहना है। हमे देश की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने के लिए तैयार रहना है। सोना देवी विवि के कुलपति डॉ जे पी मिश्रा ने कहा कि विश्वकवि टैगोर ने वसुधैव कुटुंबकम की बात कही। वे प्रकृति प्रेमी थे और महात्मा गांधी से उनका गहरा संबंध था। सोना देवी विवि के कुलसचिव डॉ गुलाब सिंह आजाद ने रवीन्द्र नाथ टैगोर की रचनाअें के बारे में कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलने की कोशिश करें।

### स्पीड न्यूज

## बैंकर्स जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक संपन्न



मेदिनीनगर। बैंकर्स जिला स्तरीय समीक्षा समिति/ परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पलामू जिला सांसद प्रतिनिधि बिजय ओझा ने प्रधानमंत्री रोजगार लोन, मुद्रा लोन, केसीसी लोन शत प्रतिशत लोगों को इसका लाभ मिले इसे सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि बैंक शाखाओं की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रतिनिधि ओझा ने कहा कि रामगढ़ प्रखंड में सांसद के प्रयास से एसबीआई बैंक के शाखा खुले तीन वर्ष हो गया परंतु अभी तक उस बैंक से लेन-देन की सुविधाएं नहीं मिल पायी है। उन्होंने कहा कि बैंक खोलने का कोई मतलब नहीं हुआ। बैठक में बैंक को अविलंब लेन देन प्रारंभ करने को कहा गया कि जिसे बैठक में पास किया गया।

## विश्वविद्यालय निर्माण के लिए भूमि पूजन पांच जून को



तरहसी पलामू। पलामू जिला अंतर्गत रेहला थाना की तोलरा गांव में प्रकृति विश्वविद्यालय के भवन निर्माण हेतु 5 जून को भूमि पूजन होगी, इसी दिन पर्यावरण दिवस भी मनाया जाएगा। इस आशय की जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता डॉ अरुण कुमार तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि भूमि पूजन राज्यपाल के हाथों संपन्न कराई जाएगी। गुरुवार को महामहिम को निमंत्रित किया गया है उनके द्वारा आने की सहमति भी मिल गई है। इसे लेकर तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

## डोमेन कार्यों के आधार पर लेस्लीगंज को मिला प्रथम पुरस्कार, कर्मचारियों में हर्ष



नीलांबर पितांबरपुर पलामू। जेएसएलपीएस जिला स्तरीय कार्य योजना सह समीक्षा बैठक जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता सी केरकेट्टा की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। जिसमें आगामी वर्ष 2025-26 का वार्षिक कार्य योजना बनाया गया। साथ ही विगत वर्ष 2024-25 में सभी डोमेन कार्यों के आधार पर प्रखंड का रैंकिंग किया जिसमें प्रथम स्थान लेस्लीगंज, द्वितीय स्थान मेदिनीनगर तथा तृतीय स्थान पर विश्रामपुर प्रखंड रहा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा में प्रथम स्थान पाने वाले लेस्लीगंज प्रखंड के बीपीएम सत्य प्रिय तिवारी को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जिला वित प्रबंधक इमरान अहमद, एमआईएस मिथलेश कुमार, नवल किशोर, प्रवीण सिंह, अख्तर अंसारी, वैभवकांत, अवकेश, शेखर लाल, आशीष तिवारी संदीप मिश्रा सहित सभी बीपीएम और बीपीओ शामिल थे। लेस्लीगंज को प्रथम पुरस्कार मिलने से हर्ष का माहौल देखा गया।

## देश की सेना पर गर्व है : संग्राम सिंह




पाटन पलामू। पाटन पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारत ने पहलगाम में आतंकी हमले का जवाब पाकिस्तान को दे दिया है। उन्होंने कहा कि भारत सेना द्वारा चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर एक सफल सैन्य अभियान है। भारत हमेशा अपनी सैन्य शक्ति और देश की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में की गई कार्रवाई पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजली है। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय देश की सेना पर गर्व है। सेना द्वारा की गई कार्रवाई काबिले तारिफ है।

## अभाविप ने एनपीयू के परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन फोटो 09 डाल 21


मेदिनीनगर(अजीत दुबे)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को विभिन्न विषयों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि यूजी सेमेस्टर 1 सत्र 2024-28 के कई छात्र परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गए हैं, उनको अंतिम मौका प्रदान किया जाए। विवि का परीक्षा कैलेंडर जारी किया जाए। सत्र 2023-27 का सेमेस्टर 3 तक का एग्जाम इस वर्ष के अंत तक ले लिया जाए। मौके पर प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने कहा कि नीलांबर पीतांबर विवि के द्वारा जल्द से जल्द परीक्षा की वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित किया जाए। ताकि सभी सत्र ससमय पूरी की जा सके। इस अवसर पर प्रदेश कल्याण छात्रावास कार्य प्रमुख रामाशंकर पासवान, जिला संयोजक नीतीश दुबे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन यादव, नगर मंत्री उत्कर्ष तिवारी, सह मंत्री गगन सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सोमवार को मनाया जायेगा आनंद पूर्णिमा



मेदिनीनगर। आनंद मार्ग प्रचारक संघ के धर्मगुरु श्री श्री आनंदमूर्ति सह श्री प्रभात रंजन सरकार का 104वां जन्मदिवस 12 मई सोमवार को मनाया जायेगा। जिसे लेकर आनंदमार्गियों में काफी उत्साह है। आनंदमर्गियों के लिए यह त्यौहार बहुत बड़ा त्यौहार होता है। नई मोहल्ला स्थित आनंदमार्ग जागृति केंद्र को सजा दिया गया है। एक हफ्ता पूर्व से ही जिले के कई हिस्सों में बाबा नाम केवलम कीर्तन हो रहा है उसके साथ साथ आनंदमार्ग के द्वारा अन्न दान, वस्त्र दान, मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ आनंदमार्गी बैजनाथ जी ने बताया कि 1921 को बुद्ध पूर्णिमा के दिन श्री श्री आनंदमूर्ति जी का जन्म बिहार के जमालपुर में सुबह के 6 बज कर 7 मिनट पर हुआ था। उस समय पर सभी मार्गी उत्साह से कीर्तन भजन करते है। जागृति परिसर में दिनभर मनोरंजन व तरह तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दिन आनंदमर्गियों ने कोशकी नृत्य एवं तांडव का कंपीटिशन भी रखा है। सुबह 7:00 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शहर के मुख्य चौराहा होते वापस जागृति आएगी।

## खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्यों ने ऑपरेशन सिंदूर का जश्न मनाया



मेदिनीनगर। खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्यों ने ऑपरेशन सिंदूर का जश्न मनाते हुए कहा कि पाकिस्तान अभी भी सुधर जाए नहीं तो पाकिस्तान भुगोल के नक्शे से ही गायब हो जाएगा। खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्यों का कहना था कि मंच के द्वारा पहलगाम घटना का प्रतिरोध मार्च निकाला गया था। मंच के अध्यक्ष नवदीप सिंह ऋषि, मंच के एडमिन रजनीश सिंह, मिडिया प्रभारी नवीन तिवारी, कोषाध्यक्ष राहुल मिश्रा और सह कोषाध्यक्ष रितेश कुमार टिंकू ने भी अपने विचार व्यक्त किये। जश्न मनाने वालों में मनोज सिंह अविनाश देव,सोनु सिंह नामधारी, अमीत सिंह (मीनी), सिंटू सिंह, अमर सहाय, अरविंद अग्रवाल, बबलू चावला, विनित सिंह, प्रभात अग्रवाल, मनीष ओझा, अमीत सिन्हा, गुरवीर सिंह गोलू, राजेश गुप्ता रेहला, डॉ विनित सिंह, डॉ राजेश मालवा, राजकुमार गुप्ता, नवीन कुमार गुप्ता (लाल बाबू), नितिन आलोक दुबे, बिल्लू सिंह, नवीन शरण, विशाल सेठी, मुकेश सिंह, अनिमेष सिंह, नीरज राज, अनुप कुमार, कुणाल दारुका, विजय प्रसाद संकेत गुप्ता, विमल पाण्डेय, सुमीत पाण्डेय, पद्माकर वर्मा, वीर बहादुर सिंह, चंदन पाल सिंह शशिकांत आरडी, उत्तम सिंह, संजीव सिंह, अमीत कुमार कुकु, आनंद मोहन, कोमल कुमार, अरविंद शुक्ला, छोटू त्रिपाठी, राहुल चौबे, ऋषि पाण्डेय, मंगल गुप्ता, ज्योति वर्मा व रुपेश कुमार सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## अवैध बोल्डर लदा हाइवा जब्त

हरिहरगंज पलामू। खनिज के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने को लेकर वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर पीपरा थाना पुलिस ने विजय तारा पेट्रोल पंप के समीप एनएच 139 पर अवैध स्टोन बोल्डर लदे हाइवा ट्रक को जब्त कर लिया।

# प्राथमिकता के तहत लोन देना सुनिश्चित करें सभी बैंकर्स : डीसी

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। इसमें सरकार की योजनाओं में बैंकिंग सहभागिता से संबंधित चर्चा की गई। वहीं प्राप्त लक्ष्य, संबंधित विभागों द्वारा बैंकों को प्रेषित आवेदनों और उनमें ऋण की स्वीकृति आदि की समीक्षा की गई। डीसी शशि रंजन ने पलामू जिला का जमा अनुपात 40 प्रतिशत से उपर करने के लिए रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार बैंकों के लिए एक्शन प्लान तैयार कर बैंकवार लक्ष्य के अनुरूप कार्य प्रगति लाने तथा सभी बैंकर्स को व्यक्तिगत रूचि लेकर प्राथमिकता के तहत ऋण की स्वीकृति प्रदान करने का निदेश दिया। उन्होंने सभी लाभार्थियों को ऋण योजना का लाभ दिलाने तथा विभिन्न योजनाओं में विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर लक्ष्य के अनुरूप लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। वहीं बैंकों में आने वाले व्यक्तियों से बैंक कर्मियों को सहयोगात्मक एवं सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना से किसानों को जोड़ते हुए उन्हें ऋण उपलब्ध कराने, जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडलों को ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का निर्देश दिया। वहीं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मत्स्य संपदा योजना, लघु आदि योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत करने तथा लाभार्थियों के लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऋण उपलब्ध कराते हुए संबंधित व्यक्तियों को लाभ लेने में हो रही समस्याओं के निष्पादन का निदेश दिया। डीसी ने ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की पहुंच बढ़ाने के लिए बैंक की शाखाएं खोलने हेतु बैंकों को प्रोत्साहित किया। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि, डीडीसी शब्बीर अहमद, बैंक प्रबंधक, नाबार्ड के डीडीएम सहित अन्य बैंकर्स उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनों को हर सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा : विधायक डॉ मेहता

### सहायक उपकरण का वितरण किया जायेगा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** अटल स्मृति भवन नीलाम्बर-पीतांबरपुर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने दी। मालूम हो कि विगत 9 जनवरी को भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सौजन्य से पांकी विधायक के अथक प्रयास से नीलांबर-पीतांबरपुर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु जांच शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों की जांच कराई गई थी। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के द्वारा विभागीय स्तर पर जांच रिपोर्ट एवं प्रमाण पत्रों के आधार पर लाभुकों का चयन किया गया है। विभाग द्वारा लाभुकों की सूची तैयार कर सभी चयनित लाभुकों को उपकरण प्राप्त करने हेतु व्यक्तिगत रूप से सूचना दी गई है और यह अनुरोध किया गया है कि जिन लाभुकों को सूचना दी गई है केवल वही लोग वितरण शिविर में पहुंचे। शेष लोगों को भी भविष्य में कागजी त्रुटियों को दूर कर उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर विधायक ने कहा कि दिव्यांगजन भी समाज के एक महत्वपूर्ण अंग हैं। दिव्यांगों को हर सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा ताकि वे समाज में बेहतर कार्य कर आगे बढ़ सकते हैं।

# कर्मी अपने क्षेत्र का भ्रमण कर खराब जलमीनार व चापाकल को दुरूस्त करायें : नोडल पदाधिकारी

### पेयजल समस्या समाधान को लेकर प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड कार्यालय सभागार में पेयजल समस्या के निदान को लेकर बैठक किया गया। अध्यक्षता पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने की। बैठक में पाटन पड़वा पेयजल नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला उप समाहर्ता रश्मि रंजन एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी उदय रजक उपस्थित थे। बैठक में पाटन पड़वा प्रखंड कार्यालय के सभी पंचायत सचिव, पन्द्रहवीं वित के जेई, स्वच्छता कोर्डिनेटर सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। बैठक में पेयजल समस्या को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। उपस्थित सभी कमियों को पंचायत अनाबध योजना से खराब पड़ी जलमिनार को ठीक कराने का निर्देश दिया गया। बीडीओ अमित झा ने कहा कि ऐसे जल मिनार जो छोटी मोटी कारण के चलते बंद है उसे सभी पंचायत सचिव अनाबध योजना से ठीक कराने का कार्य करें। ताकि भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल समस्या का निदान हो सके। बैठक में कहा गया कि जल मिनार का मोटर स्टार्टर जिला के माध्यम से कराई जायेगी। बीडीओ ने बताया कि जो भी चापानल छोटी मोटी कारण के चलते खराब पड़े हुए हैं उसे ठीक कराया जा रहा है। बैठक में प्रतिदिन कितने जलमिनार एवं चापानल का मरम्मति किया जायेगा उसकी रिपोर्ट जिला में देने का निर्देश दिया गया। रश्मि रंजन एवं उदय रजक ने कहा कि बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए कर्मी अपने अपने क्षेत्र भ्रमण कर खराब पड़े जलमिनार एवं चापानल को ठीक करायें। जो भी जलमिनार व चापानल ज्यादा खराब है उसका कार्य जिला स्तर से कराया जायेगा।

# बराही धाम में 551 फिट मंदिर निर्माण की भूमि पूजन तैयारी अंतिम चरण में

### सीएम सहित साधु संतों ऋषि मनीषियों की होगा समागम



**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद, पलामू।** अनुमण्डल के चर्चित व प्रसिद्ध बाराही धाम में हो रही माता जगदम्बा दुर्गा की 551 फिट ऊंची मंदिर निर्माण कार्य आरंभ को लेकर भूमि पूजन 14 मई निश्चित हैं इसको लेकर बिगत एक माह पूर्व से तैयारी चल रही जो अब अंतिम रूप ले चुका। इस सबन्ध में मंदिर निर्माण समिति शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट ने प्रेस कांफ्रेंस कर कार्यक्रम की विधिवत जानकारी दिया। मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव, ट्रस्ट के निदेशक रणधीर सिंह सचिव जीप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी दिया। इस दौरान कहा गया कि 551 फिट मंदिर के भाग में ही 151 फिट फिट ऊंचाई पर नवग्रह मंदिर का निर्माण होना है। 7 मई से ही भक्ति अखंड कीर्तन जारी हैं जिससे चारो तरफ भक्तिमय वातावरण बन गया। वहीं 10 मई से साधु संतों का समागम धर्म संवाद का आयोजन,11 से 13 मई भगवत कथा प्रवचन पूज्य देवी गौरांगी गौरी के सानिध्य में होना है। साथ ही 13 मई को संध्या 4 बजे से अमृतसरी शोभायात्रा सह भव्य झांकी की झलक देखने को मिलेगा जो बराही धाम दंगवार होते हुए मुख्य सड़क से जपला शहर व भ्रमण करते हुए पुनः बराही धाम में समापन व रात्रि में कथा वचन व भोजपुरी के स्टार कलाकारों द्वारा भक्ती जागरण का आयोजन किया जाएगा। वही 14 मई को भारत वर्ष के महान साधु संतों ऋषि मनीषियों धर्म गुरुओं व सीएम हेमंत सोरेन समेत कई बड़े हस्तियों व राजनेताओं के सानिध्य में दोपहर 11 बजे से भूमि पूजन कार्य आरंभ किया जाएगा। विधायक ने कहा कि बराही धाम आने वाला समय मे जिला व राज्य का पहचान बनेगा जो जब इसकी ख्याति विश्वपटल पर जाएगी तो बराही धाम उस नक्शे पर होगा तब हमलोगो को गौरशाली पहचान मिलेगी। उन्होंने निर्माण कार्य मे दिन रात समय देने की बात कही साथ ही लोगो के द्वारा मिल रही सहयोग का समर्थन को दिल धन्यवाद दिया। उन्होंने रणधीर सिंह व आलोक सिंह को इस गौरवशाली धार्मिक इतिहास की नींव रखने के लिए धन्यवाद दिया।

## निजी कब्जे से चापानल को करें मुक्त अन्यथा होगी एफआइआर : बीडीओ

**मोहम्मदगंज पलामू।** सरकारी चापानलों के निजी उपयोग के विरूद्ध कार्रवाई को लेकर प्रखंड प्रशासन ने ऐसे लोगों को अल्टीमेटम दिया है। इसमें सरकारी चापाकल में समर्सिबल लगाकर अथवा घेराबंदी करके सिर्फ निजी उपयोग कर रहे व्यक्तियों की सूचना तत्काल मुखिया या पंसस को देने का आग्रह किया गया है। साथ ही ऐसे लोगों को 24 घंटा के अंदर समर्सिबल एवं घेराबंदी हटाकर चापानल को सार्वजनिक उपयोग के योग्य बनाने की हिदायत दी गई है। युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता ने बताया कि इसके संबंध में शिकायत ग्रामीणों की शिकायत पर बीडीओ ने 24 घंटा के अंदर सरकारी चापाकल को समरसेबल और घेराबंदी से बाहर नहीं करने पर जब्ती के साथ ही सबंधित व्यक्ति के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि सरकारी चापाकल से किसी भी ग्रामीण को पानी को लेकर कठिनाई नहीं हो, इसके प्रति सजगता बरती जा रही है। मुखिया कमला देवी और पंसस ममता देवी ने ग्रामीणों से खराब सरकारी चापानल की सूचना उन्हें तुरंत देने की अपील की है।

## पुलिस ने छात्र-छात्राओं को थाना की कार्यप्रणाली समझाया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** बीते दिनों पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में स्कूली बच्चों को पुलिसिंग व्यवस्था से रूबरू कराया गया। शुक्रवार को हुसैनाबाद थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक सोनू कुमार चौधरी, हुसैनाबाद महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी ने +2 बालिका उच्च विद्यालय, बक्शी उच्च विद्यालय कन्या मध्य विद्यालय, बालक मध्य विद्यालय के छात्र छात्राओं को थाना परिसर में बुलाकर उन्हें विधिवत रूप से पुलिस की कार्यवाही व उपयोगिता को समझाया गया। मौके पर इंस्पेक्टर सोनू कुमार चौधरी ने बच्चों को किसी भी विपरीत 112 पर डायल करने, सड़क सुरक्षा अधिनियम का पालन करने, साइबर अपराध से बचने, थाना में आने के बाद किस तरीका से पुलिस की सेवा लेने से संबंधित जानकारी दिया। वहीं पार्वती कुमारी ने बच्चियों को महिलाओं से सम्बंधित घरेलू झगड़ा, महिला उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न, भूत व डायन बिसाही आदि जानकारी दी एवं लड़कियो को आत्मरक्षा करने व जरूरत पड़ने पर कानून का मदद कैसे ले आदि बातों को जानकारी दी। मौके पर थाना के सहायक मुकेश कुमार, सुरेश पासवान, मनोहर प्रजापति, टुनटुन मिश्रा, गुड्डी कुमारी, अध्यापक सचिन कुमार, महबूब हसन, अजमत सलाम सिद्दीकी, रविकांत पांडे, गौरव द्विवेदी, राजेश गुप्ता, कन्हैया प्रसाद जुबैर अंसारी समेत शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।

## रेहला पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



विश्रामपुर (पलामू)। पलामू एसपी रिष्मा रमेसन के निर्देशानुसार रेहला पुलिस ने शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत स्कूली बच्चों को पुलिस व थाने से जुड़ी कई जानकारियां दी गयी। इसके अलावा डायल 112 के बारे में भी बताया गया। कानून की बारीकियां भी समझाया गया। पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने कहा कि किसी भी विकट परिस्थिति में 112 पर डायल कर अपनी समस्याओं की जानकारी नजदीकी पुलिस को दें। पुलिस आपको समस्याओं से निजात दिलायेगी। पुलिस आपकी हर संभव मदद करेगी। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बच्चों को पुलिस के कार्यप्रणाली के सम्बंध में कई जानकारी देकर उन्हें कानूनी रूप से जागरूक करने का प्रयास किया। उन्होंने बच्चों को प्राथमिकी कैसे कराई जाती है, उनसे कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए सहित कई अन्य रोचक जानकारी भी दी। मौके पर जेबी स्कूल के प्राचार्या डॉ अनिल कुमार सिंह, शिक्षक मो नैयर अकबर, आकाश दास, एसआई एनामूल हक, एएसआई रौशन किंडो, दीपक टोप्पो, कुशेश्वर सिंह, चौकीदार विनोद पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## क्षत्रिय महासभा ने महाराणा प्रताप की जयंती मनाई



पाटन पलामू। पाटन प्रखण्ड के ग्राम कुम्हवा में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट झारखंड प्रदेश के द्वारा शौर्य पराक्रम वीरता और त्याग के प्रतीक बीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप जला कर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में किया गया। जयंती के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप शौर्य पराक्रम वीरता और त्याग के प्रतीक थे। महाराणा प्रताप राष्ट धर्म और अपने मातृभूमि के प्रति खुद से ज्यादा प्रेम करते थे। उन्होंने कभी मुगलों का अधीनता स्वीकार नहीं किया। उन्होंने राज सुख त्याग कर जंगलों में रह कर घास की रोटी खाना पसंद किए लेकिन कभी मुगलों का अधीनता स्वीकार नहीं किये। महाराणा प्रताप जी एक स्वाभिमानी व्यक्ति थे। मुगलों को अनेकों बार युद्ध में हराने का कार्य कर झंडा पूरे भारत देश में लहराया था। आज हम सभी को महाराणा प्रताप जी के पदचिन्हों पर चलते हुए राष्ट्र धर्म राष्ट्रवासियों और मातृभूमि के प्रति लगाव रखना चाहिए। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह, बिरेंद्र सिंह, दिलीप सिंह, गिरेन्द्र सिंह, आलोक सिंह, करण सिंह, उपेन्द्र सिंह, पीयूष सिंह, आयुष सिंह, संदीप सिंह, अमन सिंह, नागेन्द्र सिंह, रौनक सिंह, उज्वल सिंह, अंकित सिंह, मोहित सिंह उपस्थित थे।

## जांच अभियान में दर्जनों वाहन किये गये जब्त



मेदिनीनगर। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद द्वारा छह मुहान पर चार पहिया वहान एवं दोपहिया वाहन गाड़ियों का जांच किया गया। जांच के क्रम में दोपहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट तथा बगैर लाइसेंस के तथा कुछ ट्रिपल लोड थे जिसमें से 12 दो पहिया वाहन गाड़ियों को जब्त किया गया। इसके अलावे 4 ऑटो चालक जबरदस्ती बीच रोड पर गाड़ी लगाकर सवारी बैठा रहे थे उसे जब्त किया गया।

## रेडक्रॉस समाज हित में अग्रणी भूमिका निभाये तो सहयोग करता रहूंगा : डीसी

### विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच सह रक्तदान शिविर का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी शाखा पलामू के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सह रक्तदान शिविर का आयोजन सचिव डॉ सत्यजीत गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। पलामू क्लब में आयोजित शिविर में 12 यूनिट रक्तदान किया गया। वहीं दो सौ से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में पारस हॉस्पीटल रांची के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ कुमार अभिषेक आर्या, नस रोग विशेषज्ञ डॉ अरूण कुमार एवं पलामू के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ विजय सिंह, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ प्रसुन कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सच्चिदानंद के द्वारा लोगों का स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया। मौके पर रेड क्रॉस के अध्यक्ष सह डीसी शशिरंजन एवं सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने रेड क्रॉस को मोक्ष वाहन व एंबुलेंस भेंट किया। डीसी ने कहा कि रेडक्रॉस समाजसेवा में अग्रणी होकर भूमिका निभाये तो इसके लिए जो भी आवश्यकता होगी उसे जिला प्रशासन द्वारा हर हाल में उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो निःस्वार्थ भाव से दीन हीन लाचारों का सेवा करता है। उसका लाभ पलामूवासियों को मिल सके ऐसा हमसभी को मिलकर प्रयास करना है। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के साथ रेड क्रॉस एक कड़ी के रूप में काम करता है। सचिव डॉ सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि सदस्यों द्वारा 12 यूनिट रक्तदान किया गया। मौके पर डॉ आरएन सिंह, आलोक वर्मा, राजेश गुप्ता, मनोहर लाली, पंकज, गिरधारी गर्ग, आलोक पाठक, जितेंद्र सिंह, मो अनवर, आलोक माथुर, कृष्णा अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विभाकर नारायण पांडेय व कई लोग शामिल थे।

## ट्रेन से कटकर युवक की हुई दर्दनाक मौत

**हैदरनगर पलामू।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना अंतर्गत सजवन गांव निवासी मनोज कुमार मेहता (32 वर्ष) की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। परिजनों के अनुसार मनोज अपने छोटे फौजी भाई अनुज कुमार मेहता को रांची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस में शुक्रवार को अहले सुबह चढ़ाने आया था। छुट्टी से रद्द किये जाने से हैदरनगर से एक ट्रेन फौजी अनुज ने पकड़ा। दूसरी ओर उसके भाई मनोज उसे ट्रेन चढ़ाकर वाया हैदरनगर रेलवे गुमटी होकर घर वापस जा रहा था। इस दौरान रेल फाटक पार करने के क्रम में ट्रेन की चपेट में आ गया।

# नशा उन्मूलन, डायल 112 व गुढ टच-बैड टच पर जागरूकता कार्यक्रम

### मनातू थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 250 विद्यार्थियों ने लिया भाग





**सुधीर यादव**

**मनातू (पलामू)।** मनातू थाना परिसर में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य स्कूली छात्रों को सामाजिक कुरीतियों, अपराधों और नशे की लत से दूर रहने के लिए शिक्षित और सतर्क बनाना था। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कार्तिक उरांव उच्च विद्यालय, मनातू के लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अगुवाई मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकॉट्रॉपिक सब्सटेंस, डायल 112 सेवा, गुड टच-बैड टच की अवधारणा और पुलिस कार्यप्रणाली की गहराई से जानकारी दी। थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि कैसे नशा युवाओं को मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से कमजोर बना देता है। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न प्रावधानों को सरल भाषा में उदाहरण सहित समझाया, ताकि छात्र-छात्राएं इन कानूनों की गंभीरता को जान सकें। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसका सामाजिक जीवन, शिक्षा और भविष्य भी दांव पर लग जाता है। इसके बाद डायल 112 सेवा की विस्तृत जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने बताया कि यह सेवा झारखंड पुलिस द्वारा संचालित एक त्वरित सहायता सेवा है, डायल 112 जो 24 घंटे उपलब्ध रहती है। किसी भी आपात स्थिति जैसे दुर्घटना, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, चोरी, आगजनी आदि में नागरिक इस नंबर पर कॉल कर पुलिस, एंबुलेंस या अग्निशमन सेवा की तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए अत्यंत प्रभावी है। कार्यक्रम में गुड टच और बैड टच जैसे संवेदनशील विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई। टीम ने बच्चों को बताया कि कैसे वे अपने शरीर की सुरक्षा कर सकते हैं और उन्हें यह जानकारी क्यों जरूरी है। उन्होंने समझाया कि कौन सा स्पर्श सुरक्षित है (गुड टच) और कौन सा असुरक्षित या गलत है (बैड टच)। कार्यक्रम के अंत में खुला संवाद सत्र रखा गया, जिसमें विशेष रूप से छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं से जुड़े प्रश्न पूछे। थाना प्रभारी और उनकी टीम ने सभी सवालों के उत्तर सहजता और संवेदनशीलता के साथ दिए। इस कार्यक्रम से यह स्पष्ट संदेश गया कि पुलिस केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज निर्माण में भी उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे जागरूकता अभियान यदि नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक राजेश कुमार प्राचार्या महाबली दुबे शिक्षक, ग्रामीण उपस्थित थे।

# युवक की मौत से बेदानी गांव में मातम का माहौल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तरहसी पलामू।** तरहसी क्षेत्र के बेदानी गांव के 25 वर्षीय अमित कुमार गुप्ता का गुरुवार को संध्या 7:00 बजे पांकी क्षेत्र के पिपरा गांव में तेतराई पांकी मुख्य पथ पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। शुक्रवार को शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। इसके बाद परिजनों ने शुक्रवार को दोपहर 2 बजे अमानत नदी में शव का दाह संस्कार किया। ज्ञात हो कि मृतक सुरेश प्रसाद का बड़ा पुत्र था जिसकी 16 फरवरी को पाटन क्षेत्र के पंच केडिया गांव में शादी हुई थी। गुरुवार को अपने मौसेरा भाई के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए रांची जा रहा था, उसके माता-पिता एवं अन्य परिजन पहले से ही रांची विवाह समारोह में शामिल हुए थे।

घटना की जानकारी मिलते ही सभी परिजन घर वापस आ गए। मृतक अमित रांची के मॉल में काम करता था और परिवार का भरण पोषण करता था। इसके मौत से गांव में मातम का माहौल है, नई नवेली दुल्हन का बहुत बुरा हाल है।

# तूफान में सोलर प्लेट टूटने से जलापूर्ति बाधित

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, हरिजन टोला परिसर में स्थापित जलमीनार बीते रविवार आई तेज आंधी की भेंट चढ़ गया। आंधी में जलमीनार का एक सोलर प्लेट उड़कर टूट गया, जिससे जलापूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जलमीनार पंचायत निधि से स्थापित किया गया था, जिससे स्कूल के छात्रों को पीने का पानी उपलब्ध होता था और मध्याह्न भोजन (एमडीएम) के संचालन में भी इसका उपयोग होता था। लेकिन अब जलापूर्ति बंद हो जाने से न केवल बच्चों को पीने के पानी की समस्या हो गई है, बल्कि स्कूल प्रशासन के सामने एमडीएम संचालन में भी दिक्कतें आ रही हैं। हालांकि विद्यालय परिसर में एक चापाकल कार्यरत है, परंतु उसमें आयरन की अधिकता के कारण उसका पानी पीने योग्य नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलमीनार की मरम्मत कर पुनः चालू कर दिया जाए तो यह समस्या आसानी से सुलझ सकती है। केवल एक सोलर प्लेट बदलने की आवश्यकता है, जिससे यह फिर से सुचारू रूप से काम करने लगेगा। विद्यालय प्रबंधन और ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द टूटे हुए सोलर प्लेट को बदलवाकर जलमीनार को फिर से चालू करने की मांग की है, ताकि बच्चों और राहगीरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।



टूटा सोलर प्लेट

# रक्तदान शिविर में 10 यूनिट रक्त संग्रह

**गोड्डा।** पथरगामाअंचल कार्यालय के सामने प्रखंड स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 10 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। पथरगामा अंचलाधिकारी कोकिला कुमारी ने भी शिविर स्थल पर पहुंचकर रक्तदान शिविर का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने बल्ड डोनेट करने वाले डोनरों की जानकारी ली। वहीं अंचलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान महादान है सभी को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है, इससे किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता। कहा कि रक्तदान कर किसी को नया जीवन दिया जा सकता है। शिविर के दौरान बताया गया कि जिनका हीमोग्लोबिन ठीक है, वैसे व्यक्ति का रक्तदान कराया जाता है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–08/2025–.26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 17.05.2025 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 19.05.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 19.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Residence of S.E. BCD, Building , District- Hazaribag | 4883000/- | 98000/- | 5000/- | 4 Month |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 352053 Building(25-26)#D



e-Procurement Cell
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**Short Term e-Procurement Notice**
**Date – 09-05-2025**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/08/2025-26 | Renovation of Multipurpose Hall in Judges Colony at Kanke Road, Ranchi | 5804400 | Two Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 16-05-2025 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 23-05-2025 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 24-05-2025 at 11.00 AM | |
| 5 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 6 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |

Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 352046 Building (25-26)_D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा**

**अल्पकालीन तालाब बन्दोबस्ती वित्तीय वर्ष 2025–26 सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा/जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में दिनांक– 29.05.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे में ठेठईटांगर/केरसई अंचल स्थित राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती खुला डाक द्वारा किए जाने की सूचना दी जाती है। जिन राजस्व जलकरों की बन्दोबस्ती दिनांक– 29.05.2025 को नहीं हो पाएगी उन तालाबों की बंदोबस्ती दिनांक– 05.06.2025 को की जाएगी। बंदोबस्ती अवधि वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2027–28 (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2028) तक के लिए है।

1. डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को डाक बोली के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 20 प्रतिशत, प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्त होने पर उच्चतम डाक वक्ता को छोड़कर बाकी प्रतिभागियों की प्रतिभूति राशि वापस कर दी जाएगी एवं उच्चतम डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि उच्चतम डाक की राशि में समायोजित की जाएगी तथा डाक वक्ता द्वारा प्रत्येक वर्ष उक्त डाक राशि तीन वर्षों तक कार्यालय में भुगतान की जाएगी। डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना पहचान पत्र लाना अनिवार्य है।
2. डाक की स्वीकृति के पश्चात् उच्चतम डाक वक्ता को संबंधित एकरानामा करना अनिवार्य है एवं अद्योहस्ताक्षरी से परवाना प्राप्त किये बिना उक्त जलकर में उच्चतम डाक वक्ता कोई कार्य नहीं करेंगे। बंदोबस्त तालाब का निबंधन, निबंधन कार्यालय द्वारा निर्धारित राशि का स्टॉम्प शुल्क देकर निबंधन कराना अनिवार्य है। निबंधन के पश्चात् ही कार्यालय से परवाना निर्गत किया जाएगा।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी समय किसी भी बोली को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**जलकरों की सूची:–**

| क्र0 सं0 | जलकरों का नाम | ग्राम | पंचायत | प्रखण्ड | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा सं0 | जलक्षेत्र | सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 15 | 16 |
| 1 | मुण्डलटोली तालाब | मुण्डलटोली | बाघचट्टा | ठेठईटांगर | - | 406 | 0.50 | 0.40 | 3000.00 | |
| 2 | कोरोंजो तालाब | कारोंजो | दुमकी | ठेठईटांगर | - | 1550 | 0.36 | 0.30 | 8000.00 | |
| 3 | कोनबेगी तालाब | कोनबेगी | बाघचट्टा | ठेठईटांगर | 43 | 1100 | 1.63 | 1.30 | 4000.00 | |
| 4 | गोरारजोर तालाब | गोरारजोर | गोरारजोर | केरसई | 132 | 601 | 0.20 | 0.18 | 3000.00 | |
| 5 | केरसई तालाब | केरसई | केरसई | केरसई | 236 | 5901 | 0.15 | 0.12 | 3000.00 | |

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 352020 Simdega(25-26).D



**MINISTRY OF ROAD TRANSPORT & HIGHWAYS, NEW DELHI**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**NATIONAL HIGHWAYS DIVISION, GUMLA.**
**E-mail: eenhgumlajhr@gmail.com & eenhgumla-jhr@nic.in**

**Notice Inviting Bid(2nd Call)**

Bid/ Package no.- **NH/Gumla/EPC/01/2025-26** Dated-**09.05.2025**

RFP for **Construction of HL Bridges at Ch.195/2, Ch.198/2, Ch.198/3, Ch. 199/4, Ch. 208/1, Ch.208/4, Ch.210/1, Ch.211/1 on NH-143 (old NH-23) in the State of Jharkhand.** The Ministry of Road Transport & Highways through **Chief Engineer, National Highway Wing, Jharkhand, Ranchi** is engaged in the development of National Highways and as part of this endeavor, it has been decided to undertake **Construction of HL Bridges at Ch.195/2, Ch.198/2, Ch.198/3, Ch. 199/4, Ch. 208/1, Ch.208/4, Ch.210/1, Ch.211/1 on NH-143 (old NH-23) in the State of Jharkhand** through an Engineering, Procurement and Construction (EPC) Contract. [The Ministry of Road Transport & Highways/ ~~National Highways Authority of India~~ / State Public Works Department/~~Border Road Organization~~ represented by its DG(RD)&SS / ~~Chairman~~ / CE (NH) PWD State ~~/ DGBR~~] now invites bids from eligible contractors for the following project:

| State | NH No. | ICB No. | Name of Work | Estimated Cost (In Rs. Cr.) | Completion Period | Maintenance period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Jharkhand | 23 | | Construction of HL Bridges at Ch.195/2,Ch.198/2, Ch.198/3, Ch. 199/4, Ch. 208/1, Ch.208/4, Ch.210/1, Ch.211/1 on NH-143 (old NH-23) in the State of Jharkhand on EPC mode. (JOB No: -NH-143 (OLDNH-23)/JHR/202425/03) | 27.4611622 (including GST and Labour Cess and all other taxes) | 18 (Eighteen Months) | 10 (Ten years) after Completion |

The complete BID document can be viewed / downloaded from official portal of the CPPP website https:// eprocure.gov.in/eprocure/app from 13.05.2025 to 09.06.2025 (up to 15:00 Hrs. IST). Bidder must submit its financial bid and Technical Bid at https:// eprocure.gov.in/eprocure/app on or before 09.06.2025 (up to15:00 Hrs.). Bids received online shall be opened on 10.06.2025. (at 15:00 hours IST).

Bid through any other mode shall not be entertained. However, Bid Security as form E-Bank Guarantee/ Insurance surety Bond, Receipt of document fee, Power of Attorney and Joint Bidding Agreement etc. shall be submitted physically by the Bidder on or before 09.06.2025 (at 15:00 hours IST), Please note that the Ministry/Authority/ Executing Agency reserves the right to accept or reject all or any of the BIDs without assigning any reason whatsoever.

Tender document fee of **Rs. 10,000/-(Rupees Ten thousand only)** shall be submitted through "BHARATHKOSH" portal towards payment of cost of Bid document [PAO (NH), Kolkata code No. 034756 and DDO Code No. 202122 Purpose: Sale of Tender Documents.] through online payment only. The **GST of Rs. 1800/-** (Rs. One Thousand Eight hundred only) applicable on the sale of tender document shall also be submitted through "BHARATHKOSH" portal towards payment of cost of Bid document [PAO (NH), Kolkata code No. 034756 and DDO Code No. 202122.

**Sd/-Executive Engineer National Highway Division, Gumla**
**Phone No. 8789523476**
**Email id: eenhgumlajhr@gmail.com**

PR 352071 (Road)25-26*D


स्पीड न्यूज

## भूतपूर्व सैनिक ने केंद्र सरकार को दी बधाई

**धुरकी।** प्रखंड के भूतपूर्व सैनिक बिरेंद्र सिंह उर्फ बीरन सिंह ने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर केंद्र सरकार को बधाई दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को इस साहसिक और निर्णायक कदम के लिए विशेष धन्यवाद दिया। बीरन सिंह ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को जिस कठोरता से भारत ने जवाब दिया है, वह हर देशवासी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा अब भारत किसी भी आतंकी साजिश को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह ऑपरेशन सिर्फ जवाब नहीं, बल्कि एक सख्त चेतावनी है कि भारत की ओर गलत नजर उठाने वालों को माफ नहीं किया जाएगा। वहीं, युवा समाजसेवी दीपक सिंह ने भी ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए कहा पाकिस्तान को इसी तरह सबक मिलना चाहिए ताकि वह भारत की ओर देखने की भी हिम्मत न कर सके। हम केंद्र सरकार के हर ऐसे कदम के साथ हैं जो देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए उठाए जाएं। दोनों ने भारत की सुरक्षा नीति को सशक्त और निर्णायक बताते हुए देशवासियों से भी एकजुट रहने की अपील की।

## संदिग्ध स्थिति में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**रंका।** पंचायत मुख्यालय निवासी 37 वर्षीय मनोज कुमार गुप्ता की शुक्रवार को संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार मनोज अपने मामा के घर शादी समारोह में शामिल होकर लौटे थे। लौटने के कुछ देर बाद ही वह करसो गांव के पीपल के पेड़ के पास अचानक झटपटाने लगे। ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रंका पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रंका पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सके।

## बारातियों की हरकत से मारपीट, चार घायल

**मझिआंव/बरडीहा।** गुरुवार की रात बरडीहा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव में बारात के दौरान हुई हिंसा ने शादी के माहौल को तनावपूर्ण बना दिया। पलामू जिले के नावा बाजार थाना क्षेत्र के दमारो गांव से आए चंदेश्वर कुमार मेहता की बारात जब ओबरा गांव के कामेश्वर मेहता के घर पहुंची, तो पहले तो शादी की रस्में सामान्य रूप से चल रही थीं, लेकिन कुछ बारातियों की शराब के नशे में की गई हरकतें बवाल की वजह बन गईं। द्वार पूजा के दौरान नशे में धुत कुछ बारातियों ने अशोभनीय हरकतें शुरू कीं और बाद में टेंट का कपड़ा फाड़ने लगे। जब गांववालों ने उन्हें रोका, तो विवाद बढ़कर मारपीट में बदल गया। इस झड़प में घराती और बाराती पक्ष से कुल चार लोग घायल हो गए। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने जानकारी दी कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। तीन घायलों को इंजरी स्लिप जारी की गई, लेकिन वे बाद में इलाज कराने या बयान देने थाना नहीं पहुंचे हैं। फिलहाल मामले की जांच चल रही है। शुक्र की बात यह रही कि इस बवाल के बावजूद शादी की रस्में बिना किसी रुकावट के पूरी कर दी गईं।

# जाम से निजात दिलाने को प्रशासन की सख्ती जारी

## दूसरे दिन भी चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 75 पर लगातार लग रहे जाम से निजात दिलाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने लगातार दूसरे दिन भी सख्त रुख अपनाया। शुक्रवार को अंचल अधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पांडेय, थाना प्रभारी आकाश कुमार एवं एएसआई वीरेंद्र यादव ने पुलिस बल के साथ मुख्यपथ एवं आसपास के गलियों में पैदल गश्ती कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। इस दौरान दुकानदारों, व्यवसायियों और वाहन चालकों को सख्त चेतावनी दी गई कि वे अपने प्रतिष्ठानों के आगे सड़क पर सामान नहीं फैलाएं और वाहनों को उचित स्थान पर ही खड़ा करें। प्रशासन का यह कदम पिछले दिनों मीडिया में जाम की खबरों के सुर्खियों में आने और दो घंटे तक यातायात बाधित होने के बाद उठाया गया है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। प्रशासन ने दुकानदारों को निर्देश दिया है कि वे अपने ग्राहकों के लिए दुकान परिसर में ही पार्किंग की व्यवस्था करें। सड़क पर खड़े वाहनों से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे आपात सेवाओं में भी बाधा आती है। सीओ विकास पांडेय ने स्पष्ट किया कि यदि किसी ने निर्देशों का उल्लंघन किया, तो उसके खिलाफ जुमार्ना सहित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी तय किया है कि सड़कों पर लावारिस हालत में खड़े वाहनों को चिन्हित कर जब्त किया जाएगा। नगर की मुख्य सड़कों के साथ-साथ गलियों और मोहल्लों की सड़कों को भी जाम मुक्त रखने का निर्देश दिया गया है ताकि आमजन को निर्बाध यातायात की सुविधा मिल सके। प्रशासन ने दुकानदारों को निर्देश दिया है कि भारी मालवाहक वाहनों से माल की लोडिंग और अनलोडिंग सुबह या देर शाम के समय ही करें।

व्यस्त समय में ऐसे वाहन खड़े रहने से जाम की स्थिति और विकट हो जाती है। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और जाम की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए नियमित निगरानी की जाएगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की और कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



अतिक्रमण हटाने का निर्देश देते पदाधिकारी

# जनता दरबार में राशन घोटाला

मजदूरी भुगतान, नौकरी और वेतन जैसे मुद्दों पर दर्जनों फरियादियों ने लगाई गुहार



समस्या सुनते पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर गुहार लगाई। राशन वितरण से लेकर मजदूरी बकाया, वेतन भुगतान, सरकारी नौकरी और भूमि विवाद जैसे मामलों को लेकर फरियादियों ने विस्तार से अपनी बातें रखीं। जनता दरबार में रमकंडा प्रखंड की सुशीला कुजूर ने जन वितरण प्रणाली की दुकान गुलाब महिला समूह, बरवा पर कई महीनों से कम राशन देने की शिकायत की और लाइसेंस रद्द करने की मांग की। वहीं कांडी प्रखंड के हरिगांवा गांव निवासी काशीनाथ साव ने सात वर्षों से मनरेगा के तहत अनुसेवक के रूप में कार्य करने के बावजूद स्थायी नियुक्ति नहीं होने की बात कही। रंका के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीरबांध के शिक्षक चंद्र किशोर सिंह ने वेतन नहीं मिलने की समस्या रखी। उन्होंने बताया कि वे प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यरत हैं लेकिन वेतन अद्यतन नहीं हो पा रहा है। सगमा प्रखंड के कटहरकला की प्रतिमा कुमारी ने मनरेगा योजना के तहत वर्ष 2018-19 में संचालित कूप निर्माण कार्य की मजदूरी अब तक नहीं मिलने की शिकायत की। दर्जनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और समस्याओं का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा।

# पोड़ैयाहाट का कुसाहा से धोबाई मुख्य मार्ग सालों से है जर्जर



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** पोडैयाहाट प्रखण्ड क्षेत्र के कई मार्ग वर्तमान में ऐसे हैं, जहां लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड अंतर्गत कुसाहा से धोबाई मुख्य मार्ग जर्जर होने के बाद आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग होकर हजारों लोग आवागमन करते हैं। यह समस्या आम लोगों के बीच आज कई सालों से बनी हुई है। जर्जर सड़क से आवागमन कर रहे लोग समस्या के शिकार होते हैं। इस मार्ग में सैकड़ों वाहनों का भी परिचालन होता है।

सड़क में बड़े-बड़े पत्थर निकल जाने के कारण साइकिल सवार एवं स्कूली बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। समस्या के प्रति जिला प्रशासन एवं प्रखंड प्रशासन मौन है। जानकारी के अनुसार इस मार्ग का निर्माण 2011 12 में कराया गया था। कुछ साल के बाद ही सड़क की स्थिति बदहाल हो गयी। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं। इसके बावजूद बड़े-बड़े पत्थर के निकलने के कारण बीच सड़क पर लोग ना चलकर सड़क के नीचे कच्ची सड़क पर चलने को मजबूर हैं। ग्रामीण राजेंद्र राम, मुखिया प्रतिनिधि अनुपम कुमार सिंह, रूपलाल सिंह, गुरु गोविंद सिंह, श्रवण सिंह, रामचंद्र कुमार ने बताया कि आज कई सालों से इस मार्ग होकर सभी लोग आवागमन करते हैं। प्रखंड मुख्यालय 10 किलोमीटर दूर समस्या उठाकर जाना पड़ता है।

सभी ग्रामीण की समस्या की जानकारी कई बार जनप्रतिनिधियों को भी दी है। इसके बावजूद अभी तक इस सड़क का मरम्मत कार्य नहीं हो पाया है, जिससे तकरीबन 20 गांव के लोग परेशान हैं।

लोगों ने कहा कि जल्द से जल्द ही इस समस्या का निदान प्रखंड प्रशासन व जिला प्रशासन नहीं करते हैं, तो 20 गांव के लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# सुखनदी गांव में विवाहित प्रेमी जोड़ा पकड़ा गया

## पंचायत ने प्रेमिका को प्रेमी के साथ भेजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव/बरडीहा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सुखनदी गांव में गुरुवार की देर रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने एक विवाहित प्रेमी जोड़े को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। ग्रामीणों ने दोनों को बंधक बना लिया और शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पंचायत कर प्रेमिका को प्रेमी के साथ भेजने का निर्णय लिया गया। जानकारी के अनुसार गंगतिरिया गांव निवासी रवि रंजन रजवार (31 वर्ष) और सुखनदी गांव निवासी हरखू रजवार की पत्नी माया देवी (29 वर्ष) के बीच कई वर्षों से प्रेम संबंध चल रहा था। इससे पहले भी दोनों को गांववालों ने एक बार पकड़कर समझौता कर छोड़ दिया था। गुरुवार को मझिआंव थाना क्षेत्र के बिछी गांव में एक बारात आई थी, जिसमें रवि रंजन भी शामिल हुआ था। बारात का फायदा उठाकर उसने माया देवी को गांव के बाहर मिलने के लिए बुलाया। इसी दौरान ग्रामीणों ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। गुस्साए ग्रामीणों ने दोनों को रस्सी से बांधकर बंधक बना लिया और अगली सुबह पंचायत बैठाई। शुक्रवार को हुई पंचायत में कांडी प्रखंड प्रमुख नारायण यादव, पंचायत मुखिया प्रतिनिधि गणेश रजवार, वार्ड सदस्य सहित दोनों पक्षों के परिजन और काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। पंचायत के दौरान माया देवी के पति हरखू रजवार ने अपनी पत्नी को रखने से इनकार कर दिया। वहीं, माया देवी ने साफ कहा कि वह अब अपने प्रेमी रवि रंजन के साथ रहना चाहती है। रवि रंजन ने भी उसे अपनाने की सहमति दे दी। इसके बाद, पंचायत में एक सहमति पत्र लिखा गया और माया देवी को अपनी डेढ़ वर्षीय पुत्री के साथ रवि रंजन के साथ विदा कर दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था और यह मामला कई बार विवाद का कारण बन चुका था। इस संबंध में जब बरडीहा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दोनों व्यक्ति शादीशुदा हैं और अब तक किसी भी पक्ष से कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। चूंकि मामला आपसी सहमति से पंचायत में सुलझा लिया गया है, इसलिए पुलिस की ओर से कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया है।




प्रेमी जोड़ा

# रेटिंग का जोखिम

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से दोनों देशों के लिए ऋण जोखिम भी बढ़ेगा। एसऐंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को यह बात कही। रेटिंग एजेंसी ने दोनों देशों को सकारात्मक परिदृश्य के साथ बीबीबी- और सीसीसी+ (स्थिर परिदृश्य) रेटिंग दे रखी है। एजेंसी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में उसे संप्रभु क्रेडिट रेटिंग पर तत्काल कोई प्रभाव नहीं दिखता है। अगले दो से तीन सप्ताह तक तनाव के उच्च स्तर पर बने रहने की आशंका है और दोनों पक्षों की ओर से बड़ी सैन्य कार्रवाई की जा सकती है। एसऐंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बयान में कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता शुरू होने से क्षेत्रीय ऋण जोखिम बढ़ गया है। हमारा मूलभूत तर्क यह है कि तीव्र सैन्य कार्रवाई अस्थायी है, जिससे लंबे समय तक सीमित और छिटपुट टकराव का रास्ता बनेगा।भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार एवं बुधवार की दरमियानी रात पाकिस्तान एवं उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए हैं, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है। एसऐंडपी ने कहा कि उसका अनुमान है कि भारत मजबूत आर्थिक वृद्धि बनाए रखेगा, जिससे क्रमिक राजकोषीय सुधार जारी रह सके। दोनों देशों के पास मौजूदा तनाव को लंबे समय तक जारी रखने का कोई आधार नजर नहीं आता। रेटिंग एजेंसी ने पिछले सप्ताह अमेरिकी व्यापार नीति पर अनिश्चितता का हवाला देते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था। युद्ध भारत पर आतंकी गतिविधियों के बहाने थोपा गया है लेकिन देश एक लोकतांत्रिक जबावदेह देश भी है।

# भारत का आतंक पर कभी न भूलने वाला प्रहार





\- योगेश गोयल

भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से यह साबित कर दिया है कि वह अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं बल्कि आतंक के सभी प्रारूपों और स्त्रोतों पर निर्णायक और सर्जिकल प्रहार करने वाला राष्ट्र बन चुका है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर निशाना साधते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, उसने न केवल पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई बल्कि भारत की नई सैन्य नीति को भी स्पष्ट कर दिया कि अब हम चुप नहीं बैठेंगे बल्कि आतंक के जन्मस्थल तक जाएंगे और वहां आग लगाएंगे। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह उस बदले हुए भारत की घोषणा थी, जो अब बातों से नहीं, बमों से जवाब देता है, जो कूटनीति की किताब बंद करके अब अपने लड़ाकू विमानों और मिसाइलों की बोली में संवाद करता है। भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के अड्डों पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो यह महज जवाबी हमला नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि भारत अब किसी आतंकी की मांद को भी सुरक्षित नहीं छोड़ेगा, चाहे वह सरहद के इस पार हो या उस पार।

ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य स्पष्ट था, उन स्थानों को ध्वस्त करना, जहां से भारत में आतंक का बीज बोया जाता है। पहलगाम हमला, जिसमें हमारे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, उसकी साजिश कहीं और नहीं, पाकिस्तान की फौज, आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा जैसों की सांठगांठ से ही तैयार की गई थी। भारत ने न केवल इस साजिश को समझा बल्कि उसे जड़ से उखाड़ने की भी ठान ली है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने जिस साहस, रणनीति और सटीकता का परिचय दिया, वह दुनिया के किसी भी शीर्ष सैन्य बल को चुनौती देने के लिए पर्याप्त है। पाकिस्तान हमेशा से ही दोहरी भूमिका निभाता रहा है, एक ओर वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और वार्ता की बात करता है तो दूसरी ओर अपने क्षेत्र को आतंकियों के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में प्रयोग करता है। भारत ने अब उस नकाब को पूरी तरह नोच फेंका है। ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि भारत अब उन भाषणों या प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं होगा, जो संयुक्त राष्ट्र में दिए जाते हैं बल्कि उन बंकरों को नेस्तनाबूद करेगा, जहां से ये षड्यंत्र जन्म लेते हैं।

भारत ने यह कार्रवाई अचानक नहीं की बल्कि पहले खुफिया एजेंसियों के माध्यम से आतंकियों की गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई गई। सैटेलाइट इमेजिंग, मानव खुफिया नेटवर्क और तकनीकी निगरानी के जरिये भारत को यह स्पष्ट हो गया था कि पीओके में कुछ स्थान आतंकियों के लांच पैड के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भी सामने आया कि हालिया पहलगाम हमले की योजना भी यहीं से बनाई गई थी। भारत की यह नीति अब ह्यहिट ऐंड होल्डह्ल की है कि हमला करो, कब्जा करो और दबाव बनाए रखो। इस ऑपरेशन में सबसे प्रभावशाली बात यह रही कि भारतीय लड़ाकू विमानों ने रात के अंधेरे में बेहद सटीकता से अपने लक्ष्य साधे और सीमित समय में वहां से निकल आए। यह ह्यनो वॉर्निंग, नो वॉरह्ल रणनीति का आदर्श उदाहरण था। पाकिस्तान के वायु रक्षा तंत्र को भनक तक नहीं लगी और जब तक वहां के सैन्य प्रतिष्ठान कुछ समझ पाते, तब तक भारत अपना काम करके वापस लौट चुका था।

इस ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी। यही कारण है कि पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य गलियारों में इस ऑपरेशन के बाद सन्नाटा छा गया। अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अन्य लोकतांत्रिक देश भारत के साथ खड़े हैं। आतंक के प्रति उनकी नीति अब स्पष्ट है कि जो आतंक को शरण देगा, वह खुद सुरक्षित नहीं रहेगा। इसीलिए, भारत द्वारा किए गए इस ऑपरेशन को विश्वभर में नैतिक समर्थन और वैधता प्राप्त हुई है।

> पाकिस्तान भारत के धैर्य की परीक्षा लेता रहे और भारत केवल विरोध या चेतावनी तक सीमित रहे लेकिन अब वह दौर समाप्त हो गया है। भारत ने बता दिया है कि वह न केवल जवाब देगा बल्कि ऐसा जवाब देगा, जो आतंकिस्तान को अगली साजिश रचने से पहले सौ बार सोचने पर विवश करेगा। ऑपरेशन सिंदूर अब एक ऐसा उदाहरण बन गया है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऑपरेशन सिंदूर का सैन्य पक्ष जितना शक्तिशाली था, उतनी ही मजबूत उसकी कूटनीतिक तैयारी भी थी। भारत ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के आतंक समर्थक चेहरे को उजागर कर दिया था। एफएटीएफ जैसे मंचों पर पाकिस्तान की असफलताएं जगजाहिर हैं। ऐसे में भारत का यह सैन्य कदम उस लंबे कूटनीतिक संघर्ष का परिणामी वार था, जिसे वर्षों से संजोया जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब केवल एलओसी तक सीमित नहीं है। यदि आवश्यक हुआ तो भारत नियंत्रण रेखा पार करके भी अपने हितों की रक्षा कर सकता है। यह नीति पाकिस्तान के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि यदि उसने अब भी अपने घर में पल रहे आतंकी सांपों को दूध पिलाना बंद नहीं किया तो अगली बार भारत उनके बिलों तक पहुंचेगा और उन्हें वहीं खत्म करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की सैन्य क्षमता अब केवल परंपरागत युद्धों तक सीमित नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर में जिन हथियारों और तकनीकों का उपयोग किया गया, उनमें राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, ड्रोन निगरानी, रियल टाइम सैटेलाइट डेटा और बंकर भेदी बम शामिल थे। यह सब कुछ दशार्ता है कि भारत अब एक आधुनिक, आक्रामक और निर्णायक सैन्य शक्ति बन चुका है।

पाकिस्तान की अब तक की रणनीति यही रही है कि वह भारत के धैर्य की परीक्षा लेता रहे और भारत केवल विरोध या चेतावनी तक सीमित रहे लेकिन अब वह दौर समाप्त हो गया है। भारत ने बता दिया है कि वह न केवल जवाब देगा बल्कि ऐसा जवाब देगा, जो ह्यआतंकिस्तानह्ल को अगली साजिश रचने से पहले सौ बार सोचने पर विवश करेगा। ऑपरेशन सिंदूर अब एक ऐसा उदाहरण बन गया है, जो यह बताता है कि आतंक से अब डायलॉग से नहीं, डायनामाइट से निपटना है। भारत ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, चाहे उसके लिए कितनी भी बड़ी कार्रवाई क्यों न करनी पड़े। आज भारत के पास रक्षात्मक ही नहीं, आक्रामक कूटनीति भी है। अब हम इंतजार नहीं करते कि दुश्मन कब वार करे बल्कि अब हम तय करते हैं कि कब, कहां और कैसे प्रहार करना है। यह बदलाव केवल सरकार की नीति में ही नहीं, देश की चेतना में भी है और यही चेतना ऑपरेशन सिंदूर की असली ताकत है। अब पाकिस्तान को भली-भांति समझ लेना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर तो केवल शुरूआत है। अब हर आतंकी ठिकाने के लिए भारत के पास ऐसा जवाब है, जो न केवल आतंकियों के ठिकानों बल्कि समूचे पाकिस्तान का नाम ही विश्व के मानचित्र से गायब कर सकता है।

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## ट्वीट

**वीर** शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती पर मैं उन्हें स्मरण करते हुए नमन करता हूँ। वे भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक हैं जिन्होंने अपनी मातृभूमि के ह्यमान,सम्मान और स्वाभिमानह्ल की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। आज के दिन मैं दानवीर भामाशाह का भी स्मरण करता हूँ जिन्होंने संकट के समय में अपने संचित धन को बिना किसी सोच के महाराणा को देकर अद्भुत त्याग का उदाहरण प्रस्तुत किया।

आज मुझे पटना में बिहार प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित राणा-भामा सम्मेलन को संबोधित करना था मगर अपरिहार्य कारणों से मैं उस कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हो रहा हूँ।

**– राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा

# वर्ल्ड बैंक का पाकिस्तान दो टूक हमारा पाक से कोई समझौता नहीं

सामयिक

हमारा लेनादेना नहीं... वर्ल्ड बैंक चीफ के दो-टूक रवैये से सूख जाएगा पाकिस्तान, दे दिया बड़ा झटका

वर्ल्ड बैंक के चीफ अजय बंगा ने कहा है कि वर्ल्ड बैंक सिंधु जल संधि में मध्यस्थ नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस संधि को लेकर कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। अजय बंगा ने कहा कि संधि को निलंबित नहीं किया गया है, बल्कि भारत सरकार ने इसे अभी के लिए रोका है।

वर्ल्ड बैंक के चीफ अजय बंगा ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने सिंधु जल संधि पर बड़ी बात कही है। बंगा ने साफ किया कि वर्ल्ड बैंक इस मामले में मध्यस्थ नहीं है। वर्ल्ड बैंक भारत और पाकिस्तान के बीच इस संधि को लेकर कोई भी हस्तक्षेप नहीं करेगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा कदम उठाया था। भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। इसी पर अजय बंगा ने अपनी बात रखी।

अजय बंगा ने सीएनबीटी-टीवी18 को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि संधि को निलंबित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने इसे 'अभी के लिए रोक' जैसा कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सिंधु जल संधि में इसे निलंबित करने का कोई नियम नहीं है। उनके अनुसार, इस संधि को या तो खत्म करना होगा या इसकी जगह कोई नई संधि बनानी होगी। ऐसा तभी हो सकता है जब दोनों देश इसके लिए राजी हों।

### वर्ल्ड बैंक की भूमिका को किया साफ

अजय बंगा ने वर्ल्ड बैंक की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा कि अगर दोनों देशों में कोई मतभेद होता है तो वर्ल्ड बैंक सिर्फ एक सहायक की तरह काम करेगा। वर्ल्ड बैंक कोई फैसला नहीं करेगा। अलबत्ता, वह एक ऐसे व्यक्ति या संस्था को खोजने में मदद करेगा जो इस मामले को निष्पक्ष तरीके से सुलझा सके।

उन्होंने आगे बताया कि वर्ल्ड बैंक का काम मुख्य रूप से प्रशासनिक और वित्तीय है। उन्होंने याद दिलाया कि संधि की शुरूआत में एक ट्रस्ट फंड बनाया गया था। यह फंड मध्यस्थों की फीस देने के लिए था। अजय बंगा ने जोर देकर कहा कि वर्ल्ड बैंक की भूमिका इससे ज्यादा कुछ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ल्ड बैंक को अभी तक भारत या पाकिस्तान से इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

### मीडिया में चल रही खबरों को खारिज

अजय बंगा ने कहा कि वर्ल्ड बैंक इस मामले में कोई भूमिका नहीं निभा सकता। उन्होंने कहा, 'यह सब बकवास है क्योंकि हमारे पास ऐसी कोई भूमिका नहीं है... संधि दो देशों के बीच है और उन्हें ही तय करना है कि वे इसे जारी रखना चाहते हैं या नहीं। यह उनका फैसला है।'

### फैसला भारत और पाकिस्तान को ही करना है

अजय बंगा ने माना कि सिंधु जल संधि के 60 सालों के इतिहास में कई उतार-चढ़ाव आए हैं। उन्होंने फिर से कहा कि संधि में कोई भी बदलाव या इसे जारी रखने का फैसला भारत और पाकिस्तान को ही करना है।

उन्होंने कहा, 'वर्ल्ड बैंक की भूमिका वही है जो संधि में तय की गई है - न उससे ज्यादा और न उससे कम।' इसका मतलब है कि वर्ल्ड बैंक सिर्फ मदद कर सकता है, लेकिन कोई फैसला नहीं ले सकता। यह भारत और पाकिस्तान को ही तय करना है कि वे इस संधि का क्या करना चाहते हैं।

सिंधु जल संधि भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हुई थी। इस संधि का उद्देश्य सिंधु नदी के पानी का बंटवारा करना था। वर्ल्ड बैंक ने इस संधि को कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। लेकिन, अब वर्ल्ड बैंक का कहना है कि वह इस संधि में कोई बदलाव नहीं कर सकता। यह भारत और पाकिस्तान को ही तय करना है।

अजय बंगा के इस बयान से यह साफ हो गया है कि वर्ल्ड बैंक इस मामले में कोई दखल नहीं देगा। अब यह देखना होगा कि भारत और पाकिस्तान इस संधि को लेकर क्या फैसला लेते हैं। क्या वे इसे जारी रखेंगे या इसमें कोई बदलाव करेंगे यह आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन, एक बात तय है कि यह मामला दोनों देशों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# जेनेरिक दवाएं लिखने के कानूनी आदेश का उजाला

ललित गर्ग

समाज

जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व (एक्टिव इंग्रेडिएंट) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए जेनेरिक दवाइयां लिखने एवं किसी विशेष कंपनी की दवाइयां न लिखने की नसीहत देकर न केवल गरीब मरीजों को राहत पहुंचाई है बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में व्याप्त मनमानी, मूल्यहीनता, रिश्वत एवं अनैतिकता पर अंकुश लगाने की दिशा में सराहनीय एवं प्रासंगिक पहल की है। सुप्रीम कोर्ट से पहले राजस्थान उच्च न्यायालय ने भी ऐसा ही फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की पीठ संदीप मेहता, विक्रम नाथ और संजय करोल ने दवा कंपनियों से जुड़ी याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की है। इस याचिका में दवा कंपनियों पर मनमानी एवं रिश्वतखोरी का आरोप लगाया गया था। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अगर पूरे देश में इस फैसले का पालन हो, तो इससे अहम सुधार हो सकता है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा-डॉक्टरों पर अक्सर दवा कंपनियों से रिश्वत लेने का आरोप लगता है। ऐसे में अगर डॉक्टर जेनेरिक दवाएं लिखेंगे, तो उनपर लगने वाले इल्जाम का मुद्दा भी हल हो जाएगा। ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक दवाओं का लाभ मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जेनेरिक दवाइयों को जनव्यापी बनाने की दिशा में सार्थक पहल की है। पूरी दुनिया में जेनेरिक दवाइयों को ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर काम हो रहा है, लेकिन दवा माफिया इसमें बाधाएं खड़ी कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता से दवा कंपनियों व चिकित्सकों के अपवित्र गठबंधन को तोड़ा जा सकता है, जो बड़ी आबादी की एक बड़ी समस्या का सटीक समाधान होगा।

निश्चित ही डॉक्टर अगर सिर्फ जेनेरिक दवाएं लिखें तो दवा कंपनियों की रिश्वतखोरी बंद हो सकती है। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें फार्मास्युटिकल मार्केटिंग की समान संहिता पर कानून बनने तक दवा कंपनियों की अनैतिक विपणन प्रथाओं को नियंत्रित करने के दिशा-निर्देश की मांग की गई थी। भारत में किफायती जेनेरिक दवाओं का उत्पादन एवं प्रचलन एक जीवन रेखा है, लेकिन इसके गुणवत्ता के आश्वासन को मजबूत करने के साथ डाक्टरों की मनमानी पर नियंत्रण करना होगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय की पहल एक रोशनी बनेगा। आज जबकि देश में लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज एवं महंगी दवाइयां बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये जेनेरिक दवाओं पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इजाफा हुआ है। मोदी सरकार ने जेनेरिक दवाओं को ज्यादा स्वीकार्य बनाने एवं सर्वसुलभ कराकर एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात किया है।

जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व (एक्टिव इंग्रेडिएंट) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है। हालांकि, भारतीय मेडिकल काउंसिल ने

भारत-पाक तनाव के बीच स्वामी सत्यानंद जी सरस्वती ने दिल्ली में शांति के लिये योगाभ्यास कराया।



## कार्टून वर्ल्ड



स्पीड न्यूज

## रजरप्पा के कई दुकानों में छापेमारी



रामगढ़ । सिविल सर्जन रामगढ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी के निर्देशानुसार शुक्रवार को रजरप्पा थाना अंतर्गत जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप द्वारा रजरप्पा मोड़ के समीप कोटपा 2003 के अंतर्गत छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कोटपा अंतर्गत 6ए एवं धारा 4 के अंतर्गत 6 दुकानदारों से 1100 रुपए का आर्थिक दंड वसूला गया । कई दुकानदारों से उनके दुकान पर लगे अवैध बैनर को निकलवाया गया। होटल और मॉल में धूम्रपान निषेध का बोर्ड नहीं होने की स्थिति में अर्थदंड लिया गया, उन्हें प्रारूप दिया गया तथा उसे लगाने हेतु निर्देश दिया गया। तंबाकू दुकानदारों द्वारा साइनेज लगाया जाना अनिवार्य है नहीं रहने पर 200 रुपए का आर्थिक दंड लिया जाएगा। छापेमारी में तम्बाकू नियंत्रण परामर्शी, फूड सेफ्टी कर्मी एवं अपर मुख्य चिकित्सा कार्यालय के कर्मियों का सहयोग रहा ।

## कुजू ओपी प्रभारी से मिले भाजपा नेता



कुजू। कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल। भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने ओपी प्रभारी को बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने ओपी प्रभारी से क्षेत्र के लगातार क्षेत्र में हो रही चोरी के साथ अन्य घटना के बारे में जानकारी देते हुए अंकुश लगाने का आग्रह किया। जिस पर ओपी प्रभारी ने सभी समस्याओं को निबटारा करने का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वालो में भाजपा मांडू मंडल उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू, सुखदेव सोनी, मनसरी देवी, वीणा देवी, आशा देवी, सुनीता देवी, सुमन देवी, कौशल्या देवी, छोटन प्रजापति आदि शामिल थे।

## बाल संसद के पदाधिकारियों ली शपथ



रजरप्पा। कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा शुक्रवार को बाल संसद के सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना, आचार्य अमरदीप प्रसाद,अमरदीप नाथ शाहदेव एवं भैया बहन उपस्थित थे। मिथिलेश कुमार खन्ना ने बाल संसद की महत्ता पर प्रकाश डाला और छात्रों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बाल संसद विद्यार्थियों के नेतृत्व कौशल को निखारने तथा उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का एक प्रभावशाली माध्यम है। बाल संसद नवनिर्वाचित अध्यक्ष सलोनी कुमारी, उपाध्यक्ष प्रेम कुमार, प्रधानमंत्री आराध्या सेंगर, उपप्रधानमंत्री मंजीत भट्टाचार्य, सेनापति शिवम साहू, सह सेनापति सुर्यांश उपाध्याय, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मंत्री अमन कुमार, जल एवं पर्यावरण मंत्री आदित्य सेंगर, सांस्कृतिक मंत्री अक्षित आर्या, शिक्षा मंत्री आदित्य पाठक, खेल मंत्री चंदन कुमार, बागवानी मंत्री अशुतोष कुमार सहित सभी पदाधिकारियों को उनके पद की शपथ दिलाई गई। सभी पदाधिकारियों ने विद्यालय के प्रति निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता से कार्य करने का संकल्प लिया।

## शांतिनगर के एक आवास में चोरी

कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के कुजू कोलियरी शांति नगर में बीती रात चोरों ने एक आवास में चोरी की घटना को अंजाम दिया। मामले को लेकर भुक्तभोगी प्रेमचंद महतो ने कुजू पुलिस को सूचना देते हुए ओपी में आवेदन दिया। जिसमें उन्होंने कहा है कि रात्रि करीब 8 बजे अपने परिवार के साथ पास में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। जब रात 10 बजे घर पहुंचा तो देखा की घर का ताला टूटा है। इसके बाद अंदर गया तो कमरों में लगे ताला को भी टूटा पाया। इसके पुलिस को इसकी जानकारी दिया। पुलिस पहुंचने के बाद देखा कि अलमीरा में रखे सोने-चांदी के जेवरात गायब है। जिसकी कीमत करीब 3 लाख 50 हजार है। मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी ही।

## एइटीयूसी में शामिल हुये पुलकेश



भुरकुंडा (रामगढ़)। बरका सयाल जीएम यूनिट के कोल कर्मचारी पुलकेश चक्रबर्ती ने जनता मजदूर संघ को छोड़ते हुए अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (एईटीयूसी) का दामन थाम लिया। उन्हें यूनियन की सदस्यता रसीद महासचिव सतीश सिन्हा द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, क्षेत्रीय वेलफेयर सदस्य कमलेश कुमार, जीएम यूनिट अध्यक्ष शिवनंदन दास, यूनिट के सचिव कमल कुमार सिंह और सनी कुमार उपस्थित थे।

# सांसद मनीष जायसवाल ने बरही विधानसभा का किया तूफानी दौरा

### जायसवाल ने महायज्ञ में पूजा कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को भीषण गर्मी में बरही विधानसभा क्षेत्र का तूफानी दौरा किया। उन्होंने चौपारण के विशनपुर और केंदुआ में आयोजित महायज्ञों के पूर्णाहुति में भाग लिया। विशनपुर में नौ दिवसीय श्री दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा एवं नव चंडी महायज्ञ और केंदुआ में 11 दिवसीय श्री महारुद्र यज्ञ का समापन हुआ। जायसवाल ने महायज्ञ में पूजा अर्चना क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके बाद, जायसवाल चौपारण प्रखंड के सबैया पहुंचे, जहां भाजपा नेता राकेश रंजन के आवास पर कार्यकर्ताओ से मुलाकात की।

वहीं, झापा निवासी भाजपा कार्यकर्ता बिंदेश्वर नायक की पुत्री के विवाह समारोह में भी पहुंचे और आशीर्वाद दिया। पदमा के नावाडीह निवासी पॉकलेन हेल्पर विकास कुमार मेहता (24) के आकस्मिक निधन की सूचना पाकर जायसवाल मृतक के परिजनों से मिले। विकास की मौत गुवाहाटी में कार्यस्थल पर हुई थी। जायसवाल ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और मुआवजा दिलाने के प्रयास का भरोसा दिलाया।

इस दौरान हजारीबाग के जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, भाजपा नेता मुकुंद साव, राकेश रंजन सहित कई स्थानीय नेता मौजूद रहे। सांसद ने क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के महत्व पर जोर दिया और जनता से सकारात्मक पहल करने की अपील की।

# नौनिहालों पर ध्यान दीजिये हुजूर...

### घटना घटने के बाद लकीर पीटने का क्या फायदा!

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** बड़कागांव रोड पर हर दिन सैकड़ों मासूम बच्चे स्कूल जाने के लिए निकलते हैं, लेकिन इस सड़क पर दौड़ती भारी वाहन उनकी ज़िंदगी को खतरे में डाल रही हैं। एंजल्स हाई स्कूल, दो दिल्ली पब्लिक स्कूल, गुलमोहर स्कूल, दून सेंट्रल स्कूल और विवेकानंद स्कूल के बच्चे हर दिन इसी सड़क से गुजरते हैं। बावजूद इसके, प्रशासन की उदासीनता और बड़े वाहनों की बेलगाम रफ्तार ने इस मार्ग को एक दुर्घटना क्षेत्र बना दिया है।

बीते कुछ वर्षों में यहां कई गंभीर सड़क हादसे हो चुके हैं। हर घटना के बाद प्रशासन द्वारा नो एंट्री, हाइवा पर प्रतिबंध और सख्तियों की घोषणाएं की जाती हैं। लेकिन समय बीतते ही यह



**बड़कागांव रोड पर सड़क पर दौड़ता हाइवा, स्कूल जाते बच्चे।**

आदेश हवा हो जाते हैं। बड़ी गाड़ियां फिर से फर्राटे भरने लगती हैं। स्कूल टाइम में जब मासूम बच्चे सड़क पार कर रहे होते हैं, तभी तेज रफ्तार ट्रक और हाइवा बिना किसी रोक-टोक के दौड़ते हैं। यह स्थिति न केवल बच्चों बल्कि उनके परिजनों के लिए भी चिंता का कारण बन गई है। यहां के लोगों का कहना है कि हर बार हादसे के बाद ही प्रशासन की नींद खुलती है। सड़कों पर पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग और सख्ती के आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन कुछ दिनों के बाद सब पहले जैसा हो जाता है। एक अभिभावक ने कहा, ₹क्या प्रशासन किसी और मासूम की जान जाने का इंतजार कर रहा है? प्रशासन की लापरवाही कब खत्म होगी? बड़कागांव रोड पर हर दिन स्कूली बच्चों की जान जोखिम में है। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो एक और बड़ी दुर्घटना का इंतजार करना प्रशासन की लापरवाही का सबूत होगा।

## राष्ट्रीय शिक्षा सोसाइटी के सलाहकार बने बीपी गुप्ता


रामगढ़। रामगढ़ निवासी बीपी गुप्ता का चयन आदिवासी छात्रों के लिए कार्य करने वाली राष्ट्रीय शिक्षा सोसाइटी में सलाहकार के पद पर हुआ है। झारखंड से एक मात्र बीपी गुप्ता इस पद के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चुने गए हैं। इन्हें एक सप्ताह के अंदर रांची स्थित प्रोजेक्ट शिक्षा भवन स्थित राष्ट्रीय शिक्षा परिषद के कार्यालय में योगदान देना है। इनका कार्य झारखंड स्थित सारे एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के संचालन में मार्गदर्शन करना होगा। बीपी गुप्ता जनवरी 2024 में जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा, सिमडेगा (झारखंड) से प्राचार्य के पद से सेवानिवृत हुए हैं। इसके पूर्व ये श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ में उप प्राचार्य के पद पर कार्य कर चुके हैं। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ से त्यागपत्र देकर 2006 में नवोदय विद्यालय में योगदान दिया था।

# पिता का श्राद्ध छोड़कर, देश सेवा के लिए गया बीएसएफ का जवान

### बड़े भाई सेवानिवृत्त कैप्टन बिनोद सिंह ने पिता को दी मुखाग्नि

खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** जब देश पुकारे, तो सच्चा सपूत किसी भी परिस्थिति में पीछे नहीं हटता। झारखंड के हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड स्थित झापा पंचायत के कोल्हूआ गांव निवासी बीएसएफ जवान अमित कुमार ने एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो पूरे देश को प्रेरित कर रही है। उन्होंने अपने पिता के श्राद्ध संस्कार के बीच में ड्यूटी का बुलावा आते ही घर की जिम्मेदारियां भाई को सौंपा, मातृभूमि की सेवा को प्राथमिकता दी। जानकारी के अनुसार, अमित कुमार के पूज्य पिता स्वर्गीय विशंभर सिंह का निधन 3 मई को हुआ था। शोक की इस घड़ी में अमित कुमार छुट्टी लेकर गांव पहुंचे और श्राद्ध क्रिया में शामिल हुए। लेकिन तभी सीमा पर तनाव बढ़ने के कारण उन्हें तत्काल ड्यूटी पर लौटने का निर्देश मिला। देश सेवा को सर्वोपरि मानते हुए अमित ने पारिवारिक रस्मों को अधूरा छोड़ कर तत्काल सीमा के लिए प्रस्थान किया। गांव के लोगों और परिवार के सदस्यों ने इस निर्णय को सराहा और इसे एक प्रेरणादायक कदम बताया। इस कठिन समय में अमित के बड़े भाई सेवानिवृत्त कैप्टन बिनोद सिंह, जो स्वयं सेना में सेवाएं दे चुके हैं, ने पिता की सभी अंतिम विधियों को निभाया। उन्होंने कहा कि देश सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मैं अपने भाई के फैसले से पूरी तरह सहमत हूं। कोल्हूआ गांव के ग्रामीणों ने दोनों भाइयों के समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि यह घटना आज के समाज के लिए एक उदाहरण है। जब अधिकांश लोग निजी लाभ को प्राथमिकता देते हैं, तब ऐसे लोग राष्ट्र की आत्मा को जीवित रखते हैं। यह कहानी बताती है कि आज भी देशभक्ति केवल किताबों में नहीं, बल्कि हमारे बीच जीवित है – कर्म में, त्याग में और कर्तव्य के प्रति निष्ठा में।




## मानव जन कल्याण के अध्यक्ष बने विजय राय



**कुजू।** अक्षत बैंक्विट हॉल में शुक्रवार को मानवाधिकार जनकल्याण एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बनें विजय कुमार राय। रामगढ़ जिला में भी एसोसिएशन का विस्तार किया। जिसमें अध्यक्ष अनुज कुमार, उपाध्यक्ष रंजीत मिश्रा, महासचिव राजेश सिन्हा, मीडिया सचिव दिनेश कुमार, जिला विधि सचिव अनिल सिंह, जिला कार्यक्रम सचिव धर्मेंद्र सिंह, जिला वेलफेयर सचिव सनी देओल का चयन किया गया। इस दौरान सभी को फूल माला पहनाकर व नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया। राय ने कहा कि संगठन के प्रति हमेशा सजग रहने के साथ उसके विस्तार पर भी ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व में जो भी अध्यक्ष पद पर थे, आने वाले समय मे उनसे बेहतर कार्य करूंगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष वीके सक्सेना ने कहा कि एशोसिएशन का उद्देश्य ही सरकारी व गैर सरकारी विभागों में व्याप्त रिश्वतखोरी व भ्रष्टाचार को रोकना है। भ्रष्ट और रिश्वतखोर अधिकारियों पर कानूनी कार्यवाही कराना व सजा दिलवाना ।सरकारी अस्पतालों में सरकार द्वारा गरीबों के इलाज के लिए दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ गरीबों को दिलाना।

# विस्थापितों को मिले रोड सेल संचालन का अधिकार

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़) रैयत विस्थापित रोड सेल समिति बरका सयाल भुरकुंडा के द्वारा मौजा देवरिया बरगांवा में गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जयवीर मुंडा और संचालन राकेश मुंडा ने किया। बैठक में यह मांग की गई कि सीसीएल प्रबंधन जल्द से जल्द लोकल सेल को चालू करे और उसका संचालन रैयत विस्थापितों को सौंपे। समिति ने स्पष्ट किया कि यदि विस्थापितों को संचालन का अधिकार नहीं दिया गया, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से सीसीएल के कार्यों का विरोध करेंगे। बैठक में पूर्व जिप सदस्य झरी मुंडा, मेघनाथ मुंडा, सुनील मुंडा, छोटू बेदिया, पारसनाथ मुंडा, हितलाल मुंडा, सुनीता देवी, ऊषा देवी, पाचो देवी, तारो देवी, लीलावती देवी, बसंती देवी, संदीप मुंडा, शंकर मुंडा, सरयू मुंडा, मंगलेश मुंडा, किशोर करमाली, राजेंद्र महली सहित बड़ी संख्या में रैयत विस्थापित उपस्थित थे। मालूम हो कि 6 मई को भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी और रैयत विस्थापितों के बीच लोकल सेल चालू करने के विषय पर वार्ता हुई थी। वार्ता में भुरकुंडा पीओ ने कहा था कि चारों विस्थापित गांव मौजा बलकुदरा, कुरसे, देवरिया बरगांवा और दुन्दुवा आपसी सहमति बनाकर दो से तीन दिन में प्रस्ताव लेकर आएं। उन्होंने आश्वस्त किया था कि सहमति बनने के तुरंत बाद रैयत विस्थापितों के लिए लोकल सेल चालू करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। यह पहल लंबे समय से विस्थापितों द्वारा की जा रही मांगों की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। विस्थापितों ने इस आश्वासन का स्वागत किया, यदि वादा पूरा नहीं होता है, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने से पीछे नहीं हटेंगे।



**भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी ने 6 मई को दिया था आश्वासन : समिति**

एक नजर में

## रामगढ़ गुरुनानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पेड़ों पर लगाये क्यूआर कोड




रामगढ़ । गुरुनानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ के इको क्लब ने स्कूल परिसर के भीतर पेड़ों के लिए क्यूआर कोडिंग मिशन शुरू करके पर्यावरण के अनुकूल कदम उठाया है। लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) मिशन के हिस्से के रूप में,छात्रों ने विभिन्न पेड़ प्रजातियों पर क्यूआर कोड बनाए और लगाए, जिससे उनके वनस्पति नामों, उपयोगों और पर्यावरणीय महत्व के बारे में जानकारी तक आसान पहुंच हो सके। यह पहल न केवल जागरूकता और संरक्षण को बढ़ावा देती है बल्कि पर्यावरण शिक्षा के साथ प्रौद्योगिकी को भी एकीकृत करती है। यह पहल कक्षा 6 से 8 तक के इको क्लब के छात्रों द्वारा की गई, जिन्होंने पेड़ों को डिजाइन करने, कोडिंग करने और टैग करने में सक्रिय रूप से भाग लिया। मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल हरजाप सिंह ने छात्रों के उत्साही प्रयासों की सराहना की और शिक्षा में पर्यावरण जागरूकता के महत्व पर बहुमूल्य जानकारी भी साझा की।यह कार्यक्रम इको क्लब प्रभारी शिक्षिका पूनम वर्मा एवं शिवानी शर्मा के द्वारा बच्चों से करवाया गया जिसमें इको क्लब की सचिव मुस्कान कुमारी भी रहीं और चारों सदनों के इको क्लब के कप्तान जिनके नाम साहिबजादा अजीत सिंह हाउस शैली कुमारी 12वीं कला से,साहिबजादा जोरावर सिंह हाउस अनन्या लोहानी 12वीं विज्ञान (ब) से,साहिबजादा फतेह सिंह हाउस से शुभांगी कुमारी 12वीं विज्ञान (ब) से और साहिबजादा जुझार सिंह हाउस अशिमत कौर 12वीं विज्ञान (ब) से रहीं। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य परमदीप सिंह कालरा, स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरिंदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार नरिंदर पाल सिंह गुजराल, सरदार पुशविंदर पाल सिंह, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी और सरदार करमजीत सिंह याजग्गी मौजूद थे। उनके प्रोत्साहन और उपस्थिति ने इस अवसर को और भी खास बना दिया।

## सामाजिक सुरक्षा निदेशक ने सुनी समस्या

हजारीबाग। उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देशानुसार, सामाजिक सुरक्षा निदेशक निवेदिता रॉय ने शुक्रवार को समाहरणालय सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में सन्तोष कुमार सिंह एवं संजीव कुमार समस्त योग शिक्षक एचडब्ल्यूसी हजारीबाग ने 2 वर्ष पूर्व से कार्य कर रहे योग शिक्षकों की पुनः नियुक्ति के संबंध में आवेदन सौंपा, कुम्हार टोली हजारीबाग से सुमित चंद्र सहाय ने एलपीसी निर्गत नहीं किए जाने के संबंध में आवेदन दिया, डांडी आंचल थाना गिद्दी की रीमा देवी ने अपने जमीन पर अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिए, दादपुर पंचायत चौपारण के मोहम्मद वसीम ने ट्राई साइकिल उपलब्ध किए जाने को लेकर आवेदन दिए, विष्णुगढ़ की सुनीता कुमारी ने पिता के संपत्ति में अधिकार एवं मायका में सम्मान प्राप्ति हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवेदन सौंपा। समाजिक सुरक्षा निदेशक ने जनता दरबार में आए सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जांचोपरांत त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया।

## बरही : नो पार्किंग जोन में रुकते हैं वाहन

**बरही।** बरही चौक के चारों राष्ट्रीय राजमार्ग पर 50 मीटर का एरिया नो पार्किंग जोन है। नो पार्किंग जोन में वाहनों के रुकने और फुटपाथ दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने पर रोक लगाने की जिम्मेदारी ट्रैफिक पुलिस की है। लेकिन ट्रैफिक पुलिस और बरही थाना पुलिस नो पार्किंग जोन के आदेश का अनुपालन नहीं करा पा रही है। लोग बाजारों में सड़क किनारे कहीं भी वाहन पार्क कर खरीदारी करते हैं। ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। इधर-उधर वाहन पार्क किए जाने के कारण बरही चौक पर जाम लग जाता है।

## बरही : कंटेनर और ट्रक में भीषण टक्कर

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र के पंचमाधव गांव के समीप शुक्रवार की सुबह करीब 05 बजे ट्रक संख्या जेएच 10 एजी 5032 और कंटेनर संख्या एनएल 01 एडी 6867 में भीषण टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों वाहनों के चालक कुछ देर तक वाहनों में ही फंसे रहे, हालांकि ग्रामीणों और पुलिस की मदद से दोनों चालकों को सुरक्षित निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार ट्रक बनारस से धनबाद और कंटेनर कोलकाता से एमपी जा रहा था, इसी दौरान यह हादसा हुआ। मालूम हो कि पंचमाधव में सड़क चौड़ीकरण और ओवरब्रिज का निर्माण कार्य वर्षों से रुका हुआ है, जिसके कारण फोरलेन को टू लेन में तब्दील कर दिया गया है। जिसके कारण आए दिन ऐसी घटनाएं होती रहती हैं।

## भगवान भुवन भास्कर की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा

विष्णुगढ़। उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी तट पर स्थित भास्करधाम में नवनिर्मित सूर्य मंदिर में स्थापित भगवान भुवन भास्कर की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा शुक्रवार को हो गया। इसके अलावा हनुमान धारा मंदिर में भी रामदूत हनुमान जी की प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठित हो गई। इसे लेकर भास्करधाम में सात दिवसीय भगवान सूर्य हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया गया था। जिसका समापन शुक्रवार को हो गया। अयोध्या धाम से पधारे यज्ञाचार्य श्री अनिरुद्ध आचार्य जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन तथा प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न कराया। अंतिम दिन नवनिर्मित सूर्य मंदिर की दिव्य प्रतिमा के दर्शन एवं महायज्ञ की पूणार्हुति के लिए विष्णुगढ़ के अलावा आसपास गांवों के भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने यज्ञमंडप के यथासंभव फेरी भी लगाकर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। सार्वजनिक सूर्य मंदिर निर्माण कमेटी के सदस्यों ने सात दिवसीय महायज्ञ के सफल आयोजन पर सभी सहयोगियों का आभार जताया। बता दें कि भास्करधाम में सूर्य मंदिर करीब दो करोड़ रुपये से अधिक की लागत बनाया गया है।

महायज्ञ में करीब 40 लाख रुपये से अधिक राशि खर्च की गई। सूर्य मंदिर की भव्य भगवान भुवन भास्कर की सफेद संगमरमर की प्रतिमा राजस्थान के अलवर से मंगाई गई है। जो साथ घोड़ों के रथ पर सवार हैं। प्रतिमा का वजन करीब पांच हजार किलोग्राम है। बेसर शैली में निर्मित मंदिर में महाराष्ट्र के कारीगरों का योगदान है। 75 फीट ऊंचा भव्य सूर्य मंदिर उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी के बीच धारा में बनाया गया है। जो काफी हवादार, सुकूनदायक एवं भव्य है।

स्पीड न्यूज

## वृक्ष विक्रय की राशि जमा करने का सख्त निर्देश

**सिमरिया।** सिमरिया रेफरल अस्पताल परिसर में विक्रय किए गए लकड़ी की राशि अब तक अस्पताल प्रबंधन समिति के खाते में जमा नहीं किए जाने पर अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने नाराजगी जताई है। उन्होंने पूर्व चिकित्सा प्रभारी डॉ. अशोक करमाली को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि विक्रय से प्राप्त 60,000 रुपये की राशि शीघ्र समिति के खाते में जमा करें और उसकी रसीद कार्यालय में प्रस्तुत करें।

## शादी की खुशी मातम में बदला

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के दरदाही में एक शादी समारोह उस वक्त गम में तब्दील हो गया, जब दूल्हे की भाभी उसी कमरे में संदिग्ध अवस्था में मृत पाई गयी। मृतका की पहचान रविंद्र राणा की पत्नी 25 वर्षीय ममता कुमारी के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार रविन्द्र के छोटे भाई की शादी थीं, शाम को बारात निकलनी थीं, घर में खुशी का माहौल था, लेकिन एकाएक दूल्हे की भाभी को उसके कमरे में मृत पाया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## प्रा.वि.महुवाटांड के पारा शिक्षक विद्यालय से रहते है गायब

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में शिक्षा विभाग के लचर रवैये के कारण विद्यालयों का संचालन में सुधार नहीं हो रहा है। यहां के विद्यालयों का न तो खुलने का समय निर्धारित है और न तो बंद होने का। शुक्रवार को जब 8 बजे सुबह पत्रकारों की टीम मरकच्चो प्रखंड के दक्षिणी पंचायत स्थित राज्यत प्राथमिक विद्यालय महुवाटांड़ पहुंच कर विद्यालय का जायजा लिया तो विद्यालय में एक सरकारी शिक्षक के अलावे विद्यालय में एक भी पारा शिक्षक नहीं थे। इतना ही नही विद्यालय में बच्चे भी नहीं पहुंचे थे।

## चेचाई से एक व्यक्ति का शव बरामद

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चेचाई स्थित संतोषी माता मंदिर के समीप शुक्रवार सुबह पुलिस ने एक 50 वर्षीय व्यक्ति की संदेहास्पद हालत में शव बरामद किया है। युवक की पहचान बिहार शरीफ निवासी पंकज हलवाई के रूप में की गई है। वहीं पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## लाचार गरीबों का सहारा आयुष्मान योजना बंद : नसीम

**कोडरमा।** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने मुख्यमंत्री को ट्वीट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि गरीबों के मुफ्त इलाज के लिए भारत सरकार ने आयुष्मान भारत योजना शुरू की थी, जिसके अंतर्गत 500000 लाख तक का गरीबों का मुफ्त इलाज हो रहा था। जिले में दो निजी अस्पताल आयुष्मान योजना के अंतर्गत रजिस्टर्ड है, लेकिन दोनों अस्पताल इलाज बंद कर रखा है। वही सईद नसीम ने जल्द से जल्द सेवा बहाल हेतु आवश्यक कदम उठाने की मुख्यमंत्री से मांग की हैं।

## रवींद्रनाथ टैगोर की 164वीं जयंती का आयोजन

**डोमचांच (कोडरमा)।** मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी डोमचांच में शुक्रवार को महान कवि नोबेल पुरस्कार विजेता एवं राष्ट्रगान के रचयिता रवींद्रनाथ ठाकुर की 164वीं जयंती के अवसर पर विद्यालय में छात्रों के बीच विभिन्न प्रकार के क्रियाकलाप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सबसे पहले रविंदनाथ टैगोर की तस्वीर पर निदेशक रजनीश शर्मा एवं शिक्षाविद रामप्रवेश पांडेय ने दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर निदेशक ने कहा कि रविन्द्र नाथ टैगोर आज भी प्रासंगिक हैं। बच्चों को उनके दिए गए योगदान को भूलना नहीं चाहिए, तथा बच्चों को उन्हीं की तरह साहित्य एवं अन्य क्षेत्रों में उत्ष्ट बनने की सदा सोंच और चिंतन रखना चाहिए। इस अवसर पर अभिषेक कुमार, राकेश रोशन, नेहा कुमारी सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

### अतिक्रमण करने वालों का सामान जप्ती के साथ 5000 रुपये का लगाया जायेगा जुर्माना

# सड़क किनारे अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं : एसडीओ





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद के द्वारा एक माह से पूरे शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को कोडरमा स्टेशन से शहर में अवैध कब्जा को हटाने के लिए एसडीओ रिया सिंह, नगर परिषद के सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार व नगर परिषद की पूरी टीम के साथ सड़क पर उतरे. शहर के स्टेशन रोड से सुभाष चौक तक नगर परिषद का बुलडोजर चलाया गया। जहां दो दर्जन से अधिक गुमटी को जब्त किया गया, कई दुकानों के द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था, उन लोगो के अतिक्रमण को हटाया गया। बेलाटांड़ कला मंदिर के समीप खुले में मांस बेचने वालों को कड़ी चेतावनी दी गयी और काले शीशे के अंदर मांस मछली बेचने का निर्देश दिया गया। वही सुबह से दोपहर बाद तक चली कार्रवाई में गुमटी, बैनर, बोर्ड को जब्त किया गया, जबकि एक-एक दुकान को तोड़कर हटा दिया गया। अवैध कब्जा हटाने से पहले नगर परिषद की ओर से चार दिन पूर्व ही पूरे शहर में मेकिंग के द्वारा अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। एसडीओ रिया सिंह ने कहा कि अगर खुले में मांस, मछली, मुर्गा बेचते पकड़ा गया तो विधिसम्मत करवाई की जाएगी। सभी मांस विक्रेता मांस को ढक कर बेचें और मांस के अवशिष्ट को जहां-तहां न फेंके। किसी ऐसे आदमी को ढूंढ़ें जो मांस के अवशिष्ट को ले जाकर खाद का उपयोग करे, इससे शहर को प्रदूषण से राहत मिलेगी। नगर परिषद अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ लगातार माइकिंग करा रहा है, जिसके बाद भी लोग सड़क पर अवैध कब्जा कर रखे हुए थे, जो बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। नप के द्वारा यह अभियान लगातार चलाई जाएगी और सड़क पर अतिक्रमण करने वालो का समान जप्त कर उन्हें 5000 का जुर्माना लगाया जाएगा। अवैध कब्जा के कारण शहर में जाम की समस्या बनी रहती है।

**दोबारा किया अतिक्रमण, तो कार्रवाई भी तय :** नगर परिषद के नगर प्रबन्धक लेमांशु कुमार ने कहा कि अवैध कब्जा करने वालों को चेतावनी दिया कि अब दोबारा अतिक्रमण किया तो तत्काल कार्रवाई होगी। नप के रडार पर दोबारा अवैध कब्जा करने वाले हैं, शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सबकी भूमिका व जिम्मेदारी है। अभियान में नगर प्रबंधक लेमांशु कुमार, सफाई निरीक्षक राजू राम, राजस्व निरीक्षक शम्भू कुमार रजक, अभिषेक कुमार मेहता, अजीत कुमार, संतोष प्रसाद, जेई महफूज आलम, दुलारचंद यादव, सुदर्शन श्रीवास्तव, लखन सिंह, बलराम कुशवाहा, बिमल शर्मा, नगर परिषद के सफाई कर्मी समेत नप के होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## अवैध रूप से संचालित ढिबरा चाल धंसने से 4 मजदूर दबे, एक की मौत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** वन्य प्राणी प्रक्षेत्र अंतगर्त लोमचांची में अवैध रूप से संचालित ढिबरा खदान के चाल धंसने से एक मजदूर की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है, घटना बीते गुरुवार शाम की बताई जाती है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कोडरमा वन्य प्राणी प्रक्षेत्र के जंगली क्षेत्र लोमचांची में ढिबरा का चाल धंस जाने से अवैध उत्खनन कार्य में जुटे 4 मजदूर दब गए, जिसके बाद अन्य लोगों ने चारों लोगों को काफी मशक्कत से बाहर निकाला और इलाज के लिए निजी क्लिनिक ले गए, जहां चिकित्सक ने एक मजदूर को मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नही हो पाई, वहीं इस सम्बंध में पूछे जाने पर वन्य प्राणी प्रक्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू ने बताया कि उन्हें भी इस तरह की घटना होने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद वन विभाग की टीम को घटनास्थल भेजा गया, परन्तु कुछ भी जानकारी अभी तक नही मिल पाया है और न ही इस मामले को लेकर कोई शिकायत दर्ज कराया गया है, घटना की जानकारी ली जा रही है, जानकारी मिलते ही दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## हाथियों का उत्पात फिर से शुरू

### ग्रामीणों में भय का माहौल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के बेरहवा जंगल से सटे गांवो में हाथियों का उत्पात फिर शुरू हो गया है। गुरुवार की रात हाथियों का झुण्ड बेरहवा जंगल से सटे महुआटांड गांव पंहुच कर जमकर उत्पात मचाया। रात के लगभग 11 बजे लगभग तीन दर्जन हाथियों का झुण्ड जिसमें लगभग एक दर्जन हाथी के बच्चे भी शामिल हैं। हाथियों का झुंड महुआटांड निवासी मंसूर आलम के ईंट भट्टे पर पंहुचा तथा वहां मजदूरों के लिए बनाये गए झोपड़ियों में तोड़ फोड़ करना शुरू कर दिया। झोपडी के अंदर सोये मजदूरों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। ईंट भट्टा में काम करने वाले मजदूर शिवबालक, राजु, राजबलम, बालमुकुंद, सुनीता देवी आदि ने बताया कि जब हाथियों का झुण्ड वहां पंहुचा तो वे लोग झोपडी में ही सो रहे थे। अचानक हाथियों ने झोपडीयो को तोडना शुरू कर दिया। उसके बाद वे लोग अपने बच्चों को लेकर किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। हाथियों ने तोड़ फोड़ करने के बाद वहां रखे उनके सारे राशन को भी चट कर गया। उनलोगो द्वारा शोर करने पर पंहुचे ग्रामीणों ने लूप व पटाखे जलाकर किसी तरह हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा। इस दौरान हाथियों ने जाकिर हुसैन व यासीन मियां का बउंड्री वाल को तोड़ दिया, साथ ही हाथियों ने उतमित राजकीय विद्यालय के बउंड्री को भी तोड़ दिया। हाथियों का झुण्ड बेरहवा वन में ही बसेरा बनाये हुए है। जिससे आसपास के गांव में भय का माहौल है।

## पंप सेट खोलने के दौरान दो युवक की मौत, एक घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरनानगर में बीती रात दिल दहलाने वाली घटना घटित हुई। घटना में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक को कुआं से सुरक्षित बाहर निकाला गया। वहीं युवकों की पहचान पुरनानगर के 28 वर्षीय बहादुर राणा पिता टुकन राणा, 27 वर्षीय सुरेंद्र साव पिता बासुदेव साव एवं 25 वर्षीय राहुल राणा पिता अशोक राणा के रूप में किया गया। मिली जानकारी अनुसार मृतक के घर के बगल में एक शादी समारोह का कार्यक्रम हो रहा था, इसी लिए कुआं से पानी लेने के लिए डीजल पंप लगाया गया था। वहीं कार्यक्रम समाप्त होने के बाद तीनों युवक कुंआ पर लगे पंप सेट को खोलने गए थे। इसी दौरान बहादुर राणा पंप सेट खोल रहा था और अचानक पैर फिसल गया, जिससे वह पंप सेट लेते हुए कुंआ में गिर गया।

## स्नेह मिलन व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया में शुक्रवार को विभिन्न सदनों के चयनित भैया बहनों का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। गंगा यमुना सरस्वती और गोदावरी सदनों के पदधारी सभी भैया बहनों ने दायित्व एवं कर्तव्य निर्वहन की शपथ ली। सर्वप्रथम गंगा सदन से भैया अंकित कुमार, यमुना सदन से बहन तेजस्वी कुमारी, सरस्वती सदन से भैया सानू कुमार और गोदावरी सदन से भैया नंदकिशोर ने अध्यक्ष पद का दायित्व लिया। पश्चात् प्राचार्य शर्मेन्द्र कुमार साहु के स्थानातंर पर स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती, ऊँ और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह, उपाध्यक्ष नंद राय, सचिव अनुराग सिंह, कोषाध्यक्ष नवल कुमार, सदस्य कुंज बिहारी त्रिवेदी, मुंशी यादव और प्राचार्य शर्मेन्द्र कुमार साहु ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सचिव अनुराग सिंह ने कहा कि प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू हमसे दूर नहीं अपितु विभाग के प्रमुख विद्यालय में गए हैं। इनका मार्गदर्शन हमेशा विद्यालय को मिलता रहेगा। वहीं अध्यक्ष नारायण सिंह ने कहा कि आप जहां भी जा रहे हैं यश के भागी बने यही हमारी परमपिता परमेश्वर से कामना है। वहीं आचार्य शर्मेन्द्र साहु ने अपने विदाई भाषण में कहा कि मैंने नारियल की भूमिका निभाई है। क्योंकि व्यक्ति और दायित्व दोनों दो किनारे हैं। व्यक्ति के रूप में मैं सभी का हितैषी था और दायित्व के रूप में मैं विद्यालय का हितैषी था। इस कारण कभी कुछ कठोर निर्णय भी लेने पड़े। आज जब मैं दूसरे विद्यालय में जा रहा हूं तो मेरी इच्छा यही है कि यह विद्यालय जिस गति से आगे बढ़ रहा है वैसा ही गतिमान रहे यही शुभेच्छा है।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मदर्स डे का आयोजन

**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मदर्स डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में माताओं के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम की शुरुवात विशिष्ट अतिथि भावना सिंह, प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं अपने सम्बोधन में प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने माताओं को उनके अथक प्रयासों और समर्पण के लिए धन्यवाद दिया और उनके बच्चों की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। वहीं उन्होंने कहा कि माताएं हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और हमें उनकी कद्र करनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के छोटे बच्चों ने माताओ को समर्पित एक शानदार समूह नृत्य और समूह गान प्रस्तुत किया और माताओं से आशीर्वाद लिया।

### कौलेश्वरी मंदिर में मुंडन संस्कार को लेकर उमड़ी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़

# जल्द ही श्रद्धालुओं की समस्या का होगा निदान : अंचलाधिकारी

### मंदिर परिसर में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित सुप्रसिद्ध मां कौलेश्वरी तीन धर्मो का संगम स्थल है मंदिर में भारत के विभिन्न राज्यों सहित विदेशो तक प्रसिद्ध है। सप्ताह में सातो दिन मां की पूजा-अर्चना की जाती है। यहां सैंकड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं लेकिन शुक्रवार को कौलेश्वरी पहाड़ पर मुंडन संस्कार को लेकर हजारों श्रद्धालुओ का भीड़ उमड़ी। कौलेश्वरी की तलहटी हटवारिया में सैकड़ों की संख्या में बड़ी एवं छोटी गाड़ियों का काफिला दिखा। लेकिन आज भी मां कौलेश्वरी मंदिर प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार है। सांसद तो दूर किसी स्थानीय नेता की नजर भी यहां फैली गंदगी पर आज तक नहीं पड़ी है. लिहाजा, मंदिर मुख्य द्वार हटवरिया के इर्द गिर्द कचरा गृह बन चुका है। कौलेश्वरी मंदिर परिसर में अगर किसी बात की बड़ी समस्या है तो वह मंदिर परिसर और उसके इर्द-गिर्द फैली गंदगी है।



**मंदिर के मुख्य द्वार पास लगा मास्क हाई लाइट खराब**

मंदिर के मुख्य द्वार पास लगा हाई मास्क लाइट सिर्फ शोभा की वस्तु बनी हुई है शाम ढलते ही मुख्य द्वारा वाला इलाका अंधेरा में डूब जाता है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है यहां लाइट ना होना प्रबंधन समिति और विभाग की कमियों को उजागर करता है। स्थानीय लोगों ने शीघ्र ही लाईट को चालू कराने की मांग की हैं।



दरअसल, मंदिर में शुभ मुहूर्त मुंडन संस्कार में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। पूजा तांत्रिक पद्धति से की जाती है और पूजा के दौरान पाठा यानी बकरे की बलि दी जाती है। श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी होने के बाद यहां बलि देते हैं। फिर पहाड़ के नीचे यहीं इसे बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। सालों से चली आ रही परंपरा के कारण यहां हजारों की तादाद में बलि पड़ती है। यहां एक जलमीनार है बना है जिसके इर्द गिर्द गंदगी का अंबार हैं वहां पर खाना खाना तो दूर रहना भी पसंद ना हो लेकिन मजबूरन श्रद्धालुओं के द्वारा बलि (बकरा) का प्रसाद ग्रहण किया जाता है श्रद्धालुओं का मानना है कि यह स्थल शुद्ध है।

**बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव :** इन तमाम समस्याओं के अलावा मंदिर परिसर में बुनियादी सुविधाओं का भी घोर अभाव है। भारी तादाद में यहां महिला श्रद्धालु आती हैं। बावजूद इसके यहां शौचालय, पीने योग्य पानी, साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं नदारद हैं। ऐसे में अधिक परेशानी महिला भक्तों को ही होती है।

**मंदिर से सालाना लाखों की है आमदनी :** कौलेश्वरी मंदिर के लिए कई आमदनी के रास्ते हैं। साथ ही मंदिर परिसर में आने वाली गाड़ियों से प्रवेश शुल्क भी वसूला जाता है। जो मंदिर की रखरखाव जैसे कामों पर खर्च होना है। लेकिन जिस तरह से यहां अव्यवस्था है वैसे में यह सवाल भी उठता है कि मंदिर को आमदनी है तो फिर मंदिर के रखरखाव पर ना के बराबर खर्च क्यों किए जा रहे हैं? आखिर प्रबंधन समिति के सदस्यों के द्वारा इसे गम्भीरता से क्यों नहीं लिया जा रहा है? इस संबंध में पूछे जाने पर कौलेश्वरी प्रबंधन समिति के सचिव सह अंचलाअधिकारी अरुण कुमार मुंडा ने बताया कि जल्द से जल्द हाइ मास्क लाइट रिपेयर करवा दी जाएगी वही श्रद्धालुओं का समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

एक नजर में

## रोजगार सेवकों को मिला नियुक्ति पत्र, 20 मई तक योगदान देने का निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शुक्रवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम योजना के अंतर्गत चयनित 30 ग्राम रोजगार सेवकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। यह आयोजन उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें चतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी एवं उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने नवनियुक्त ग्राम रोजगार सेवकों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में ईमानदारी, निष्ठा और पूरी लगन के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि मनरेगा भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन करना है। अतः सभी रोजगार सेवक योजना के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए काम करें। कार्यक्रम में चयनित 30 में से 19 रोजगार सेवक उपस्थित थे, जिन्हें मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। शेष 11 सेवकों को निर्देश दिया गया कि वे 20 मई 2025 तक विकास भवन से नियुक्ति पत्र प्राप्त कर योगदान देना सुनिश्चित करें। तय तिथि के बाद योगदान नहीं देने वालों का दावा अमान्य कर दिया जाएगा।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, एक लाख से अधिक की संपत्ति जलकर राख



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के लेंजवा पंचायत अंतर्गत अकौना गांव में गुरुवार की देर शाम एक घर में शॉट सर्किट से अचानक आग लग गई। इस दौरान लोगों में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। लोग अभी कुछ समझ पाते तब तक आग ने पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। तब तक आधा घर जल चुका था। पीड़ित के अनुसार लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है घर में रखे अनाज, आभूषण, कपड़ा आदि सारा सामान जलकर राख हो गया है। बताया जाता है कि जिस वक्त घर में आग लगी उस वक्त पीड़ित परिवार घर के बाहर अपने नतनी के ईलाज के लिए औरु गए थे जब पीड़ित परिवार घर आए तो देखा कि अचानक आग लग गई। मकान से आग की लपटें देख स्थानीय लोगों में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना सब इंस्पेक्टर कृष्णा कुजूर दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गृह मालिक कांति देवी ने बताया कि करीब एक लाख से अधिक रुपये की संपत्ति (अनाज, जेवरात,कपड़ा,इत्यादि) घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गई है उन्होंने कहा कि आग लगने से मेरे समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है उन्होंने घटना की जांच कर मुआवजे की मांग की है। आगे बताती है कि मेरे पति मजदूरी करके (राजमिस्त्री) परिवार का भरण पोषण करते हैं इस हाल में बिना मुआवजा के घर बनाना संभव नहीं है।आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित उमेश यादव ने बताया कि हम दोनों पति पत्नी अपनी नतनी के ईलाज हेतु औरु गए थे, तभी आग लगी, आग लगने का कारण अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी होगी। इधर जानकारी मिलते ही स्थानीय मुखिया योगेन्द्र कुमार यादव और जिप सदस्य प्रतिनिधि बेचन पासवान पहुंचे पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि जो भी सरकार की आपदा राहत की तहत मुआवजा होगा जिला प्रशासन से दिलवाने का प्रयास किया जाएगा।

## दिनदहाड़े सेवानिवृत्त शिक्षिका से चैन छिनतई, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** शहर से सटे बभने गांव में स्थित लघु सिंचाई विभाग पुलिस पिकेट के बिल्कुल बगल में दिनदहाड़े एक सेवानिवृत्त शिक्षिका से चैन छिनतई की घटना सामने आई है। घटना ने न सिर्फ स्थानीय लोगों को दहशत में डाल दिया है, बल्कि पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़िता सिसिलिया धान, जो एक सेवानिवृत्त शिक्षिका हैं, ने बताया कि शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे वह बाजार से खरीदारी कर अपने घर लौट रही थीं। जैसे ही वह लघु सिंचाई विभाग पुलिस पिकेट के समीप स्थित अपनी गली में दाखिल हुईं, उसी वक्त एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक, जो हेलमेट पहने हुए थे, उनके पास से गुजरे।

कुछ कदम आगे जाकर दोनों वापस लौटे और मोटरसाइकिल रोककर सिसिलिया धान के गले से सोने की चैन छीनकर फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद पीड़िता ने शोर मचाया, लेकिन तब तक अपराधी मोटरसाइकिल से भाग चुके थे। शिक्षिका ने इसकी सूचना देने के लिए सदर थाना के आधिकारिक मोबाइल नंबर 9431706364 पर कॉल करने की कोशिश की, लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ मिला, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई। स्थानीय लोगों ने घटना पर गहरी नाराजगी जताई है और प्रशासन से अविलंब कार्रवाई की मांग की है। इतनी नजदीकी में पुलिस पिकेट होने के बावजूद अपराधियों का निर्भय होकर वारदात को अंजाम देना कानून व्यवस्था की विफलता को दशार्ता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### चैनपुर में शौचालय निर्माण कार्य का जिप सदस्य ने किया शिलान्यास



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के बस पड़ाव के निकट शुक्रवार को जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शौचालय का निर्माण जिला परिषद मद से पांच लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। जिससे राहगीरों और यात्रियों को सुविधा मिलेगी। जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि यह शौचालय यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अत्यंत आवश्यक था। उन्होंने कहा कि यात्रियों को शौचालय की सुविधा नहीं होने के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इस नए शौचालय के निर्माण से उनकी कठिनाइयों का समाधान होगा। कार्यक्रम में चैनपुर पंचायत समिति सदस्य आशा लकड़ा, उपमुखिया तेरेसा लकड़ा, इंजीनियर विकास तिवारी, तथा स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद थे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। शौचालय के साथ-साथ आसपास की अन्य सुविधाओं को भी बढ़ावा दिया जा सकेगा। यह कार्यक्रम इस बात का प्रतीक है कि स्थानीय प्रशासन स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहा है।

### जर्जर हो चुके बिजली खंभे को मिशन बदलाव के सदस्यों ने बदलवाया



गुमला। शहर के बाजार टांड स्थित जर्जर हो चुके बिजली खंभे को मिशन बदलाव के जिला सचिव सय्यदा खातून के प्रयास से बिजली विभाग ने बदल दिया है। पिछले कई महीनों से बिजली का खंभ झुकता चला जा रहा था। जो दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा था। जिसको लेकर मुहल्ले के लोगों ने कई बार प्रशासन और बिजली विभाग व वार्ड पार्षद को अवगत कराया था। लेकिन बिजली खंभा बदला नहीं गया। मिशन बदलाव की सय्यदा खातून ने बिजली विभाग के पदाधिकारी को सूचित किया तो मामले पर संज्ञान लेकर विभाग ने बिजली खंभा बदल दिया।

### सीवाई टीबी जांच को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

घाघरा। घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में सीवाई टीबी जांच को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सीएचओ एएनएम शामिल हुए। वहीं टीबी विभाग के प्रखंड समन्वयक सह प्रशिक्षक अमित कुमार प्रसाद, दीपक लकड़ा, रेणुका कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नवीनतम तकनीक प्रक्रियाओं और इसके प्रयोग की विधियों से अवगत कराना है। इसके साथ ही टीबी बीमारी के लक्षण, उनके उपचार के विस्तृत जानकारी दी। साथ ही वैसे मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में लाकर जांच कराने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से कई सीएचओ व एएनएम उपस्थित थे।

### घाघरा के चुंदरी पंचायत में कई योजनाओं का डीडीसी ने किया औचक निरीक्षण



घाघरा। डीडीसी दिलेश्वर महतो ने शुक्रवार को घाघरा प्रखंड के चुंदरी पंचायत का भ्रमण कर योजनाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बुरजू गांव में सोलर सिंचाई इकाई का डीडीसी ने उद्घाटन किया और वार्मिंग कंपोस्ट का निरीक्षण किया। साथ ही चुंदरी निवासी वासी देवी के बागवानी योजना का गड्ढा खोदो अभियान का शुभारंभ किया। सिंचाई कूप, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण किया और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना धरातल तक पहुंचे और योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके इसके लिए बीडीओ को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं मौजूद प्रखंड कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि मनरेगा के तहत लोगों को गांव में रोजगार दें कोई भी ग्रामीण पलायन न करें। इस पर सबका ध्यान रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीडीओ दिनेश कुमार, बीडीओ बेबी कुमारी, मुखिया बिनीता कुमारी, जोयदिप कुमार, रोशन कुमार, अभय कुमार, रतनेश कुमार, आदित्य भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

### पानी की समस्या का मुखिया व पंचायत सचिव सूचना के बाद तत्काल करें निदान : डीडीसी



घाघरा। घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में डीडीसी दिलेश्वर महतो ने मुखिया और प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में मनरेगा योजना, अबुवा आवास, प्रधानमंत्री आवास, 15वीं वित्त आयोग योजनाओं की समीक्षा की। मौके पर दिलेश्वर महतो ने कहा कि जिस गांव में पानी की समस्या है। पंचायत सचिव और मुखिया पानी की समस्याओं को लेकर कार्य करें ताकि लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके। साथ ही अधूरे पड़े आवास को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। रोजगार सेवकों को निर्देश देते हुए कहा है कि अधिक अधिक लोगों को मनरेगा योजना से जोड़ने ताकि उन्हें काम मिल सके। साथ ही मजदूरों का समय से भुगतान हो इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ दिनेश कुमार, बीपीओ बेबी कुमारी, बिनीता कुमारी, अंगनी उरांव, यशमुनि देवी, रामनाथ केरकेट्टा, विवेक कुमार, विकाश कुमार, निर्मल उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर की 17वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

# केंद्र वैज्ञानिक तकनीक को किसानों तक पहुंचाने का कर रहा कार्य : अशोक भगत

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर की 17वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक पद्मश्री अशोक भगत की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा विगत वर्ष में किए गए कार्य एवं आने वाले दिनों में जिले के किसानों के लिए उपयोगी तकनीक के विषय में एक रूपरेखा तैयार की गई। जिससे किसानों की आमदनी में वृद्धि हो एवं स्वरोजगार बढ़ सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र जहां तकनीक को किसानों तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। वहीं आने वाले दिनों में कृषि विज्ञान केंद्र वैज्ञानिक तकनीक का उपयोग करते हुए ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचने का कार्य करेगा। साथ ही युवाओं को प्रशिक्षण एवं स्वरोजगारमुखी बनाने के दिशा में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि देश में दलहन एवं तिलहन की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र किसानों को जागरूक कर प्रशिक्षण का कार्य करेगा। जिससे आने वाले दिनों में जिस प्रकार हम अनाज वाली फसलों में आत्मनिर्भर रहते हैं। उसी प्रकार दलहन और तिलहन में भी आत्मनिर्भर बन सकेंगे। कार्यक्रम में अटारी पटना के प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर डीवी सिंह ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र तकनीकी ज्ञान को ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचायें। साथ ही कृषि की नई तकनीक को विभाग के अन्य स्टेकहोल्डर तक पहुंचाने का कार्य करने की आवश्यकता है। जिससे इस क्षेत्र में जहां किसानों के उत्पादन में वृद्धि होगी। वहीं तकनीकी विस्तार के कारण लोचदार कृषि को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र के 15 साल में किए गए कार्य का दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता है। जिससे राज्य एवं केंद्र सरकार को विभिन्न तकनीक के माध्यम से हुए परिवर्तन को बतलाया एवं दिखाया जा सके। इस कार्यक्रम में एनआईएएसएम संस्थान रांची के निदेशक डॉ अभिजीत कर्ण ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र को जिले के अन्य विभाग के द्वारा डेमोंस्ट्रेटिव यूनिट बनाया जाए। जिससे किसानों को नई-नई तकनीक की जानकारी आसानी से प्राप्त हो। उन्होंने मछली पालन पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षा निदेशक डॉ रतन ने कहा कि कृषि विज्ञान के सीमित संसाधनों के साथ तकनीकी ज्ञान को किसानों तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रहा है। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र गुमला ने मुख्य रूप से जल संरक्षण पर बड़े पैमाने पर कार्य किया है। लेकिन आने वाले दिनों में कृषि विज्ञान केंद्र कृषि की विभिन्न तकनीकों को किसानों तक और तेजी से ले जाने की आवश्यकता है। जिससे नई-नई तकनीक का समावेश हो और इस क्षेत्र के विकास के साथ पलायन भी रुक सकेगा। वैज्ञानिक सलाहकार समिति में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशुपालन विभाग के डीन डॉ एमके गुप्ता ने कृषि विज्ञान केंद्र को हरसंभव तकनीकी सहायता देने की बात कही। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत प्लांडू रांची के प्रमुख डॉक्टर आरएस पांडे कृषि विज्ञान केंद्र में सब्जी की विभिन्न प्रौद्योगिकी को किसानों तक पहुंचाने के लिए हर संभव मदद करने की बात कही और उन्होंने कहा कि सब्जी उत्पादन से जहां किसानों की आय बढ़ेगी। वहीं उनके स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव दिखेगा। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी गुमला ने कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा कृषि तकनीक विषय पर ज्यादा प्रशिक्षण देने की बात कही। जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने कृषि विज्ञान के जल संरक्षण पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि सिंचाई तकनीक को किसानों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में डॉ संजय कुमार ने कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियों एवं विगत वर्ष के लिए कार्य योजना को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, एलडीएम, डीडीएम नाबार्ड के साथ-साथ विभिन्न प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। वहीं कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र के खेती-बाड़ी योजना का विमोचन किया गया।

## कम उम्र के बच्चों में नशीले पदार्थों की बढ़ती प्रवृत्ति पर उपायुक्त ने जतायी चिंता

# शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उच्च विद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान तेज करें : उपायुक्त

- उपायुक्त ने की कारा, खनन एवं सड़क सुरक्षा को लेकर संयुक्त समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में एनसीओआरडी समिति, कारा समिति, खनन एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित संयुक्त समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। एनसीओआरडी समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त ने कम उम्र के बच्चों में नशीले पदार्थों की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इससे रोकथाम हेतु सख्त कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने एसडीओ सदर को निर्देश दिया कि वे सभी विद्यालयों में प्राचार्यों के साथ बैठक आयोजित कर बच्चों को नशे से दूर रखने हेतु व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं। इसके अतिरिक्त शहरी एवं ग्रामीण उच्च विद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान तेज करने, नशा संबंधित घटनाओं की सूचना देने हेतु एक विशेष फोन नंबर जारी करने तथा एक सूचना आदान-प्रदान हेतु वॉट्सएप ग्रुप निर्माण का निर्देश भी दिया गया। सदर अस्पताल में संचालित ड्रग काउंसलिंग केंद्र को दुरुस्त करने एवं प्रभावी परामर्श की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। उपायुक्त ने शहर के सार्वजनिक स्थलों पर गुटखा, तंबाकू एवं हंड़िया जैसी नशीली वस्तुओं की बिक्री पर रोक लगाने एवं नियमित जांच-पड़ताल कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी संबंधित पदाधिकारियों को दिया। कारा समिति की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जेल की आंतरिक व्यवस्था सुधारने, नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने का निर्देश दिया। खनन विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण एवं छापेमारी करने, अवैध खनन की शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने एवं निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बालू एवं पत्थर की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने दुर्घटना घटित होने संबंधित क्षेत्रों की पहचान कर वहां सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा पीड़ितों को अनुकंपा एवं सरकारी योजनाओं का लाभ शीघ्र दिलाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से एसडीओ सदर, एसडीओ चैनपुर, एसडीओ बसिया, डीएसपी गुमला, जिला खनन पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### बाल संसद शपथ समारोह में प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री सहित 38 सदस्यों ने ली शपथ



लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर की वंदना सभा में विद्या भारती योजना के अनुसार बाल संसद का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, राजीव कुमार सिंह एवं प्रमेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से मां शारदे, ऊं एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने बताया कि बच्चों को जिम्मेदारी व सामाजिक दायित्वों को समझने के लिए बाल संसद का गठन किया जाता है। आचार्य राजीव सिंह ने कहा कि अनुशासन की भावना को जागृत करने की मंशा से यह बाल संसद का गठन किया गया है। इस दौरान बाल संसद के गठन में बाल भारती में प्रधानमंत्री निधि कुमारी कक्षा नवम, उप प्रधानमंत्री सत्यम साहू कक्षा अष्टम, सेनापति आइरिस भगत, उप सेनापति अंशु तिग्गा। अनुशासन विभाग, स्वच्छता, घोष दल, शारीरिक खेल, चिकित्सा, ध्वनि, बागवानी, मध्यावकाश व्यवस्था, पेयजल इन पदों पर चयनित भैया-बहनों को दायित्व दिया गया। मौके पर 17 विभाग के 38 सदस्यों ने शपथ लिया। अध्यक्षीय भाषण में शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि बाल संसद एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुसार काम करती है। बाल संसद एक ऐसा मंच है। जहां बच्चे अपने विचार एवं अनुभवों को स्वतंत्र रूप से प्रेषित करते हैं। सभी चयनित पदाधिकारी को बाल संसद की गरिमा व दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। धन्यवाद ज्ञापन प्रमेंद्र सिंह ने किया। शपथ ग्रहण समारोह में सभी आचार्य, दीदी तथा भैया-बहन उपस्थित थे।

### हिरही हर्रा टोली के दो नाबालिग लड़कों की संदिग्ध हालत में मौत, जांच में जुटी पुलिस

लोहरदगा। गुरुवार रात्रि लगभग 9 बजे रात में हिरही हर्रा टोली निवासी 14 वर्षीय हमराज उरांव, पिता आशीष उरांव और 12 वर्षीय अभिषेक उरांव, पिता बुधराम उरांव की मौत कीटनाशक दवा खाने से हो गई। परिवार के लोगों ने बताया कि दोनों एक बारात से लौट कर रात में दोनों बच्चे एक ही कमरे में सोये थे। बच्चों को अलग तरह से सोये देख परिजनों ने दोनों से पूछा तो उन्होंने बताया कि तबीयत खराब हो गया है। वहीं परिजनों ने जब देखा कि दोनों के मुंह से झाग निकल रहा था। आनन फानन में लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने इलाज कर उल्टी कराने की कोशिश की लेकिन अभिषेक उरांव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हमराज उरांव को उल्टी करायी गयी, जिसके बाद उसने बताया कि हम लोग चूहा मार दवा खाए हैं। हालांकि लगभग एक घंटा बाद हमराज ने भी दम तोड़ दिया, जिससे परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। बच्चों ने किस कारण से जहर खाया यह पता नहीं चल पाया है। लोहरदगा थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर छानबिन में जुट गई है।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं मंत्री विधायकों का पार्टी के निर्देशों का धज्जियां उड़ाना दुर्भाग्यपूर्ण

लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन गौतम, महासचिव शाहिद अहमद बेलू, जिला सचिव सत्यजीत सिंह एवं जिला सचिव अनवर अंसारी ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा है कि छोटानागपुर बॉक्साइट एन्ड कोल वर्कर्स यूनियन के द्वारा अधिवेशन के नाम पर नागपुरी नाच गाना कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा अपने पार्टी के मंत्रियों व विधायकों के साथ शामिल होना काफी दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय बताया है। ज्ञात हो कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी के नेतृत्व में अखिल भारतीय कांग्रेस कार्य समिति ने देश के बॉर्डर में चल रहे सिंदूर ऑपरेशन को लेकर कांग्रेस जनों के लिए एक निर्देश जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि जब तक आतंकवाद के खिलाफ सिंदूर ऑपरेशन जारी रहेगा तब तक पार्टी के लोग कोई रैली या किसी भी तरह का आयोजन न करें। इस संबंध में खुद झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने 7 मई को सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश जारी कर कार्यक्रम न करने की सख्त हिदायत दी थी। इसके बावजूद भी कांग्रेस के कुछ नेता अपने आप को पार्टी से ऊपर मानते हुए नाच गाना जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किए और इस कार्यक्रम में आज स्वयं प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस ने कार्य समिति में लिए गए निर्णय की अवहेलना कर पार्टी अनुशासन का घोर उल्लंघन किया है, उनके इस कृत्य से पूरे समाज में गलत संदेश गया है और कहीं न कहीं कांग्रेस पार्टी की छवि धूमिल हुई है। जहां देश गंभीर स्थिति से गुजर रहा है हमारे देश की सेना आतंकवाद के खिलाफ जबरदस्त सिंदूर ऑपरेशन चला रखी है ऐसी स्थिति में सभी देशवासी राष्ट्रीय एकता का परिचय दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के इन नेताओं के द्वारा नाच गाना और फूहड़बाजी जैसे कार्यक्रमों में शामिल होना इनके असंवेदनशीलता को दर्शाता है। पार्टी आलाकमान और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू से हम सभी कांग्रेसियों की मांग है कि विषय की गंभीरता को देखते हुए पार्टी के इन नेताओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। जिससे समाज और झारखंड में कांग्रेस पार्टी का साख बरकरार रहे।

## डीएवी के एनसीसी कैडेटों ने सेना के अधिकारियों को भेजा ग्रीटिंग्स कार्ड

- आपरेशन सिंदूर न्याय तथा मानवता की रक्षा के लिए है : प्रधानाचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक पूर्ण करने में अपने अदम्य साहस और उत्कृष्ट रणनीति के लिए हमारे वीरों के प्रति आभार प्रकट करने के लिए ट्रूप संख्या 18/46 झारखंड बटालियन एनसीसी डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के कैडेटों ने ग्रीटिंग कार्ड के माध्यम से भारत सरकार एवं भारतीय सेना के प्रति प्यार, आभार एवं गर्व को प्रदर्शित किया। 46 झारखंड बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पीबी शर्मा ने इस एक्टिविटी के लिए विद्यालय को बधाई दी है। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि यह आपरेशन न्याय तथा मानवता की रक्षा के लिए है। जिस पर हर भारतीय गर्व महसूस कर रहे हैं। साथ ही हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारी सुरक्षा के लिए कई वीरों ने सर्वोच्च बलिदान दिया है। सहायक एनसीसी अधिकारी सेकेंड ऑफिसर अभिजीत झा ने कहा कि इस ऑपरेशन में जिस तरह से आतंकियों का वध एवं उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद किया गया वह दिखाता है कि शांतिकाल में हम जितने सहनशील है युद्धकाल में उतने ही आक्रामक हैं। यह नया भारत है। ये ग्रीटिंग कार्ड्स सीडीएस एवं तीनों सेना प्रमुखों को भेजे जाएंगे। मौके पर सीसीए इंचार्ज संजुक्ता खटुआ, पार्थ प्रतिम मैती, शांतनु पटनायक, कर्मवीर आदि उपस्थित थे।

### हाईवा का डाला बिजली तार से सटने पर चालक की मौत

बसिया। बसिया के डोलंगसेरा गांव में क्रेशर डस्ट लदे हाईवा को खाली करने के दौरान हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घटना डोलंगसेरा सीमेंट भट्ठा की है। जहां हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आने से कोलेबीरा के लरबा गांव निवासी अमर सलकर (33) की मौत हो गई। वह डस्ट लेकर यहां आया हुआ था और डस्ट खाली करने के क्रम में उसके ट्रक का डाला 11 हजार वोल्ट बिजली के तार से लग गया। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकी है।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर तीन दिवसीय गुमला टेक क्वेस्ट की हुई शुरुआत

- जिला विज्ञान केंद्र में तकनीक, विज्ञान एवं नवाचार का शिक्षा में उपयोग विषय पर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार जिला विज्ञान केंद्र गुमला में शुक्रवार को झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के समन्वय में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2025 के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए जिले के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ एक कार्यशाला की गई। तकनीक, विज्ञान एवं नवाचार का शिक्षा में उपयोग संबंधी इस कार्यशाला के उपरांत उन्हें जिला विज्ञान केंद्र का भ्रमण कराते हुए रोबोटिक्स, थ्रीडी प्रिंटर और विज्ञान के विभिन्न प्रदर्श आदि की जानकारी भी दी गई। तकनीक, विज्ञान एवं नवाचार का शिक्षा में उपयोग संबंधी विषय पर डिस्ट्रिक्ट डीएमएफटी फेलो अविनाश गौरव तथा शिक्षा कर भेंट गतिविधि के सहायक नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। जिला विज्ञान केंद्र के कॉर्डिनेटर अंकिता विनायक एवं आकांक्षा कुमारी द्वारा सभी छात्र छात्राओं को कुल 35 से अधिक प्रोटोटाइप मॉडल की जानकारी दी गई। बीपीओ दिलदार सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए नवाचार को बढ़ावा देने में तकनीकी ज्ञान के महत्व पर जोर देते हुए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

तीन दिवसीय गतिविधि अंतर्गत पहले दिन तकनीक, विज्ञान एवं नवाचार का शिक्षा में उपयोग विषय पर कार्यशाला और बच्चों के जिला विज्ञान केंद्र के परिभ्रमण के साथ जिले के सभी विद्यालयों के लिए टेक क्वेस्ट 2025 ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का लिंक शेयर किया गया।

# लोहरदगा से झारखण्ड के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन आज

- न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद वर्चुअल माध्यम से करेंगे शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। नालसा नई दिल्ली के निर्देश पर आज शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। झारखण्ड में इसकी शुरुआत लोहरदगा जिला के नया नगर भवन से वर्चुअल माध्यम से झारखण्ड उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश-सह-झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद द्वारा किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी भी मौजूद रहेंगी। उद्घाटन कार्यक्रम पूर्वाह्न 10.30 बजे प्रारंभ होगा।

उपायुक्त ने लिया तैयारियों का जायजा : उपायुक्त-सह-उपाध्यक्ष, डालसा डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शुक्रवार को नया नगर भवन और सदर प्रखण्ड कार्यालय के समीप मैदान में लगाये जा रहे स्टॉल की तैयारियों का निरीक्षण किया। नया नगर भवन लोहरदगा में वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। वहीं समीप मैदान में शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, उद्योग विभाग, आधार, सामाजिक सुरक्षा, बैंक, स्वास्थ्य विभाग, डालसा, जेएसएलपीएस, नगर परिषद, कृषि विभाग, भूमि संरक्षण, जल छाजन, परिवहन विभाग और हिण्डाल्को के कुल 20 स्टॉल रहेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा परिसंपत्तियों का भी वितरण किया जाएगा।

**राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का होगा निष्पादन**

राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुलह योग्य आपराधिक वाद चेक अनादर के केस, मोटर-दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद, सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद, बैंक रिकवरी से संबंधित वाद, राजस्व वाद, मनरेगा, बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद, बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद, सेवा से संबंधित वाद, वन विभाग से संबंधित वाद, उत्पाद से संबंधित वाद, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद, नीलाम वाद, दाखिल खारिज मामले सहित अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

डालसा सचिव राजेश कुमार द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के वर्चुअल उद्घाटन के बाद लोहरदगा सिविल कोर्ट परिसर में कुल 07 बेंचों के माध्यम से लोक अदालत में रेफर किये गये मामलों पर विचार किया जाएगा।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सिविल जज सीनियर डिवीजन- द्वितीय अभिषेक कुमार, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## क्षत्रिय महासभा ने जयंती पर महाराणा प्रताप को किया नमन

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। शुक्रवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा लोहरदगा जिला के द्वारा महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के द्वारा सर्वप्रथम महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें याद किया गया। इसके उपरांत लोहरदगा के स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। महासभा के जिला अध्यक्ष उदय शेखर ने कहा कि महाराणा प्रताप की जयंती पर हमारे समाज को उनके आदर्शों का अनुकरण करते हुए उनके दिखाए पथ पर चलने की आवश्यकता है। इसके उपरांत उन्होंने लोहरदगा जिला में महासभा के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी एवं अवगत किए कार्यों सहित भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

संरक्षक प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप से अकबर इतना डरता था कि उनके जीवित रहते हुए वह डर से दिल्ली या आगरा से शासन चलाने का साहस नहीं कर पाया। संचालन लाल अविनाश नाथ शाहदेव एवं धन्यवाद ज्ञापन महासचिव जयंत कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उदय शेखर, प्रवीण सिंह, लाल राजेन्द्र प्रताप देव, अजय चौहान, जयंत सिंह, कन्हैया सिंह, सत्यजीत सिंह, अमित सिंह, दिलीप सिंह, प्रद्युम्न सिंह, उदय सिंह, लाल धनंजय नाथ शाहदेव, पीयूष देव, सच्चिदानंद पाल सिंह, विनोद सिंह, मुकेश देव, नन्दलाल सिंह, प्रतीक पाल सिंह, लाल मनोज नाथ शाहदेव, मदन सिंह, लाल अरविन्द नाथ शाहदेव, पहलवान सिंह, बीके बालाजिनग्या, अमित सिंह, लाल प्रणीत नाथ शाहदेव, मनीष सिंह, आशीष कुमार सिंह पिंटू, बिनोद सिंह, लाल रणविजय नाथ शाहदेव, लाल ओंकार नाथ शाहदेव, प्रदीप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कोयला एवं भूमिगत खनिज की खोज में लगी सीएमपीडीआई के साइट पर नक्सली हमला मामले में पुलिस को मिली सफलता

# चार माओवादी समर्थक गिरफ्तार, 21 मोबाइल फोन बरामद

**खबर मंत्र संवाददाता**

▶▶ माओवादी मनोहर गंझु के दस्ते ने दिया था घटना को अंजाम, गिरफ्तार सहयोगियों ने की थी मदद

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती तुरीसोत गांव से महुआटांड़ जंगल में कोयला एवं भूमिगत खनिज संपदा की खोज में लगी सीएमपीडीआई कंपनी के साइट पर बीते 3 मई को हुए नक्सली हमला मामले में चंदवा पुलिस की टीम ने बड़ी सफलता अर्जित की है। लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी एवं चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने छमापारी अभियान चलाकर थाना क्षेत्र तुरीसात एवं महुआ टांड़ से 4 माओवादी समर्थकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजकुमार भगत पिता सरबजीत भगत तुरीसोत चंदवा, अरुण गंझु पिता मनीजर गंझु, छत्तीस गंझु पिता स्व. जगरनाथ गंझु व गोविंद गंझु पिता जगेश्वर गंझु (तीनों महुआटांड़ चंदवा) शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने घटना के वक्त लुटा गया 21 मोबाइल फोन बरामद किया है।


गिरफ्तार अपराधी और बरामद मोबाइल फोन।

शुक्रवार दोपहर चंदवा थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी व चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि माओवादी मनोहर गंझु एवं उनके दस्ते द्वारा लेवी की मांग करने के बाद लेवी नहीं दिए जाने के कारण बीते तीन मई को तुरीसोत जंगल में कोयला एवं खनिज संपदा की खोज को लेकर भूगर्भ सर्वेक्षण का कार्य कर रही सीएमपीडीआई कंपनी के साइट पर धावा बोलकर 2 ड्रिल मशीन, दो बोलेरो, 2 ट्रक एवं दो कैम्पर वाहन को आग लगा दिया गया था एवं कर्मियों का मोबाइल भी छीन लिया गया था। घटना के अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आई कि मनोहर गंझु एवं उनके दस्ते के द्वारा प्रति बोरिंग दो लाख रुपए की मांग की गई थी, जिसे कंपनी द्वारा नहीं दिया गया, परिणाम स्वरूप माओवादी के दस्ते द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया गया। घटना के दौरान मुरपा, महुआ टांड़ एवं अन्य क्षेत्रों में रहकर गिरफ्तार राजकुमार भगत, अरुण गंझु, छत्तीस गंझु एवं गोविंद गंझु पुलिस की गतिविधि पर नजर रख रहे थे एवं घटना के पहले एवं बाद में माओवादियों के खाना खिलाने, रास्ता दिखाने में भी सहयोग किया था।

साथ ही उक्त लोगों द्वारा बीडी पत्ता व्यवसायियों एवं ठेकेदारों से लेवी वसूलकर माओवादियों को देने का काम करते थे। गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा पुलिस के समक्ष कई राज गाल गए हैं जिसके आधार पर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। अभियान में बालूमाथ थाना प्रभारी पुअनि अमरेंद्र कुमार, मुरपा पिकेट प्रभारी हुसैन डाग, पुअनि अजीत कुमार, रवींद्र कुमार सिंह, श्रवण कुमार समेत दल बल के जवान शामिल थे।

## उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक


उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक बैठक करते हुए।

**खबर मंत्र संवाददाता**

➲ आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़े जाने के उद्देश्य से सुरक्षा एवं पुनर्वास के संबंध में चर्चा किया गया

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उग्रवादियों के प्रत्यार्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत देय विभिन्न सुविधा की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़े जाने के उद्देश्य से सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए तथा परिवारों के सदस्य को आर्थिक सहायता प्रदान करने, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, एवं दैनिक मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में चर्चा किया गया। संबंधित कार्यों के क्रियान्वयन व निराकरण के संबंध में विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तृत समीक्षा किया गया। बैठक में समिति के द्वारा प्रत्यार्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत 09 आत्म समर्पण करने वाले उग्रवादियों को पुनर्वास पेकेज प्रदान करने का अनुशंसा किया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, मंडल कारा अधीक्षक, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा व संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चंदवा के विद्यालयों में ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा चलाया गया नशा मुक्त भारत अभियान

# विद्यार्थियों ने ली स्वस्थ जीवन जीने की शपथ

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को चंदवा क्षेत्र के चार प्रमुख विद्यालयों राजकीयकृत प्लस टू विद्यालय, राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय, राजकीय कृत्य बालिका मध्य विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका उच्चतर विद्यालय के छात्रावास परिसर में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजयोगिनी शांति दीदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य विद्यार्थियों को नशे के गंभीर दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें एक स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्था के मंगल भाई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के विभिन्न पहलुओं पर


राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय।

प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी चीज की अति हानिकारक होती है, यहाँ तक कि अमृत भी अधिक मात्रा में लेने पर विष के समान प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने विशेष रूप से मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के संभावित नकारात्मक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सोशल मीडिया को एक 'वायरस' की संज्ञा देते हुए इसके छिपे हुए खतरों से भी विद्यार्थियों को आगाह किया। चारों ही विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इस जागरूकता कार्यक्रम में अत्यंत उत्साह और सक्रियता के साथ भाग लिया। इस अवसर पर लातेहार सेवा केंद्र संचालिका बीके अमृता बहन ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्थान नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के साथ क्रमशः मार्च 2023 और दिसंबर 2024 में महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर कर चुका है। इस सहभागिता का उद्देश्य नशा मुक्त भारत अभियान के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुंचाना है। इसी क्रम में, ब्रह्मा कुमारीज के मुख्यालय, माउंट आबू (राजस्थान) से 'अज्ञान नींद से जागो' नामक एक विशेष झांकी रथ गुमला शाखा के नेतृत्व में चंदवा पहुंचा। चंदवा के इन चारों विद्यालयों में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक साबित हुआ, बल्कि इसने उन्हें एक बेहतर और स्वस्थ भविष्य की दिशा में प्रेरित करने का भी कार्य किया। ब्रह्माकुमारी संस्था का यह प्रयास निश्चित रूप से 'नशा मुक्त भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। ब्रह्माकुमारी जमुनी बहन ने सभी छात्रों को एक साथ नशा न करने की शपथ दिलाई। इस दौरान, विद्यार्थियों ने अपने जीवन में बुरी आदतों से दूर रहने और स्वस्थ आदतों को अपनाने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया।

**कार्यक्रम में चारों ही विद्यालयों के प्राचार्य**


विजय कुमार साव, डोरोथारिया खलखो, प्रीति कुमारी, केदारनाथ महतो इत्यादि ने अपने विचार व्यक्त करने के साथ अपनी भरपूर सहभागिता दिखाई।

## जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, दिए कई उचित दिशा-निर्देश


जन शिकायत का निवारण करते डीसी।

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अशवासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। जन शिकायत निवारण में कुल 13 आवेदन आए जो मुख्य रूप से वन पट्टा, कूप का बकाया राशि के संबंध में, डीप बोरिंग, सोलर सिस्टम लगाने के संबंध में, अनुकम्पा, जमीन विवाद से संबंधित जुड़े थे। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए , समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## 17 वां वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक


कृषि विज्ञान केंन्द्र में बैठक का आयेजन किया गया।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में 17वीं सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता डॉ रेखा सिन्हा के द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान एवं वरीय वैज्ञानिक शमहेश चंद्र जरई ने वर्ष 2024 के कार्यकर्मों को प्रदर्शित किया तथा आगामी वर्ष 2025 के कार्यक्रम को समिति को स्वीकृत हेतु प्रदर्शित किया। जिसमें उन्होंने बताया की लातेहार जिले में सबसे अधिक खेती टमाटर की होती है जिसके उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं । डॉ.अरविंद मिश्रा, डॉक्टर एसपी कुमार, डॉ आरती विना इक्का एवं डॉ सुनीता कुमारी कमल ने सभी अपने-अपने कार्यों की प्रगति को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया इस कार्यक्रम में डीडीएम नाबार्ड आत्मा लातेहार के उपनिदेशक सविता उरांव समाज प्रगति केंद्र चंदवा के प्रिंस, एफपीओ के सदस्य मुस्तकीम अंसारी तथा राज्य तकनीकी सलाह डॉक्टर बीडीएस मुंडा ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किया। वही प्रगतिशील किसान विनोद चौधरी, बीरबल उरांव जावा उरांव,प्रभात मिंज ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया। वही धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर सुनीता के द्वारा किया गया।

# डीसी ने विद्युत कार्यालय में बनाये गये कंट्रोल रूम का किया औचक निरीक्षण

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** गर्मी के मौसम में बिजली की समस्या के समाधान के लिए विद्युत कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम का उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रुम में आने वाली शिकायतों की जानकारी ली गई। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि कंट्रोल रूम का संचालन सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। विद्युत हेल्प लाइन नंबर पर आम जनमानस के द्वारा फोन करने पर फोन नहीं उठाया जाता है। निरीक्षण के दौरान, उपायुक्त ने कंट्रोल रूम में काम कर रहे कर्मचारी से बात की और कार्यप्रणाली की जांच की। शिकायत को गंभीरता से नहीं लेने


निरीक्षण करते उपायुक्त एवं अन्य पदाधिकारी।

और शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की गई। उपायुक्त ने लापरवाही बरतने वाले बटन पट चालक दिलीप बड़ाइक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कार्य मुक्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्युत कंट्रोल रूम मे लगाए गए अधिकारी और कर्मचारी को निर्धारित समय-सीमा के अनुसार उपस्थित होकर शिकायतों का तत्काल निराकरण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्युत कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता के कार्यों से असंतुष्ट होकर नाराजगी जाहिर करते हुए हिदायत दी कि शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिए जाने और तत्काल निराकरण नहीं किए जाने पर नियमानुसार करवाई की जाएगी। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हवन के साथ हरैया ठाकुरबाड़ी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न


भंडारा का आयोजन भी किया गया।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** हरैया में नवनिर्मित श्री श्री 108 श्री ठाकुरबाड़ी मंदिर में देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा शुक्रवार को हवन के साथ संपन्न हुई। प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात भंडारा का आयोजन भी किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व बनारस से आए आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री, पं. वैभव सारस्वत, .पं. शिवन गौड़, पं. प्रमोद गरोनकर, पं. मोहित शर्मा व पं. राघव शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बतौर यजमान डॉ मनीष कुमार व डॉ प्रिया कुमारी के साथ अन्य पूजा-अर्चना व प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लिया। मंदिर निर्माणकर्ता संतोष सिंह, प्रतिमा देवी, मृत्युंजय सिंह, के साथ प्रदीप सिंह, पं. अमरेश दुबे, प्रमोद जायसवाल, बिहारी सिंह, सुबोध जायसवाल, अजय जायसवाल, दीपक भगत, नरेश अग्रवाल, प्रमोद गिरी, कैलाश जायसवाल, रमेश जायसवाल, शंकर साहू, जितेंद्र कुमार, राहुल कुमार, शशिकांत गिनोडिया, रविकांत गिनोडिया, आनंद कानोडिया, देवंती देवी, चंदा देवी, विद्या रानी, आद्या रानी, श्रुति, अयांश, आशवी समेत अन्य श्रद्धालु चार दिवसीय पूजन और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित कार्यक्रमों और भंडारा को सफल बनाने की कवायद में जुटे दिखे। मंदिर समिति द्वारा आयोजित भंडारे में लोगों की हुजूम उमड़ पड़ा था। लोग कतारबद्ध होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जर्जर सड़क के कारण आवागमन मे परेशानी


सड़क को दिखाते ग्रामीण।

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा स्थित खुठनियां टोला होते हुए सरहुल मांडर से शिबला पंचायत भवन तक जाने वाला जर्जर सड़क के कारण ग्रामीणों को आवागमन के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। ग्रामीण विशेवर कुमार रवि, उमेश कुमार रवि, विकास कुमार, राजू राम, कार्तिक कुमार, सोनू कुमार, रोहन कुमार, धीरांजन कुमार, सुरेंद्र तुरी सहित कई ग्रामीणों ने कहा की बाघौता, ब्रमदेता मे लगभग 150 घरों मे हमलोग निवास करते हैं। मकरा विद्यालय से ब्राह्मदेता होते हुए चपरी रोड से सिबला पंचायत भवन जाने के लिए रोड काफी जर्जर हो गया है। हाल दिनों मे हुए बारिश से और भी गड्ढे मे तब्दील हो गई है। लगभग तीन किमी दूर तक सड़क मे काफी गड्ढे है जिससे चलने मे काफी कठिनाई हो रही है। गुरुवार को साप्ताहिक बाजार सिबला लगता है। बाजार सहित अन्य कार्यों के लिए आने जाने मे काफी कठिनाई होती है। अभी मात्र दो चार दिन बारिश हुई जिससे गड्ढे मे पानी जमाव हो गया है। बरसात के दिनों मे दो पहिए बाईक से भी चलना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से सड़क बनवाने की मांग की है।

# एनएच निर्माणकार्य में लगी कंपनी के साइट पर गोलीबारी

**चंदवा।** एनएच 39 कुड़ु से उदयपुरा तक एनएच फोरलेन निर्माण कार्य में लगी कंपनी के बोरसीदाग के समीप स्थित साइट पर शुक्रवार की शाम लगभग 4:00 बजे बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने हमला बोला, जहां कर्मियों को निशाना बनाकर दो राउंड फायरिंग की गई, हालांकि मौके पर मौजूद कर्मी किसी प्रकार कूद कर अपनी जान बचाने के सफल रहे, दो गोली कर्मी रहमान के सर के काफी पास से गुजरी थी। घटना के बाद बाइक सवार अपराधी चंदवा की ओर भाग निकले। कर्मियों के द्वारा घटना की सूचना दिए जाने के बाद चंदवा पुलिस की टीम दल बल के साथ घटना स्थल पहुंची जहां पुलिस ने दो खोखा बरामद किया। इसके पश्चात पुलिस प्रत्यक्षदर्शियों से घटना की जानकारी लेकर अपराधियों के धर पकड़ को लेकर अभियान में जुट गई है। हालांकि घटना स्थल पर किसी भी आपराधिक गिरोह या उग्रवादी संगठन के नाम से पर्चा नहीं छोड़ा गया है। कर्मियों ने बताया कि उक्त साइट पीआरए इंडिया कंपनी का साइट है। घटना के बाद से कर्मियों में दहशत व्याप्त है। विदित हो कि 10 जनवरी 2025 की दोपहर भी फोरलेन सड़क निर्माण के लकड़ी डिपो में गोली बारी की घटना हो चुकी है। घटना की पुष्टि करते हुए पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि गोली बारी की घटना हुई है, इस घटना में किसकी संलिप्तता है, उसकी जांच की जा रही है।



## ऑपरेशन सिंदूर के लिए सरकार को दी बधाई

**बालूमाथ।** केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना को मिल रही सफलता को लेकर बालूमाथ वासियों में खुशी की लहर देखी जा रही है। जिसको लेकर कई समाजसेवी लोगो ने सेना को बधाई दिया है और कहा है कि पाकिस्तान को खाने के लाले पड़े हुए हैं। वह भारत से युद्ध लड़ने चला है। दो दिनों से उसका चाइनीज बम भारतीय सेना हवा में ही मार गिरा दे रही है। इससे प्रतीत होता है कि हम लोगों की सैन्य ताकत कितनी मजबूत है ।कहा कि भारतीय सेना पहलगाम हमले का बदला पूरा लेगी सबका हिसाब बराबर होगा। भारतीय सेना सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बना रही है। लेकिन पाकिस्तान सुधारने वाला देश नहीं है। वह हमारे लोगों को मारना चाहता है। इसलिए रिहायशी इलाकों में मिसाइल बरसाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन सेना मुंह तोड़ जवाब दे रही है। जल्द ही पाकिस्तान का सफाया होगा।

## ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में हुआ मॉक ड्रिल


मॉक ड्रिल के दौरान खुद का बचाव करते विद्यार्थी।

**चंदवा।** पहलगाम हमले के बाद देश में लगातार युद्ध की स्थिति बनी हुई है। इस बाबत 7 मई को देशभर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसको देखते चंदवा के ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से बच्चों को आपातकालीन स्थिति में कैसे खुद का बचाव एवं नागरिकों सुरक्षा कैसे करें इसका गुर सिखाया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल हिमांशु सिंह ने बताया कि स्कूलों में मॉक ड्रिल का आयोजन करना सुरक्षा के लिहाज से एक सफल कदम है। स्कूल आने वाले बच्चों को भी मालूम होना चाहिए कि इमरजेंसी हॉर्न की आवाज कैसी होती है? ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए? अभी तो यह ड्रिल है केवल एक ट्रायल है। अगर भविष्य में कोई ऐसा खतरा आता है तो जरूरी नहीं की बच्चे घर पर ही रहें वह कहीं भी हो सकते हैं, ऐसी स्थिति में उन्हें किस तरह अपना और आसपास में मौजूद लोगों का बचाव करना है यह सीखना बेहद जरूरी है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शशिकांत मिश्रा, रौशन पाठक, हिना फरहीन समेत काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

# इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात थे सीएचओ, महिला को इंजेक्शन लगाते ही हुआ गर्भपात

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों मरीज के जिंदगी के साथ खिलवाड़ करना आम हो गया है ।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा रात्रि इमरजेंसी ड्यूटी में चिकित्सक के जगह सीएचओ को लगा दिया गया है। जिस कारण आए दिन कुछ ना कुछ घटना घटते जा रही है। इसकी शिकायत कई लोगों ने स्वास्थ्य विभाग को किया लेकिन कोई बदलाव नहीं होने के कारण मरीज अपना जान जोखिम में डालकर इलाज कराने को मजबूर है। शुक्रवार की अहले सुबह हेरहंज थाना क्षेत्र के सेरका ग्राम निवासी राजकुमार उरांव अपनी पांच माह की गर्भवती पत्नी रोविता देवी 25 वर्ष को लेकर अहले सुबह 4:00 बजे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। जहां पेट दर्द की शिकायत की। ड्यूटी में तैनात सीएचओ वकार अहमद एवं ड्रेसर वीरेंद्र कुमार ने महिला को दो इंजेक्शन लगाकर सोने चला गया। इस बीच महिला का रक्त रक्तस्राव लगा और महिला बेड के पास खड़ी होकर रोने लगी। इससे देखकर उसका पति राजकुमार एक घंटा तक अस्पताल परिसर में अस्पताल कर्मियों को ढूढ़ते रहा। लेकिन महिला को देखने के लिए एक भी स्वास्थ्य कर्मी नही पहुंचा। और महिला का ज्यादा रक्तस्राव होने से गंभीर हो गई। एक घंटा बाद रोने की आवाज सुनकर ड्रेसर एवम सीएचओ की नींद खुली तब महिला के पास पहुंचा। तब तक महिला की स्थिति गंभीर हो गई थी। स्थानीय लोगों ने महिला का उचित इलाज को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाइक एवं अस्पताल में अन्य चिकित्सकों को फोन लगाया तो उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया। बाद प्रसव रूम में तैनात एएनएम रीता टोपो एवं ललिता तिर्की उसे प्रसव रूम ले जाकर देखा तो बच्चे की मौत हो गई थी। उसके बाद महिला का गर्भपात कराया गया। महिला के पति राजकुमार उरांव ने कहा कि अगर रात्रि में एमबीबीएस चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहते और मेरी पत्नी का उचित इलाज होता तो मेरे होने वाले बच्चे आज सुरक्षित रहता। उन्होंने उपायुक्त से कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो के बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले कई महीनो से एमबीबीएस एवं आयुष चिकित्सक होने के बावजूद भी रात्रि इमरजेंसी ड्यूटी में सीएचओ को लगाया जा रहा है। जिस कारण 15 दिन पूर्व बालूमाथ के व्यवसाई ध्रुवकांत गुप्ता की मौत गलत इलाज के कारण हो गई थी। आज पुनः ऐसी घटना दोबारा होने पर स्वास्थ्य विभाग पर प्रशन चिन्ह खड़ा होता नजर आ रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक ने कहा कि चिकित्सक की कमी के कारण इमरजेंसी ड्यूटी में सीएचओ को लगाया गया है।


जानकारी देते महिला के पति राजकुमार उरांव।

**बालूमाथ अस्पताल में नहीं है उपलब्ध जीवन रक्षक दवाइयां**

शुक्रवार को रोबिता देवी जब बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर पेट दर्द की शिकायत की तो मौके पर मौजूद सीएचओ ने उसे बाहर से पेन किलर एवं गैस की इंजेक्शन लिख दिया जहां उसके पति राजकुमार उराँव एक घंटा तक सभी दवा दुकान घूमते रहे लेकिन सभी दवा दुकान बंद रहने के कारण उसे दवा नहीं मिला ।बाद में किसी एक दुकान खुला कर जब वह वापस आकर सुई लगवाया उसके बाद उसकी पत्नी का पुनः अधिक रक्तरसाव होने के कारण तबीयत बिगड़ गई ।जब सीएचओ को इस बात की जानकारी मिली तो पुनः रक्तरसाव रोकने के लिए फिर एक इंजेक्शन बाहर से लिख दिया। जब उनसे पूछा गया तो बताया कि यहां पर जीवन रक्षक कोई भी दवा उपलब्ध नहीं है जिस कारण बाहर से लिखना पड़ता है। वही बालूमाथ के कोई भी दवा दुकान रात्रि सुविधा नहीं देने के कारण आए दिन मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## उप प्रमुख ने सौंपा मांग पत्र

**चंदवा।** चंदवा उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा के नेतृत्व में चंदवा के प्रबुद्धजनों ने शुक्रवार को हिंडालको टोरी साइडिंग के प्रबंधक को एक मांग पत्र सौंप कर अलौदिया नाला सफाई की मांग की है। उप-प्रमुख ने हिंडालको प्रबंधक को अलौदिया नाला के बारे में बताते हुए कहा कि नाला चंदवा शहर के जल स्तर को बनाए रखने में जगराहा डैम का अहम योगदान है, इस डैम में पानी अलौदिया नाला से भी जाता रहा है, लेकिन वर्तमान समय में गंदगी के कारण नाला का ही अस्तित्व संकट में है। इस जल स्रोत को बचाने के जवाबदेही हम सबों की है। ऐसे में कंपनी अपने सीएसआर मद से इस पर काम करें, आम जनमानस का सहयोग आपको मिलेगा।

# छात्रों को दी साइबर क्राइम व ट्रैफिक रूल की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के खैराचातर स्थित रणविजय मेमोरियल संस्कार पब्लिक स्कूल में ट्राफिक रूल व साइबर क्राइम पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने संबंधित विषयों पर विस्तार से बताया। उन्होने कहा कि कहा कि जागरूकता से ही साइबर क्राइम से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि साइबर क्रिमिनल मोबाइल उपभोक्ताओं को तरह-तरह से ठगी का शिकार बना रहे हैं।

इसलिए मोबाइल चलाते वक्त हमेशा सजग व सतर्क रहने की जरूरत है। कभी भी किसी अंजान लिंक को क्लिक न करें और न किसी अनजान व्यक्ति से चैटिंग करें। श्री महतो ने ट्रैफिक रूल पर भी विस्तार से बताया और कहा कि नाबालिक लड़का अथवा लड़की का गाड़ी चलाना कानूनन अपराध है। इसमें चालक के साथ-साथ उसके अभिभावक को भी सजा मिल सकती है। कहा कि 18 वर्ष पूर्ण होने और ड्राइविंग लाइसेंस बनने के बाद ही गाड़ी चलाएं तथा हेलमेट व सीट बैल्ट समेत सभी नियमों का अनुपालन अवश्य करें। इस दौरान थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने भारत व पाकिस्तान के बीच शुरू हुए युद्ध और देश भर में कराये जा रहे मॉक ड्रील के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच युद्ध की स्थिति है। उन्होंने बताया कि उसी को ध्यान में रखते हुए देशभर में मॉक ड्रिल हो रहा है। कहा कि मॉक ड्रिल किसी भी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने व सजग रहने का पूर्वाभ्यास है। थाना प्रभारी ने बच्चों को शिक्षा का महत्व भी बताया और कहा कि परिश्रम से ही सफलता मिल सकती है। मौके पर नीरज भट्टाचार्य शिक्षक निशाकर दे अब्दुल शाहिद राजीव कुमार सोनाय प्रामाणिक सरिता कुमारी छोटेलाल ठाकुर अब्दुल कादिर जिलानी रिया जायसवाल गुलनाज प्रवीण धनेश्वर महतो रूमी कुमारी नेहा कुमारी समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं व स्कूली बच्चे मौजूद थे।



# दिसोम मांझी थान की तैयारी पूरी

## धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आउटडोर स्टेडियम में आयोजित होगी 12 मई को



प्रेसवार्ता कर जानकारी देते दिसोम मांझी सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका निज संवाददाता।** दिसोम मांझी थान आर जाहेर थान समिति संताल परगना प्रमंडल की ओर से आगामी धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम को शुक्रवार प्रेसवार्ता आयोजित हुई। जिसका नेतृत्व दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू ने की।

प्रेसवार्ता कर दिसोम मांझी थान सदस्यों ने कहा कि आगामी 12 मई, को बिरसा मुंडा आउटडोर स्टेडियम में होने वाले धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम के विषय पर रखा गया था। दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू ने कहा कि उक्त कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां अंतिम चरण पर है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिसोम मांझी थान के नेतृत्व में गांव के धार्मिक कार्यकताओं के द्वारा गांव स्तर पर मांझी बाबा, मोड़े होड़, आतो होड़ समेत सभी से सम्मिलित होने का आग्रह किया हैं। आगे मीडिया प्रभारी प्रेम हांसदा ने कहा कि उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आम जानो के साथ-साथ कई बड़े पदों पर बैठे पदाधिकारियों को भी विशेष आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम से संबंधित सारी तैयारियां अपने अंतिम चरण पर है। उम्मीद है कि इस कार्यक्रम में लगभग 25-30 हजार की संख्या में मरांग बुरू अनुयायी शामिल होंगे। उनके खाने-पीने संबंधित सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आगे मुकेश आरडीएक्स टुडू ने कहा कि इस धार्मिक कार्यक्रम के माध्यम से मरांग बुरू अनुयायियों को एकजुट करना है। भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच विलुप्त होते धार्मिक आस्था व परंपराओं को पूर्नजागरण करने का प्रयास है। आपको बता दें दिसोम मांझी थान और जाहेर थान समिति संताल परगना प्रमंडल, दुमका की ओर से एक दिवसीय ह्धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आउटडोर स्टेडियम में आयोजित होगी।

ये कार्यक्रम 12 मई को सुबह 10 बजे दिसोम मांझी थान और जाहेर थान में बोंगा बुरु से प्रारंभ होगी। धर्म गुरु द्वारा कथा और सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 3 से सुबह 6 बजे तक होगी। जिसमें विश्व प्रसिद्ध धर्म गुरु, लेखक सोमाय किस्कू द्वारा संतालों के उद्भव और विकास, धर्म और संस्कृति के बारे में विस्तार से बताएंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए संताली सिंगर सिंगराय सोरेन, कल्पना हांसदा, डिगिर सोरेन, बनाम राजा नारायण टुडू, कुनामी चांदों म्यूजिकल ग्रुप समेत अन्य कलाकार शामिल होंगे।

# बस ने दंपति को रोंद्धा, घटनास्थल पर ही पति का मौत



घटना स्थल पर पहुंची पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के दुमका-रामपुरहाट मुख्य पथ पर सिमनीजोड़ मोड़ के समीप यात्री आशीर्वाद बस ने बाईक सवार दंपति को ठोकर मार दिया। जिसे पति की मौत घटनास्थल पर हीं हो गई। जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। दंपति शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के नवपहाड़ गांव के रहने वाला है। मृतक का नाम पांचू मियां (68) और पत्नी फातिमा बीबी (63) है। जानकारी के अनुसार दंपत्ति अपने बाइक से चिरुड़ी सीएसपी बैंक गया था और पैसा निकासी कर वापस अपना घर लौट रहा था। इसी क्रम में दुमका से रामपुरहाट जा रही आशीर्वाद बस में ठोकर मार दिया। जिसे पति का मौत घटनास्थल पर हो गया और पत्नी घायल हो गई। सूचना पर शिकारीपाड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। हादसे के बाद बस मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने बस को बंगाल सीमा लौड़ीपहाड़ी के पास जप्त कर शिकारीपाड़ा थाना ले आया। पूलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि बस चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षा की गुणवत्ता का स्तर और बेहतर बनाने को लेकर बीईईओ ने दिया दिशा- निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुरगंगटी प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सभागार में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रफीक आलम ने शिक्षा स्तर में और बेहतर करने को लेकर शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समय पर ई विद्या वाहिनी पर छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करें। साथ ही साथ निर्धारित समय पर ही मध्यान भोजन का भी एस एम एस करें। सत्र 2025-26 के लिए पोशाक और साइकिल की सूची हार्ड और सॉफ्ट कॉपी में जमा करने को कहा। कक्षा आठ के छात्रों की साइकिल की सूची एक सप्ताह के अंदर जमा करने का निर्देश दिया। कहा की सभी शिक्षक समय पर विद्यालय आवें अपने और सहयोगी शिक्षकों के साथ-साथ सभी कक्षाओं के छात्रों की उपस्थिति भी समय पर दर्ज करावें। मीनू के आधार पर मध्यान भोजन जारी रखने की मॉनिटरिंग करते रहें। प्रखंड संसाधन केंद्र द्वारा जो भी दिशा,निर्देश दिया जाता है उसका पालन करते हुए निर्धारित समय पर सभी कार्यों का निष्पादन करें। ताकि ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा गुणवत्ता का स्तर और अधिक बढ़ सके। मौके पर बीपीओ कुणाल कुमार, बीआर पी अनीता झा, राजशेखर सिंह, सीआर पी राजेश रमन ठाकुर, कलानंद झा, श्रीरमन झा, दिनेश कापरी, शिक्षक संघ के अंचल सचिव सह आदर्श मध्य विद्यालय खरखोदिया के प्रधानाध्यापक कौशल किशोर ठाकुर, अध्यक्ष सह प्राथमिक विद्यालय नावाडीह के प्रधानाध्यापक मानुएल सोरेन, शिक्षक नेता सह प्राथमिक विद्यालय चांदपुर के प्रधानाध्यापक लोबिन रवानी, सुभाष ठाकुर, पंकज सुमन, मो सिराज, धनेश्वर प्रसाद साह, ललित कुमार, राजाराम कापरी, अरुण कुमार, निशा सिन्हा, शिखा सिन्हा, प्रमोद महतो, दिलीप कुमार, आसवन मुर्मू, उमेश कुमार, मरांगमय मरांडी, पुष्पा टुडू सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक, सहायक अध्यापक आदि मौजूद थे।



# सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने बांधा समां






खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** एसएनए छऊ केंद्र चंदनकियारी में ध्रुपद गायक सह अध्यक्ष एडवाइजरी कमेटी उमाकांत गुंडेचा जी एवं सचिव संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली राजू दास एवं एडवाइजरी कमेटी के सभी सदस्यगण बांसुरी वादक पं चेतन जोशी छऊ केंद्र के संयोजक सह एडवाइजरी कमेटी के सदस्य डॉ संजय कुमार चौधरी पागुलु जेना हराधन महतो तपन पटनायक नंदलाल नायक की उपस्थिति में तीन महत्वपूर्ण चरणों में कार्यक्रम कलादर्शन संपन्न हुआ। पहले चरण में सरायकेला से तीन दलों एवं पश्चिम बंगाल पुरुलिया से दो दलों एवं चंदनकियारी से एक दल उपस्थित हुए।

दूसरे चरण में एडवाइजरी कमेटी की बैठक संपन्न हुई जिसमें कमेटी के सभी माननीय सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में पिछले वर्ष की योजना एवं आने वाले वर्ष की वार्षिक योजनाएं क्या-क्या हुआ एवं क्या-क्या होना चाहिए इस विषय पर गहन चर्चा की गयी। तृतीय चरण में संध्या काल कला दर्शन कार्यक्रम जो संगीत के परम गुरु रविंद्र नाथ टैगोर जी के जयंती के उपलक्ष्य में रविंद्र संगीत का कार्यक्रम संजीव मजूमदार एवं कलाकारों तथा पश्चिम बंगाल के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन अध्यक्ष एडवाइजरी कमेटी सह ध्रुपद गायक उमाकांत गुंडेचा जी एवं सचिव संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली राजू दास जी ने किया। कार्यक्रम केंद्र के संयोजक डॉ संजय कुमार चौधरी जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवीण कुमार दुरेजा जी दिलीप जेना विजय कुमार आशुतोष कुमार सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।

## बोकारो स्टील प्लांट में रोको - टोको कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस क्षेत्र में जीरो टॉलरेंस सुरक्षा नियमों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए सीजीएम ब्लास्ट फर्नेस शौविक रॉय विभागीय सुरक्षा अधिकारी जीएम ब्लास्ट फर्नेस धनंजय कुमार और सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक रोको-टोको कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोको-टोको कार्यक्रम में ब्लास्ट फर्नेस विभाग के महेंद्र प्रसाद जीएम-बीएफ/विद्युत मानस सरकार पीके सिंह व अल्फेड टोप्पो जीएम-बीएफ/यांत्रिकी श्याम सुंदर व पी सौरभ जीएम-बीएफ/ऑपरेशन जयंत जोद्दार अनुपम रे व विनय कुमार क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी-एसईडी डी कुमार तथा उप प्रबंधक-सुरक्षा शामिल थे।

# परिवार के किसी सदस्य को प्रताड़ित करना ही घरेलु हिंसा : डालसा

## पथरगामा सहित विभिन्न प्रखंडों में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार व सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों व ग्रामीण क्षेत्रों में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसी कड़ी में पथरगामा प्रखंड के विभिन्न गांवों में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने गुरुवार को टेंगर, मांछीटांड़, तेलनी एवं चिलकारा गोविंद गांव में अभियान चलाया। इस दौरान अधिकार मित्र मीनू बेसरा व दिलीप यादव ने ग्रामीणों को कानूनी अधिकार एवं घरेलू हिंसा से संबंधी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घरेलु हिंसा अधिनियम महिलाओं के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों का संरक्षण करने, महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने एवं उनके अधिकारों की रक्षा करती है। इस अधिनियम में केवल पत्नी नहीं बल्कि मां, बहन, विधवा, अथवा परिवार के किसी भी सदस्य को प्रताड़ित करना घरेलू हिंसा अपराध माना गया है। शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करना, मारपीट करना , शरीर के अंग को चोट पहुंचाना ,गाली गलौज करना मान सम्मान अपमानित करना, लड़का न पैदा होने पर ताने मारना, दहेज संबंधी मांग करना, परिजनों को धमकाना, बीमार होने पर इलाज न करना, उनके अधिकारों से वंचित रखना घरेलू हिंसा अपराध माना गया है। हमारे समाज में आए दिन घरेलू हिंसा अपराध की घटनाएं एवं समस्या बनी हुई है। इससे परिवार में तनाव, परिवार टूटने व बिखरने का डर लगा रहता है । समाज में हो रहे अपराध को रोकने हेतु सभी वर्गों को आगे आने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं। इसके अलावा टीम ने लोक अदालत के माध्यम से होने वाले मामले से संबंधित जानकारी दी। कहा कि 10 मई को न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत होगा। इसमें बिजली, पानी, बैंक ऋण, पुराने मामले, घरेलु विवाद सहित विभिन्न मामले का त्वरित निष्पादन होता है। अधिक से अधिक मामले का निष्पादन लोक अदालत के माध्यम से कराने में ही बुद्धिमानी है। इसके अलावा महागामा, गोड्डा, सुंदरपहाड़ी, पोड़ैयाहाट, बसंतराय, बोआरीजोर, ठाकुरगंगटी, मेहरमा प्रखंड के गांवों में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित कर जानकारी दी गई।

## स्पीड न्यूज

### बीएसएल के निदेशक प्रभारी ने अधिकारियों को दिलाई सुरक्षा शपथ

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में रू-ब-रू नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बीएसएल के अनाधिशासी कार्मिक शामिल हुए। संवाद कार्यक्रम के आरम्भ में निदेशक प्रभारी के नेतृत्व में सभी ने सुरक्षा शपथ ली। सहायक महाप्रबंधक अमित आनंद ने एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बीएसएल द्वारा ज्ञानार्जन एवं विकास की दिशा में किए गए पहल- लिंक्डइन व फ्यूचर प्राइम इत्यादि प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ एमओयू एवं ई-पाठशाला और अन्य ऐसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से बीएसएल द्वारा अपने कर्मियों को ज्ञानार्जन हेतु उपलब्ध कराये जा रहे नए अवसरों पर प्रकाश डाला। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने अपने संबोधन में ज्ञानार्जन एवं विकास की अहमियत को रेखांकित करते हुए सभी को सीखने के इन अवसरों का भरपूर लाभ उठाने ज्ञानार्जन द्वारा सेल्फ डेवलपमेंट बेस्ट प्रैक्टिसेज को अपनाने तथा डिजिटलाइजेशन एवं ए आई के क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास से अवगत होने पर बल दिया। परिचर्चा में प्रतिभागियों ने भी ज्ञानार्जन एवं विकास से सम्बंधित अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के उप महाप्रबंधक राजेश कुमार ने किया।

### बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस 02 में स्थापित चौथे स्टोव का सफल संचालन

**बोकारो।** बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस 02 में स्थापित चौथे स्टोव का सफल संचालन निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर ईडी- संकार्य सीआर महापात्रा सीजीएम-आरएमएचपी धनंजय कुमार सीजीएम -यातायात एमके ह्यांकी सीजीएम -परियोजनाएं एनके बेहरा सीजीएम- ब्लास्ट फर्नेस शौविक रॉय के साथ ब्लास्ट फर्नेस विभाग के जीएम मानस सरकार श्याम सुन्दर कंचन कुमार महेंद्र प्रसाद डीजीएम एसके शुक्ला जहीर कुरैशी तथा वरीय अधिशासी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। ब्लास्ट फर्नेस 02 में स्थापित चौथे स्टोव की मदद से हॉट ब्लास्ट टेम्परेचर को 950 डिग्री सेंटीग्रेड तक बढ़ाया जा सकेगा जिसके फलस्वरूप ब्लास्ट फर्नेस 02 के परिचालन में न केवल तापीय स्थिरता आएगी बल्कि कोक की खपत और उत्पादन लागत में भी कमी आएगी। हॉट ब्लास्ट टेम्परेचर को 950 डिग्री सेंटीग्रेड तक बनाए रखने से ब्लास्ट फर्नेस 02 की उत्पादन क्षमता ऊर्जा दक्षता एवं कार्यक्षमता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। इस परियोजना को सेल की रांची स्थित इकाई सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के परामर्श से औद्योगिक तकनीकी समाधान प्रदान करने वाली संस्था एसएमएस-इंडिया के द्वारा सम्पूरित किया गया। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने इस परियोजना से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता संगठन की सतत तकनीकी उत्कृष्टता और समर्पित टीम भावना का परिणाम है तथा हमें भविष्य में भी इस प्रकार की उन्नत तकनीक के प्रयोग से उत्पादन क्षमता को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है।

### लगन, मेहनत और समर्पण से आगे भी बने रहें अव्वलः डीएसपी

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में हर मौसम में बिना रुके बिना थके प्रतिदिन विद्यालय आने वाले 215 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पढ़ाई के प्रति लगनशील और समर्पित इन छात्र-छात्राओं को बतौर मुख्य अतिथि बोकारो के सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने शत-प्रतिशत उपस्थिति पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। उनकी हौसला अफजाई करते हुए डीएसपी श्री आलोक ने उन्हें यह लगन और निरंतरता आगे भी बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा - विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि डीपीएस बोकारो हमेशा ही अव्वल रहा है।

## एक नजर में

### बेरमो के नव अध्यक्ष छीत्तरमल अग्रवाल का किया गया अभिनन्दन

**बेरमो /फुसरो।** मारवाड़ी सम्मेलन बेरमो के नव निर्वाचित अध्यक्ष छीत्तरमल अग्रवाल का अभिनंदन मारवाड़ी पंचायत चास के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी पंचायत के अध्यक्ष अशोक जगनानी तथा सचिव विकाश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से अंग वस्त्र और श्याम बाबा का प्रतीक चिन्ह देकर श्री अग्रवाल को सम्मानित किया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए छित्तरमल अग्रवाल ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेवारी मुझे दी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। समाज के सभी व्यक्तियों से सहयोग लेकर सम्मेलन को सक्रिय कर समाज हित में कार्य करूंगा। अपने चुनावी घोषणा पत्र पर किए वादों को पूरा करूंगा। अशोक जगनानी ने कहा कि समाज ने जो जिम्मेवारी दी है, उसे पूरी सक्रियता के साथ निभाकर समाजहित में कार्य करे। वही पंचायत के सचिव विकाश अग्रवाल ने कहा कि मारवाड़ी समाज के जितने भी संगठन है सभी को साथ लेकर चलना है। इस अवसर वरिष्ठ समाजसेवी ओम प्रकाश राजोरिया, मुकेश भगोरिया, पंकज बंशल, कृष्ण कुमार चांडक उपस्थित थे।

### नारायणपुर लिंचिंग मामले पर न्याय की मांग

**बेरमो।** यूनाइटेड मिल्ली फोरम के संरक्षक डॉ. हसन रजा, फोरम के प्रदेश महासचिव अफजल अनीस, अवकाश प्राप्त प्रोफेसर खालिद सज्जाद, जियाउल इस्लाम ने अल्पसंख्यक आयोग, झारखंड के उपाध्यक्ष शमशेर आलम से उनके आवास पर मुलाकात कर बोकारो जिला के पैक नारायणपुर थाना अंतर्गत मॉब लिंचिंग में मारे गए मोहम्मद अब्दुल कलाम के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। अनीस ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तहसीन पूनावाला के पीआईएल पर दिए गए दिशा-निदेर्शों का हवाला देते हुए राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को अंतरिम राहत (मुआवजा) देने, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी, केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजने, और विधान सभा से पारित ₹भीड़ हिंसा निवारण कानून₹ को राज्यपाल के पास फिर से भेजे जाने की सिफारिश करने की माँग की। साथ ही परिवार को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की बात रखी। आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने आश्वासन दिया कि वे इस मामले में पहल करेंगे और दो दिनों में स्वयं पीड़ित परिवार से मिलने जाएंगे व घटना की गहराई से जाँच कराएँगे।

### वाहन चेकिंग के दौरान धरा गया बाइक चोर, भेजा गया जेल

**बेरमो।** बेरमो थाना कांड संख्या 57/25 दिनांक 09/05/2025 धारा 303(2)/317(2) बी एन एस में प्राथमिकी अभियुक्त कौलेश्वर कामार पिता स्वर्ग सोमर कामार सकिन बासीबेडा थाना नावाडीह जिला बोकारो को मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक में फिंगरप्रिंट संरक्षित कराते हुए जेल भेजा गया । मोटरसाइकिल चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल चोर पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिस पर पुलिस बल द्वारा पकड़ लिया गया ।मोटरसाइकिल चोर गाड़ी के कागजात प्रस्तुत नहीं किया साथ ही बताया कि कुछ दिन पहले लेपो से मोटरसाइकिल चोरी किए हैं।

### 10 मई को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश बोकारो के निदेर्शानुसार 10 मई को व्यवहार न्यायालय तेनुघाट में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाया जाएगा। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल निष्पादन के लिए 3 बेंच का गठन किया गया है। इसकी पहले बेंच पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी एवं अधिवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा, दूसरे बेंच पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला और अधिवक्ता सुजीत कुमार जायसवाल तथा तीसरे बेंच पर एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल एवं अधिवक्ता राकेश कुमार मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी बेरमो अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी। एसडीजेएम अग्रवाल ने बताया कि यहां आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अब तक कई मामलों का निष्पादन किया गया है। आगे श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि जिस भी मुवक्किल को अपने मामलों का समझौता के आधार पर मामले का निष्पादन कराना हो वे खुद या अपने अधिवक्ता के माध्यम से 10 मई को व्यवहार न्यायालय तेनुघाट में उपस्थित होकर मामले का निष्पादन करवा सकते हैं। कहा कि पूर्व में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में यहां सैकड़ों मामलों का निष्पादन किया जा चुका है।

### आजसू पार्टी युवा नेता पंकज कुमार चौधरी ने किया नये थाना प्रभारी मेहरा का स्वागत

**बेरमो/ललपनिया।** बेरमो अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत जागेश्वर थाना के नये थाना प्रभारी परमानंद मेहरा का गोमिया विधानसभा के प्रभारी सह युवा नेता आजसू पार्टी के पंकज कुमार चौधरी एवं वार्ड सदस्य दशरथ हेम्ब्रम ने अंगवस्त्र देकर स्वागत किया और उन्होंने थाना प्रभारी को नये जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं भी दी। स्वागत के क्रम में उन्होंने नये थाना प्रभारी श्री मेहरा के समक्ष अपने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को भी रखे।जहां थाना प्रभारी श्री मेहरा ने आजसू पार्टी युवा नेता से परिचय प्राप्त कर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा आपलोग क्षेत्र में अमन व शांति स्थापित करने को लेकर पुलिस प्रशासनकी मदद करें,वही उन्हें आश्वस्त किया कि अपराध पर अंकुश लगाना ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी। क्षेत्र में कानून व्यवस्था का संचालन बेहतर ढंग से करने का भी उन्होंने आश्वासन दिया। साथ ही शहर के गणमान्य लोगों से मिलकर हर समस्याओं को जानने की बात भी कही।उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति थाने में आकर अपनी समस्या रख सकता है। जिसका समाधान न्यायिक प्रक्रिया के अनुरूप किया जाएगा।

### महाराणा प्रताप सेवा संस्थान बेरमो ने मनाया महाराणा प्रताप की जयंती समारोह

**फुसरो।** फुसरो नप क्षेत्र के डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति भवन में महाराणा प्रताप सेवा संस्थान बेरमो के बैनर तले शुक्रवार महाराणा प्रताप का जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन प्रसाद गुप्ता व संचालन भाई प्रमोद सिंह ने किया। यहां उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित नमन किया। यहां भाजपा के टुंडी विस प्रभारी नेता विक्रम पांडेय ने कहा कि महाराणा प्रताप की वीर गाथा अमर है। इनकी वीर गाथा आज भी किस्से कहानियों में सुनाई जाती है महाराणा प्रताप एक ऐसे योद्धा थे, जिन्हें दुश्मन भी सलाम करते थे। उनकी वीरता से भारत भूमि गौरवान्वित हुई है। कहा कि युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप की जीवनी से सीख लेने की जरूरत है। विनय कुमार सिंह व भाई प्रमोद सिंह ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप ने मुगलों की दासता स्वीकार करने की बजाये लड़ना जरूरी समझा। वे वतन की रक्षा के लिए जीवन के अंतिम सांस तक संघर्ष करते रहे। मदन प्रसाद गुप्ता व भरत वर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन से युवा पीढ़ी को देश प्रेम, साहस, और दृढ़ संकल्प की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने अपने राज्य की स्वतंत्रता के लिए मुगलों से संघर्ष किया और कभी हार नहीं मानी। उनकी वीरता और दृढ़ता युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। साथ ही पहलगाम में हुए नृशंस घटना को अंजाम देने वाले पाकिस्तानी आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देकर ऑपरेशन सिंदूर को सफल अंजाम तक पहुंचाने वाले जांबाज सैनिकों को भारत का गर्व बताते हुए लोगो ने उन्हें बधाई दी है। कहा है कि पाकिस्तान में आतंकवादी संगठन जैश, लश्कर, हिजबुल जैसे संगठनों को भारतीय सेना ने तबाह और बर्बाद कर उनकी कमर तोड़ दी है।

# बीएलए ने किया आजादी का ऐलान

## ऑपरेशन सिंदूर इफेक्ट : बलूचिस्तान के कई इलाकों में विद्रोही गुटों ने पाकिस्तानी झंडा उतारा

- बलूचिस्तान पर नियंत्रण खो रही है पाक सरकार और सेना : अब्बासी
- मीर यार बलोच ने संयुक्त राष्ट्र संघ से अपना शांति मिशन भेजने की मांग
- भारत से दिल्ली में एंबेसी खोलने की भी की मांग

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** एक तरफ पाकिस्तान की सेना भारत की ओर से आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई से बौखलाई हुई है तो दूसरी ओर बलूचिस्तान में उसके लिए नया फ्रंट खुल गया है। बलूच विद्रोहियों ने भारत के साथ तनाव को एक मौके की तरह लपकते हुए पाकिस्तानी सुरक्षाबलों पर हमले तेज कर दिए हैं। कई इलाकों में तो विद्रोही गुटों ने आजादी के नारे लगाते हुए झंडे फहरा दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बीते कुछ दिनों में बलूच लड़ाकों के कम से कम तीन समूहों ने बलूचिस्तान प्रांत के कई हिस्सों पर कब्जा जमा लिया है। सोशल मीडिया पर ऐसी तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जिनमें बलूच विद्रोही इमारतों से पाकिस्तान के राष्ट्रीय झंडे को उतारकर बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान करते हुए अपने झंडा फहरा रहे हैं। पूर्व पाक पीएम शाहिद खाकान अब्बासी ने भी स्वीकारा है कि सरकार और सेना बलूचिस्तान पर नियंत्रण खो रही है। बलोच की लेखक मीर यार बलोच ने यह एलान किया है और उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबा पोस्ट कर बलूचिस्तान की आजादी का एलान किया है। मीर यार बलोच ने आजादी का एलान करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ से अपना शांति मिशन भेजने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने भारत से दिल्ली में बलूचिस्तान के लिए एम्बेसी की भी मांग की है। मीर यार बलोच ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि आतंकवादी पाकिस्तान के पतन के निकट होने के कारण जल्द ही संभावित घोषणा की जानी चाहिए। हमने अपनी आजादी का दावा किया है और हम भारत से अनुरोध करते हैं कि वह बलूचिस्तान के आधिकारिक कार्यालय और दिल्ली दूतावास की अनुमति दे।



मीर यार बलोच ने संयुक्त राष्ट्र से अनुरोध करते हुए लिखा है कि वह बलूचिस्तान के लोकतांत्रिक गणराज्य की स्वतंत्रता को मान्यता दे और मान्यता के लिए अपना समर्थन देने के लिए संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों की बैठक बुलाए। उन्होंने यह भी मांग की कि मुद्र और पासपोर्ट मुद्रण के लिए अरबों डॉलर की धनराशि जारी की जानी चाहिए। मीर यार बलोच ने आगे लिखा कि हम संयुक्त राष्ट्र के आग्रह करते हैं की वह बलूचिस्तान में अपना शांति मिशन भेजे और पाकिस्तान की कब्जे वाली सेना से बलूचिस्तान के क्षेत्रों, वायु क्षेत्रों और समुद्र को खाली करने और सभी हथियार और संपत्ति बलूचिस्तान में छोड़ने के लिए कहे।

**दुनिया से मान्यता की अपील :** बलूचिस्तान की आजादी के समर्थक गुटों समूहों ने इस हफ्ते पाकिस्तानी सुरक्षाबलों पर कई हमले किए हैं। पाकिस्तानी सुरक्षाबलों को सिर्फ क्वेटा शहर में ही कम से कम चार बड़े हमलों का सामना करना पड़ा है। बलूचिस्तान के लेखक मीर यार बलूच ने सोशल मीडिया पर लिखा कि बलूचों ने अपने झंडे फहराने शुरू कर दिए हैं और पाकिस्तानी झंडे उतार रहे हैं। उन्होंने दुनिया से पाकिस्तान से अपने दूतावासों को हटाकर बलूचिस्तान स्थानांतरित करने की अपील की है। मीर ने कहा कि जल्द ही पाकिस्तान के टूटने की घोषणा हो सकती है क्योंकि हमने अपनी आजादी का दावा कर दिया है।

### बलूच लिबरेशन आर्मी ने क्वेटा में कई पाकिस्तानी सेना पोस्ट पर किया कब्जा

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में पाकिस्तानी सेना की कई पोस्ट पर कब्जा कर लिया है। बीएलए ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तानी सेना को पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा है। शहर के कई हिस्सों पर पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण खो दिया है। बीएलए ने गैस पाइपलाइन को उड़ाने का दावा किया है। फ्रंटियर कॉर्प्स के मुख्यालय समेत प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों के पास विस्फोट और गोलीबारी की खबरें आई हैं। बीएलए के हमले ने पाकिस्तान के लिए कई मोर्चों पर चुनौती को बढ़ा दिया है। खैबर-पख्तूनख्वा में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने पाकिस्तानी सेना के खिलाफ लगातार हमला जारी रखा है। पिछले कुछ दिनों में टीटीपी के हमलों में कई पाकिस्तानी जवान मारे गए हैं। इसके साथ ही भारतीय बलों ने भी पाकिस्तान के आतंकी अड्डों पर हमला किया था।

# पाकिस्तान से सटे क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ायें : शाह

- गृह मंत्री ने बड़े बांधों और सामरिक व नागरिक यातायात से जुड़े अहम पुलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान से सटे इलाकों, हवाई अड्डों और अहम प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए। सीआईएसएफ, बीएसएफ और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्यूरिटी (बीसीएसी) के महानिदेशकों के साथ बैठक कर सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा की और इसे और मजबूत करने के लिए कई सुझाव दिये। इसके साथ ही राज्यों को बड़े बांधों और सामरिक व नागरिक यातायात के लिए अहम पुलों की सुरक्षा बढ़ाने को कहा गया है। इसके पहले अमित शाह पाकिस्तान और नेपाल सीमा पर सुरक्षा की समीक्षा कर चुके हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान की ओर से हवाई हमलों और इसमें हवाई अड्डों व अन्य अहम प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की आशंका को देखते हुए यह बैठक बुलाई गई थी। पाकिस्तान से सटी सीमा पर सुरक्षा की जिम्मेदारी बीएसएफ की है।

**सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाने का निर्देश :** अमित शाह ने बीएसएफ को सीमा पार से गोलीबारी की आशंका वाले स्थानों पर ग्रामीणों के समय से पहले सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाने का निर्देश दिया। ध्यान देने की बात है कि पुंछ में पाकिस्तान की ओर से भारी गोलाबारी में एक दर्जन से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं।

वहीं, हवाई अड्डों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ और बीसीएसी के पास है। सीआईएसएफ यात्रियों की सुरक्षा जांच के लिए जवाबदेह है, वहीं बीसीएसी हवाई अड्डे की पूरी सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालती है।



अमित शाह ने दोनों सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों को सुरक्षा के दौरान और ज्यादा चौकसी बरतने और संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्काल समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा सीआईएसएफ मेट्रो, सरकारी दफ्तरों, न्यूक्लीयर पावर प्लांट समेत अहम प्रतिष्ठानों की सुरक्षा संभालती है।

### अब सेना के निशाने पर मसूद अजहर और हाफिज सईद

**नयी दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद आतंकियों और उनके आकाओं के खिलाफ भारत के सख्त रूख को देखते हुए पाकिस्तान को अब जैश ए मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर और लश्करे तैयबा प्रमुख हाफिज सईद की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। डर का आलम यह है कि आइएसआइ ने मसूद अजहर को अपने भाई रउफ असगर और अन्य परिवार के सदस्यों के जनाजे में भी नहीं जाने दिया। पुराने सर्जिकल और एयर स्ट्राइक को देखते हुए आइएसआइ ने पहलगाम हमले के बाद पीओके स्थित लॉन्च पैड सहित सीमा से सटे कैंपों से आतंकियों को हटा लिया था। सईद और मसूद को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचा दिया गया था।

### सिंधु जल संधि पर हस्तक्षेप कोई नहीं करेगा वर्ल्ड बैंक

**नयी दिल्ली।** वर्ल्ड बैंक के चीफ अजय बंगा ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। सिंधु जल संधि पर बंगा ने साफ किया कि वर्ल्ड बैंक इस मामले में मध्यस्थ नहीं है। वर्ल्ड बैंक भारत और पाकिस्तान के बीच इस संधि को लेकर कोई भी हस्तक्षेप नहीं करेगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा कदम उठाया था। भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। अजय बंगा ने कहा कि संधि को निलंबित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने इसे अभी के लिए रोक जैसा कहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि सिंधु जल संधि में इसे निलंबित करने का कोई नियम नहीं है। उनके अनुसार, इस संधि को या तो खत्म करना होगा या इसकी जगह कोई नई संधि बनानी होगी। ऐसा तभी हो सकता है जब दोनों देश इसके लिए राजी हों। अजय बंगा ने वर्ल्ड बैंक की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा कि अगर दोनों देशों में कोई मतभेद होता है तो वर्ल्ड बैंक सिर्फ एक सहायक की तरह काम करेगा। वह एक ऐसे व्यक्ति या संस्था को खोजने में मदद करेगा जो इस मामले को निष्पक्ष तरीके से सुलझा सके।

# बिहार में सिविल डिफेंस वालंटियरों की होगी भर्ती

**ऑपरेशन सिंदूर**

- 18 वर्ष से अधिक के युवा जिले के डीएम कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं, मानदेय 400 से बढ़कर 700 रुपये

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** युद्ध की पृष्ठभूमि को केंद्र में सरकार ने सिविल डिफेंस वालंटियर्स की संख्या को बढ़ाने का फैसला लिया है। पूरे बिहार में वर्तमान में इनकी संख्या दो हजार है। आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने शुक्रवार को इस सिलसिले में सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए। एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र, एनएसएस व स्काउट एंड गाइड्स के अधिकारियों के साथ उनके वालंटियर्स के बारे में बैठक हुई। आपदा प्रबंधन विभाग के पास 9000 आपदा मित्र भी हैं। इन सभी को जागरूकता अभियान में लगाया जाएगा। प्रत्यय अमृत ने यह जानकारी दी कि सिविल डिफेंस के वालंटियरों को एक दिन के काम के एवज में जो मानदेय मिलता है, उसे बढ़ाया जाएगा। मालूम हो कि अभी यह राशि चार सौ रुपए है जिसे बढ़ाकर 700 रुपए किया जा रहा। इसके अतिरिक्त, इन वालंटियर्स को अलग से पोशाक भी मिलेगी। 18 वर्ष से अधिक के युवा खुद को सिविल डिफेंस वालंटियर के रूप में निबंधित करने के लिए अपने जिले के डीएम कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। सिविल डिफेंस वालंटियर का काम जिला प्रशासन को सहयोग करना है। मॉक ड्रील के मौके पर इनका सहयोग लिया जाएगा। आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव ने बताया कि युद्ध की पृष्ठभूमि से सभी पुलिस नियंत्रण कक्ष में कंट्रोल रूम संचालित किए जाने का फैसला लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने यह जानकारी दी कि केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश पर स्वास्थ्य सेक्टर में भी इमरजेंसी को केंद्र में रख तैयारी की गयी है। शुक्रवार को इस संबंध में सभी मेडिकल कालेज, एम्स, आईजीआईएमएस के निदेशकों के साथ बैठक हुई। सभी जिलों के सिविल सर्जन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश दिए गए हैं।

# जैसलमेर-बाड़मेर समेत पांच जिलों में हाई अलर्ट

- रात में ब्लैकआउट, धार्मिक और वैवाहिक कार्यक्रम में लाइट और डीजे पर प्रतिबंध
- जोगियों की बस्ती में एक जिंदा बम बरामद

एजेंसी

जयपुर। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, बीकानेर और फलोदी जिलों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सुरक्षा कारणों से इन क्षेत्रों में रात के समय ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है और कई अहम पाबंदियां भी लगाई गई हैं। जैसलमेर और बाड़मेर में शाम पांच बजे बाजार बंद कर दिए गए। इसके बाद शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक पूरी तरह ब्लैकआउट रहेगा। सभी घरों और दुकानों की बाहरी लाइटें बंद रखने और बिजली मीटर की लाइट को भी ढंकने के निर्देश हैं। पोकरण और रामदेवरा में भी दुकानों को समय से पहले बंद कर दिया गया है। बाबा रामदेव मंदिर अब शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक बंद रहेगा। श्रीगंगानगर, बीकानेर और फलोदी में शाम सात बजे से सुबह छह बजे तक ब्लैकआउट रहेगा। श्रीगंगानगर में डीजे, तेज साउंड सिस्टम और लाइटिंग पर रोक लगा दी गई है, जो दो महीनों तक प्रभावी रहेगी। धार्मिक और वैवाहिक आयोजनों में भी लाइट और डीजे के इस्तेमाल पर प्रतिबंध रहेगा। बीकानेर में बच्चों के हॉस्टल खाली करवाए गए हैं और प्रशासन ने लोगों से रात में घरों में रहने की अपील की है।

जैसलमेर के किशनघाट इलाके की जोगियों की बस्ती में शुक्रवार को एक जिंदा बम मिला। इसके बाद सेना और पुलिस ने इलाके को खाली कराकर बम को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर निष्क्रिय किया। कई जिलों के कलेक्टरों ने ड्रोन उड़ाने, आतिशबाजी और पटाखों पर रोक लगा दी है। जिनके पास ड्रोन हैं, उन्हें तुरंत थाने में जमा कराने के आदेश दिए गए हैं।

### संघ ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना, केंद्र का किया अभिनंदन



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों और उनके ढांचे को नेस्तनाबूद करने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेनाओं और केन्द्र सरकार का अभिनंदन किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ मोहन भागवत और सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने शुक्रवार को पहलगाम की कायरतापूर्ण आतंकवादी घटना के पश्चात पाक प्रायोजित आतंकवादियों एवं उनके समर्थक पारितंत्र पर की जा रही निर्णायक कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सैन्यबलों का हार्दिक अभिनंदन।'

# 24 एयरपोर्ट 15 तक बंद

### यात्रियों को मिलेगा पूरा रिफंड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान की नापाक हरकतों और सुरक्षा के मद्देनजर देश के 24 एयरपोर्ट को 15 मई तक बंद करने का फैसला किया गया है। इसमें श्रीनगर और चंडीगढ़ एयरपोर्ट भी शामिल हैं। देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में स्थित इन एयरपोर्ट से नागरिक उड़ानें नहीं होंगी। इसके पहले इन एयरपोर्ट को 10 मई तक बंद रखने का फैसला किया गया था। एयरलाइंस ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा कि 15 मई तक एयरपोर्ट के अस्थायी क्लोजर के कारण उड़ानें रद रहेंगी। सूत्रों के मुताबिक, 15 मई की सुबह 5:29 बजे तक 24 एयरपोर्ट पर विमानों का संचालन बंद रखा जाएगा। इन 24 एयरपोर्ट में चंडीगढ़, श्रीनगर, अमृतसर, लुधियाना, भुंतर, किशनगढ़, पटियाला, शिमला, धमार्शाला, भटिंडा, जैसलमेर, जोधपुर, लेह, बीकानेर, पठानकोट, जम्मू, जामनगर और भुज शामिल हैं। एयर इंडिया ने कहा कि भारत में कई हवाई अड्डों के बंद रहने के बारे में विमानन अधिकारियों की अधिसूचना के बाद जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, चंडीगढ़, भुज, जामनगर और राजकोट जैसे एयरपोर्ट से आने-जाने वाली एयर इंडिया की उड़ानें 15 मई को भारतीय समयानुसार 0529 बजे तक रद की जा रही हैं। इस अवधि के दौरान यात्रा के लिए वैध टिकट रखने वाले ग्राहकों को रिशेड्यूलिंग चार्ज पर एक बार की छूट या कैंसिललेशन के लिए फुल रिफंड की पेशकश की जाएगी।

# भारत-पाक के बीच तनाव से सहमा शेयर बाजार

### सेंसेक्स 880 और निफ्टी 266 अंक लुढ़का

एजेंसी

**मुंबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ रहे तनाव से डरे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 880.34 अंक अर्थात 1.10 प्रतिशत का का गोता लगाकर आठ कारोबारी सत्र के बाद 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79,454.47 अंक पर आ गया। इससे पहले यह 25 मई को 79,212.53 अंक पर रहा था। निफ्टी 265.80 अंक यानी 1.10 प्रतिशत टूटकर 24008.00 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.10 प्रतिशत फिसलकर 42,111.50 अंक और स्मॉलकैप 0.30 प्रतिशत उतरकर 46,741.95 अंक पर आ गया। बीएसई में कुल 4010 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2522 में गिरावट जबकि 1343 में तेजी रही वहीं 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 2887 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें से 1738 में बिकवाली जबकि 1065 में लिवाली हुई वहीं 84 के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 17 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.10, सीडी 0.29, ऊर्जा 0.74, एफएमसीजी 0.65, वित्तीय सेवाएं 1.40, हेल्थकेयर 0.16, आईटी 0.32, दूरसंचार 0.46, यूटिलिटीज 1.50, ऑटो 0.19, बैंकिंग 1.04, तेल एवं गैस 0.46, पावर 1.11, रियल्टी 2.08, टेक 0.46, सर्विसेज 0.63 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.24 प्रतिशत टूट गए। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 1366 अंक की भारी गिरावट लेकर 78,968.34 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 80,032.93 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह दोपहर बाद 78,968.34 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,334.81 अंक के मुकाबले 1.10 प्रतिशत का गोता लगाकर 79,454.47 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 338 अंक की गिरावट लेकर 23,935.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,164.25 अंक के उच्चतम जबकि 23,935.75 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,273.80 अंक की तुलना में 1.10 प्रतिशत टूटकर 24,008.00 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक 3.16, पावरग्रिड 2.70, अल्ट्रासिम्को 2.15, बजाज फाइनेंस 2.02, रिलायंस 1.93, एचडीएफसी बैंक 1.93, बजाज फिनसर्व 1.77, अडानी पोर्ट्स 1.73, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.59, एनओपीसी 1.52, आईटीसी 1.50, एक्सिस बैंक 1.44, सन फार्मा 1.23, भारती एयरटेल 1.21, इटरनल 1.09, मारुति 1.00, इंडसइंड बैंक 0.95, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.90, नेस्ले इंडिया 0.74, टेक महिंद्रा 0.64, टाटा स्टील 0.63, एचसीएल टेक 0.63, इंफोसिस 0.25, टीसीएस 0.15 और कोटक बैंक 0.11 प्रतिशत शामिल रही।



वहीं, मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में टाइटन 4.38, टाटा मोटर्स 3.90, एलटी 3.77, एसबीआई 1.39 और एशियन पेंट 0.02 प्रतिशत है।

## स्पीड न्यूज

### छत्तीसगढ़ में 16 लाख के इनामी नक्सली दंपति ने किया सरेंडर

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में शुक्रवार को कई जिलों में सक्रिय 16 लाख के इनामी नक्सली दंपति ने एसपी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। नक्सली दंपति संगठन के कंपनी नबंर 5 पीपीसी कैडर के नक्सली 8 लाख के इनामी रैसिंग कुमेटी उर्फ रतनसिंग कुमेटी (35 वर्ष) और 8 लाख की इनामी पुनाय आचला उर्फ हिरोया (34 वर्ष) निवासी ग्राम आलप्रस, थाना कोयलीबेड़ा, जिला कांकेर हैं। इस इनामी नक्सली दंपति को प्रोत्साहन राशि 50-50 हजार रुपए प्रदान किया गया।

### देश में खाद्यान्न की कोई कमी नहीं: केंद्र

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर शुक्रवार को मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। शिवराज ने कहा कि देश में गेहूं, चावल व अन्य अनाज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बंपर उत्पादन हुआ है। किसानों से खरीद भी जारी है।

### नक्सलियों ने छह महीने तक युद्धविराम की घोषणा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना में नक्सल संगठन के तेलंगाना कैडर के प्रवक्ता ने पर्चा जारी कर छह महीने तक युद्धविराम की घोषणा की है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री ने भी नक्सलियों से वार्ता को शांति समिति का गठन करने की बात कही है। नक्सली प्रवक्ता जगन ने पर्चा जारी कर छह महीने तक युद्धविराम की घोषणा कर दी है। नक्सलियों द्वारा तेलगु भाषा में जारी पर्चे में लिखा है कि तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी, पूर्व सीएम चंद्रशेखर राव और कविता ने भी शांति वार्ता के लिए पहल करने और इसके लिए समिति का गठन करने के लिए नक्सलियों ने इसे गर्व की बात कहा है।

### पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन में बिहार अव्वल

पटना। बिहार ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना में पहला स्थान हासिल किया है। योजना बिहार के लोगों को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में लाभ पहुंचाने में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है। इस योजना को अमलीजामा पहनाने में बिहार ने एक बार फिर परचम लहराया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना के सफल क्रियान्वयन और अधिक से अधिक संख्या में इससे लोगों को जोड़कर लाभ दिलाने में बिहार ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। अब तक 10 हजार 296 आवेदकों को लोन देने की मंजूरी दी जा चुकी है। इसमें 6, 589 इकाइयों को लोन भी जारी की जा चुकी है। यह कुल वितरण का 63 फीसदी है।

### बांग्लादेश में 200 साल पुराना बरगद का पेड़ कटा

ढाका। बांग्लादेश में चरमपंथियों ने मदारीपुर में कुमार नदी के तट पर 200 वर्ष पुराने बरगद के पेड़ को काट डाला है जिसके नीचे स्थानीय लोग मिट्टी के दीये जलाने और प्रार्थना कर रहे थे। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस पेड़ में रहस्यमय शक्तियां' हैं, जिसके कारण लोग इसके नीचे मोमबत्तियां जलाते हैं और मन्नतें मांगते हैं। इस प्रथा को गैर-इस्लामी मानते हुए चरमपंथियों ने पेड़ को काटा।

### श्रीलंका में हेलीकॉप्टर क्रैश, 6 सैनिकों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका में शुक्रवार को एक सैन्य हेलीकॉप्टर के जलाशय में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से सशस्त्र बलों के छह कर्मियों की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वायुसेना का बेल 212 हेलीकॉप्टर उत्तर मध्य क्षेत्र मदुरु ओया में जलाशय में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर सेना के विशेष बल ब्रिगेड की पासिंग आउट परेड के लिए जा रहा था। मृतकों में वायु सेना के दो और विशेष बल के चार सैनिक शामिल हैं। वायु सेना ने कहा कि दुर्घटना की जांच के लिए नौ सदस्यीय समिति गठित की।

